4 रायपुर संभाग
अंबेडकर पर टिप्पणी किए जाने के विरोध में कांग्रेसियों ने अमित..

6 अभिमत
भारत-श्रीलंका संबंध सामयिक आश्वासन

09 शिक्षा एवं स्वास्थ्य
सुकमा जिले के चिंतागुफा स्वास्थ्य केंद्र ने राष्ट्रीय स्तर पर रचा इतिहास

10 छत्तीसगढ़
ठिठुरती ठंड में भी पहरेदारी कर रहे है पथर्रा के ग्रामीण प्लांट...

रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, शुक्रवार 20 दिसम्बर 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-119 मूल्य 3.00 ₹

छत्तीसगढ़ के विकास की दिशा में ऐतिहासिक कदम : मुख्यमंत्री साय

रायपुर-अंबिकापुर-बिलासपुर हवाई सेवा का शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से छत्तीसगढ़ विधानसभा स्थित उनके कक्ष में पद्मश्री अनुराधा पौडवाल ने सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री साय ने छत्तीसगढ़ आगमन पर शॉल और बेल मेटल की नन्दी भेंट कर उनका स्वागत और अभिनंदन किया।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रायपुर-अंबिकापुर-बिलासपुर हवाई सेवा का स्वामी विवेकानंद विमानतल पर शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस अवसर पर कहा कि छत्तीसगढ़ के विकास की दिशा में एक और ऐतिहासिक कदम उठाया गया है। रायपुर-अंबिकापुर-बिलासपुर विमान सेवा का शुभारंभ हमारे क्षेत्रीय कनेक्टिविटी के विस्तार का प्रतीक है। इस सेवा का आरंभिक किराया मात्र 999 रुपये है, जो यह सुनिश्चित करता है कि आम जनता भी हवाई यात्रा का लाभ उठा सके। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश में जो परिवर्तन आया है, उसका यह एक बड़ा उदाहरण है। उन्होंने कहा था कि हवाई चप्पल पहनने वाला भी हवाई जहाज की सवारी करेगा और वह सपना साकार हो रहा है। सरगुजा और बस्तर जैसे दूरस्थ क्षेत्रों की एयर कनेक्टिविटी से न केवल नागरिकों को सुविधाएं मिलेंगी, बल्कि इन क्षेत्रों में टूरिज्म और आर्थिक गतिविधियों में भी वृद्धि होगी। राज्य सरकार ने 80 करोड़ की लागत से अंबिकापुर के एयरपोर्ट का विकास किया है।

माँ महामाया एयरपोर्ट, अंबिकापुर को श्री सी वीएफआर श्रेणी का लाइसेंस प्राप्त हुआ है। यह एयरपोर्ट 72-सीटर एटीआर-72 विमानों के संचालन के लिए उपयुक्त है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि अंबिकापुर को वाराणसी, प्रयागराज, लखनऊ, दिल्ली और कोलकाता से जोड़ने की योजना पर भी काम जारी है। हमारे छत्तीसगढ़ में प्राकृतिक सुंदरता, ऐतिहासिक धरोहरें, और इको-टूरिज्म की अपार संभावनाएं हैं। गुरु घासीदास टाइगर रिजर्व, रामगढ़ की पहाड़ियां और एशिया का नियाग्रा कहे जाने वाले चित्रकोट जलप्रपात जैसे स्थलों तक अब देश-विदेश के पर्यटकों की पहुंच आसान होगी। इसके साथ ही, एयर कनेक्टिविटी के विस्तार से निवेश का माहौल भी बेहतर होगा। हमारी सरकार ने नई उद्योग नीति में होम स्टे और रिसॉर्ट्स जैसे उद्यमों को विशेष प्रोत्साहन दिया है, जिससे स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के बड़े अवसर पैदा हो रहे हैं।

विचक न्यूज

संसद में भाजपाई सांसदों ने संसद की मर्यादा को तोड़ा : बैज

रायपुर। संसद में भाजपाई सांसदों ने संसद की मर्यादा को तोड़ा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि देश के संसदीय इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ कि सत्तारूढ़ दल के सांसदों ने सोची समझी साजिश के तहत विपक्ष के सांसदों को सदन में प्रवेश से रोका गया। विपक्षी सांसदों के साथ सत्तारूढ़ दल के सांसदों ने धक्का-मुक्की किया। कांग्रेस के 81 वर्षीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को धक्का मार कर जमीन पर गिरा दिया गया। नेता प्रतिपक्ष के साथ धक्का मुक्की किया गया। कांग्रेस की महिला सांसदों से अभद्रता किया गया। प्रियंका गांधी सहित महिला सांसदों से भाजपाई सांसदों ने धक्का मुक्की किया। भाजपाई सांसदों का आचरण अकल्पनीय तथा भारत के संसदीय इतिहास पर काला धब्बा है।

बीजापुर में एनआईए ने दी दबिश

बीजापुर। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में एनआईए ने बड़ी कार्रवाई की है। एनआईए की टीम ने मूलवासी बचाओ मंच के नेता समेत चार अलग-अलग इलाक़ों में दबिश दी है। इस दौरान एनआईए की टीम को घर पर न तो आशू मड़कामी मिला और न ही कोई सामान मिला है। वहीं इसके पहले पालनार इलाके में दबिश देकर एनआईए ने गिरफ्तारी कर नक्सल सामग्री बरामद किया था। दरअसल, एनआईए की टीम गुरुवार सुबह 5 बजे से भैरमगढ़, आवापल्ली और तररेम समेत चार अलग- अलग इलाको में छापे मारी कर रही है। टीम ने मूलवासी बचाओ मंच के नेता समेत चार अलग- अलग इलाक़ों में दबिश दी है। हाल में सरकार ने छत्तीसगढ़ में मूलवासी बचाओ मंच पर प्रतिबंध लगाया है। भैरमगढ़ में बेचापाल मूलवासी बचाओ मंच के अध्यक्ष आशू मड़कामी के घर पर एनआईए ने छापा मारा है।

केन्द्रीय जेल रायपुर में स्वच्छता संगोष्ठी एवं जेल परिसर के सफाई अभियान के लिए श्रमदान

रायपुर। केन्द्रीय जेल रायपुर में राज्य सरकार के गठन के 1 वर्ष पूर्ण होने पर राज्य शासन द्वारा जनसामान्य को लाभान्वित करने के उद्देश्य से विभिन्न जनहितकारी योजनाओं एवं गतिविधियों का क्रियान्वयन किया गया है। इसके अन्तर्गत जेल विभाग को जेल साफ-सफाई हेतु संगोष्ठी तथा जेल के आंतरिक एवं बाह्य परिसर के साफ-सफाई हेतु श्रमदान का आयोजन किये जाने का लक्ष्य दिया गया। साथ ही स्वच्छ भारत अभियान के अन्तर्गत केन्द्रीय जेल रायपुर को राज्य की क्लीन जेल-रायपुर जेल बनाये जाने की कार्ययोजना बनाई गई है। कार्ययोजना के तहत् जेल में स्वच्छता हेतु जेल, जिला प्रशासन एवं नगर निगम रायपुर के सहयोग से स्वच्छता अभियान चलाया जायेगा। राज्य सरकार के गठन के 1 वर्ष पूर्ण होने पर प्रस्तावित कार्यक्रम के अन्तर्गत बंदियों के मध्य संगोष्ठी का आयोजन जेल सभा भवन में किया गया।

नगर पालिका संशोधन विधेयक पारित

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ विधानसभा में नगर पालिका संशोधन विधेयक पारित कर दिया गया है। इस विधेयक के पारित होने के बाद अब माना जा रहा है कि राज्य में पंचायत तथा निकाय चुनाव एक साथ कराए जा सकते हैं। अब नगरीय निकायों में कार्यकाल पूरा होने पर 6 माह तक प्रशासक नियुक्त हो सकेंगे । इसके साथ ही महापौर और नगरपालिका एवं नगर पंचायत अध्यक्ष चुनाव प्रत्यक्ष रूप से होंगे। निकाय और पंचायत चुनाव में ओबीसी आरक्षण अधिकतम 50 प्रतिशत का नियम लागू। विपक्ष की गैरमौजूदगी में ध्वनिमत से पारित हुआ संशोधन विधेयक। विपक्षी सदस्यों ने इस संशोधन विधेयक को संविधान के खिलाफ बताकर बहिर्गमन कर दिया और गांधी प्रतिमा के पास प्रदर्शन करते रहे। इसी बीच चर्चा के बाद विधेयक पारित कर दिया गया।

वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए द्वितीय अनुपूरक बजट पारित कर दिया गया। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने 805.71 करोड़ रुपए का अनुपूरक बजट पेश किया था, जिसे सदन ने ध्वनिमत से पारित कर दिया।

नक्सली मुद्दे पर सदन में हंगामा



नक्सली मुद्दे पर गहमागहमी रही। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने प्रश्न उठाया, जिसका जवाब देते हुए गृहमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि जुलाई से नवंबर 2024 के बीच बस्तर में 142 नक्सली घटनाएं हुई हैं शेष पृष्ठ 12 पर

मुठभेड़ में हिजबुल कमांडर समेत पांच आतंकवादी ढेर

वार्ता ➤ श्रीनगर
www.dailypioneer.com

जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में हिजबुल मुजाहिदीन के वरिष्ठ कमांडर समेत पांच आतंकवादी मारे गये। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया सूचना के आधार पर सुरक्षा बलों और पुलिस ने कुलगाम के कादर इलाके में गुरुवार सुबह संयुक्त अभियान छेड़ा। इसी दौरान आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में सुरक्षा बलों ने भी गोलियां चलायी। दोनों पक्षों के बीच करीब दो घंटे तक चली मुठभेड़ में पांच आतंकवादी मारे गये। गोलीबारी में दो सैनिक घायल हुए हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि मारे गये आतंकवादियों में हिजबुल कमांडर फारूक अहमद भट उर्फ फारूक नाली शामिल है जो कुलगाम के देसचेन येमरिच का निवासी था। पुलिस महानिरीक्षक (कश्मीर सर्किल) वी.के. बिरधी ने नाली के मारे जाने की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि 40 वर्षीय फारूक नाली 2015 से आतंकवादी गतिविधियों में सक्रिय था और कई हमलों में उसका हाथ था।

नहीं थम रहा वन्य जीवों की मौत का सिलसिला, एक और हाथी का शव बरामद

पायनियर संवाददाता ➤ बलरामपुर
www.dailypioneer.com

बलरामपुर जिले के रामानुजगंज वन परिक्षेत्र में एक नर हाथी जंगल में मृत अवस्था में पाया गया है। छतवा हरीहरपुर रोड के पास जंगल में हाथी का शव की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और हाथी की मौत के कारणों का पता लगाने की कोशिश में जुट गई है। डीएफओ सहित बड़ी संख्या में वन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी घटना स्थल पर मौजूद रहे और मामले की जांच की जा रही है। ज्ञात हो कि राज्य में लगातार वन्य जीवों की मौत हो रही है। बीते एक साल में 314 वन्य प्राणियों की विभिन्न कारणों से मौत हो चुकी है। वन्य प्राणियों की मौत का मामला विधानसभा में भी गूंज चुका है। शीतकालीन सत्र में ही नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास मंहत ने इस पर सवाल खड़ा किया है।

राहुल गांधी के खिलाफ थाने में अनुराग ठाकुर, बांसुरी स्वराज, हेमांग जोशी ने लिखाई रपट

पायनियर संवाददाता ➤ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

लोकसभा सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने कांग्रेस पार्टी के नेता राहुल गांधी द्वारा भाजपा सांसदों को धक्का मार कर घायल करने की घटना पर पार्टी के सांसदों बांसुरी स्वराज एवं हेमांग जोशी के साथ संसद मार्ग थाने में जाकर राहुल गांधी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 109, 115, 117, 125, 131 और 351 के तहत शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत दर्ज कराने के बाद ठाकुर ने संवाददाताओं से कहा कि कांग्रेस पार्टी और इनके नेताओं द्वारा आज संसद में बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण घटना को अंजाम दिया गया। कांग्रेस और राहुल गांधी को क़ानून के उल्लंघन की आदत है। अहंकारी राहुल गांधी खुद को क़ानून से ऊपर समझते हैं। आज हमने राहुल गांधी के खिलाफ मारपीट और उकसावे की शिकायत दर्ज कराई है जहां हमने संसद भवन के मकर द्वार के बाहर आज हुई घटना का विस्तार से उल्लेख किया है, जहां राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सांसद शांतिपूर्ण तरीके से विरोध प्रदर्शन कर रहे थे और राहुल गांधी ने उन्हें धक्का देकर घायल कर दिया, जिसके चलते भाजपा के दो सांसद अस्पताल में भर्ती हैं। अनुराग ठाकुर ने कहा, हमने राहुल गांधी के खिलाफ धारा 109, 115, 117, 125, 131 और 351 के तहत शिकायत दी है। इनको कानून के उल्लंघन की आदत है। हत्या के कोशिश की धाराओं में शिकायत दी है। बीएनएस की धारा 109 के तहत शिकायत दी गई है। घटना के बाद भी राहुल गांधी का आहंकार नहीं टूटा और वो बिना सांसदों से मिले निकल गए। राहुल गांधी अपने आप को कानून से ऊपर समझते है। उन्होंने कहा कांग्रेस खिसियानी बिल्ली खंभा नोचने वाली मानसिकता में है। राहुल गांधी का यह व्यवहार न केवल गैर-जिम्मेदाराना है। बल्कि संसदीय गरिमा और कानून-व्यवस्था को चुनौती देने वाला भी है। ये वही राहुल गांधी हैं जो अपनी ही सरकार में अपनी ही सरकार के अध्यादेश को फाड़ देते हैं। ये वही कांग्रेस है जिसने बाबा साहब आंबेडकर का बार-बार अपमान किया। कांग्रेस और बाकी साथी दल हर दिन प्रदर्शन करते हैं। आज भाजपा के सांसद प्रदर्शन करने पहुंचे तो राहुल गांधी और उनके सांसद जबरदस्ती वहां घुसकर शारीरिक प्रदर्शन करने लगे। अनुराग ठाकुर ने कहा, हम शांतिपूर्ण तरीके से कांग्रेस के झूठ को बेनकाब कर रहे थे। इसी दौरान राहुल गांधी इंडी गठबंधन के सांसदों के साथ उस ओर कूच करते हैं, जब सुरक्षाकर्मी उनको कहते हैं, उस पर राहुल गांधी ने गुस्सा प्रकट किया। राजग के सांसदों के बीच में दलबल के साथ वो कूच कर गए, उन्होंने अपने साथियों को भी उकसाया। वो दुर्भावना पूर्ण रवैये के साथ आगे बढ़े। उन्हें पता था, चोट लग सकती है। मुकेश राजपूत उस धक्के में सिर के बल गिरे, चंद्र सारंगी जी का फट गया है। शारीरिक हमला और उकसाने का काम राहुल गांधी ने किया है। राहुल गांधी ने जो रास्ता तय किया, उस पर नहीं गए। दलबल का प्रयोग किया, अपने साथियों को उकसाया, जिससे दो सांसदों को गंभीर चोटें लगी हैं।

रायपुर नगर निगम में 70 वार्डों की आरक्षण प्रक्रिया संपन्न

एजाज ढेबर का वार्ड महिला वर्ग के लिए आरक्षित

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

रायपुर नगर निगम के वार्डों का आरक्षण लॉटरी के माध्यम से किया गया। निगम के कुल 70 वार्डों में से 23 वार्ड पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित किया गया है। वहीं अनारक्षित वार्डों में 11 महिला वर्ग के लिए आरक्षित किया गया है। इसके साथ ही महापौर एजाज ढेबर का वार्ड महिला वर्ग के लिए आरक्षित हो गया है। जिन 23 वार्डों को पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित किया गया है उनमें संत रविदास वार्ड, राजेंद्र प्रसाद वार्ड, विपिन बिहारी वार्ड, बाल्मिकी वार्ड, खूबचंद बघेल वार्ड, दीनदयाल उपाध्याय वार्ड, ब्राम्हण पारा वार्ड, चूड़ामणि वार्ड, चंद्रशेखर वार्ड, कन्हैया लाल बंजारी वार्ड, ठक्कर बापा वार्ड, राम मंदिर वार्ड, मदर टेरेसा वार्ड, कामरेट सुधीर मुखर्जी वार्ड, महात्मा गांधी वार्ड, महामाया मंदिर वार्ड, सुभाष चंद बोस वार्ड, माधवराव सप्रे वार्ड, रामदास वार्ड, इंदिरा गांधी वार्ड, बाल गंगाधर वार्ड, तात्यापारा वार्ड, इनमें से महिर्ष बाल्मिकी, महात्मा गांधी, खूबचंद बघेल, महामाया मंदिर, तात्यापारा, सुधीर मुखर्जी, ठक्कर बापा और सुभाष चंद बोस वार्ड पिछड़ा वर्ग महिला के लिए आरक्षित हुए हैं। सामान्य महिला वर्ग के लिए 35 में से 11 वार्ड आरक्षित हुए हैं। इसमें मौलाना अब्दुल रऊफ वार्ड, कालीमाता वार्ड, लाल बहादुर शास्त्री वार्ड, मोरेश्वर राव गदरे वार्ड, ठाकुर प्यारेलाल वार्ड, बंजारी माता वार्ड, भक्त माता कर्मा वार्ड, शहीद पंकज विक्रम वार्ड, शहीद भगत सिंह वार्ड, रानी दुर्गावती वार्ड और सरदार वल्लभ भाई पटेल वार्ड के नाम शामिल हैं।

नगरीय निकायों में कर्मचारियों और सफाई कर्मियों की हड़ताल समाप्त, काम पर लौटे कर्मचारी

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

उप मुख्यमंत्री अरुण साव से मुलाकात के बाद विभिन्न नगरीय निकायों में कार्यरत कर्मचारी, स्वच्छता दीदियां एवं कमांडोज तथा प्लेसमेंट कर्मचारी अपनी अनिश्चितकालीन हड़ताल निःशर्त समाप्त कर काम पर लौट आए हैं। साव के रायपुर स्थित शासकीय निवास कार्यालय में 18 दिसम्बर को हुई मुलाकात के बाद दोनों संघों द्वारा तत्काल हड़ताल समाप्ति की घोषणा के उपरांत गुरुवार से सभी काम कर लौट आए हैं।

युवा कांग्रेस ने किया अमित शाह के खिलाफ प्रदर्शन

नई दिल्ली। युवा कांग्रेस ने बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर के खिलाफ गृह मंत्री अमित शाह के बयान के विरोध में प्रदर्शन किया और कहा कि शाह अपने बयान के लिए माफी मांगें वरना संगठन के कार्यकर्ता अब सड़कों पर उतर कर देशव्यापी प्रदर्शन करेंगे। युवा कांग्रेस के प्रवक्ता वरुण पांडे के अनुसार संगठन के कार्यकर्ता प्रदर्शन के लिए युवा कांग्रेस के कार्यालय के बाहर एकत्रित हुए और उन्होंने वहां विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया, लेकिन पुलिस ने कडी बैरिकेडिंग कर सभी कार्यकर्ताओं को आगे नहीं बढ़ने दिया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए युवा कांग्रेस के अध्यक्ष उदय भानु चिब ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की नियत बाबा साहब अम्बेडकर और संविधान विरोधी है। शाह ने बाबा साहब का अपमान किया है और ये सब पूरी दुनिया ने देखा है। बाबा साहब का अपमान देश सहन नहीं कर सकता इसलिए युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता शाह के बयान के विरोध में प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा, सदन में बाबा साहब का अपमान करने के लिए शाह देश से माफ़ी मांगे। लोकतंत्र के मंदिर में भाजपा तानाशाही कर रही है।

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा भाजपा सरकार की कोशिश असली मुद्दों से ध्यान भटकाने की है

खरगे और राहुल का आरोप, संसद परिसर में हुआ उन पर हमला

पायनियर संवाददाता ➤ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि सत्ता पक्ष के सदस्यों ने संसद भवन परिसर में गृहमंत्री अमित शाह के बयान के खिलाफ शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे विपक्षी सदस्यों पर हमला किया और यह सरकार का जनता के मुद्दों से ध्यान भटकाने का प्रयास है। खरगे तथा गांधी ने पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पार्टी के सदस्य संसद में 14 दिन से विरोध प्रदर्शन कर प्रयास कर रहे हैं कि सदन चले और देश को लूटने वाले उद्योगपति अडानी के भ्रष्टाचार पर सदन में चर्चा हो लेकिन भाजपा ने इस मुद्दे से ध्यान भटकाने का बराबर प्रयास किया है और कांग्रेस नेताओं के साथ संसद परिसर में धक्का मुक्की की गई। उन्होंने कहा कि गृहमंत्री अमित शाह ने राज्यसभा में संविधान पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि 'जितना आप लोग अम्बेडकर अम्बेडकर करते हैं उतना भगवान का नाम लेते तो सात जन्मों के लिए स्वर्ग मिलता।' उनका कहना था कि आज के युग में इस तरह की सोच निंदनीय है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि अम्बेडकर को इस तरह से अपमानित करने वाले मंत्री को बर्खास्त करना चाहिए था लेकिन हम जानते हैं कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ऐसा करने वाले नहीं है इसलिए कांग्रेस ने इस मुद्दे को उठाया और कहा कि अमित शाह ने जो कुछ सदन में कहा है उसके लिए वह माफी मांगे। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा भाजपा सरकार की कोशिश असली मुद्दों से ध्यान भटकाने की है। विपक्षी दलों के सांसद शांतिपूर्ण तरीके से संसद भवन परिसर में प्रदर्शन कर रहे थे लेकिन उनके सांसदों ने हमें अचानक मकर द्वार पर रोका और वहां धक्का मुक्की शुरु कर दी। विपक्ष की महिला सांसदों को भी रोका गया और हम पर हमला किया गया। खुद मुझे धक्का दिया गया और मैं अपना संतुलन नहीं संभाल सका और गिर गया लेकिन अब हम पर इल्जाम लगाया जा रहा है कि हमने धक्का दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोगों ने जो माहौल संसद भवन परिसर में बनाया उसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता और इसके खिलाफ कांग्रेस देशव्यापी आंदोलन शुरु करेगी। भाजपा सांसदों पर उन्होंने शांति भंग करने का आरोप लगाया और कहा कि गृहमंत्री का वह आरोप गलत है जिसमें वह कहते हैं कि कांग्रेस ने उनकी बात को तोड़मरोड़ कर पेश किया है। उनका कहना था कि कांग्रेस जनता के मुद्दों को उठा रहे हैं और भाजपा के लोग हम पर वह आरोप लगा रहे हैं जो हमने किया ही नहीं है। गांधी ने कहा कि संसद का शीतकालीन सत्र शुरु होने से पहले अमेरिका में अडानी का मामला आया और कांग्रेस उसे संसद में उठाना चाहती थी लेकिन पूरे सत्र में भाजपा की पूरी कोशिश रही कि यह मामला संसद में नहीं उठे।

मोदी की चार्ल्स तृतीय से फोन पर बातचीत, दोनों भारत-ब्रिटेन संबंध और मजबूत करने को प्रतिबद्ध

वार्ता ➤ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ब्रिटेन नरेश चार्ल्स तृतीय से फोन पर बातचीत की और इस दौरान दोनों नेताओं ने दोनों देशों के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई। प्रधानमंत्री कार्यालय ने इस बातचीत के बारे में एक बयान में कहा, दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक संबंधों को याद करते हुये, दोनों (मोदी और ब्रिटेन के महामहिम राज चार्ल्स तृतीय ने) भारत और ब्रिटेन के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई। विज्ञप्ति में कहा गया है कि पीएम मोदी और महामहिम चार्ल्स तृतीय ने राष्ट्रमंडल देशों और समोआ में हाल ही में सम्पन्न राष्ट्रमंडल शासनाध्यक्षों की बैठक पर विचारों का आदान -प्रदान किया। दोनों के बीच जलवायु परिवर्तन और स्वस्थ विकास के विषय सहित आपसी हित के कई विषयों पर भी चर्चा हुई। विज्ञप्ति में कहा गया है कि उपरोक्त विषयों पर ब्रिटेन नरेश के निरंतर आग्रह और पहलों के लिये मोदी उनकी सराहना की और इन क्षेत्रों में भारत द्वारा की गयी पहलों की जानकारी दी। दोनों ने आगामी क्रिसमस और नववर्ष की शुभकामनाओं का आदान-प्रदान भी किया और मोदी ने ब्रिटेन के राजा को उनके अच्छे स्वास्थ्य एवं उनकी खुशहाली के लिये शुभकामनायें दीं।

राहुल का आचरण असभ्य, गैर भारतीय, देश माफ नहीं करेगा : शिवराज

पायनियर संवाददाता ➤ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कांग्रेस और उसके नेता राहुल गांधी पर अशालीन, अशिष्ट और गुंडागर्दी भरे 'गैर भारतीय' आचरण के साथ लोकतंत्र और संविधान को कुचलने का आरोप लगाया और कहा कि पश्चाताप करने पर भी देश उन्हें माफ नहीं करेगा। भाजपा के केंद्रीय कार्यालय में भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, पीयूष गोयल और पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने संवाददाता सम्मेलन में कांग्रेस पर करारा हमला किया। चौहान ने कहा, अभी-अभी कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे जी ने और राहुल गांधी जी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। हम सोच रहे थे कि वो संसद में उनके द्वारा किए गए कुकृत्य की क्षमा मांगेंगे। लेकिन उन्होंने क्षमा नहीं मांगी। मुझे तो समझ ही नहीं आया कि उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस क्यों की।

उस प्रेस कॉन्फ्रेंस में भी उनका अहंकार झलक रहा था। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री ने कहा, मेरा मन

भारी है, व्यथित है, पीड़ा से भरा हुआ है। मैं एक दर्जन बार लोकसभा और विधानसभा का सदस्य रहा हूं। मैंने सांसदों और विधायकों के व्यवहार और आचरण को देखा है। लेकिन जो संसद में हुआ उसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती है। अशालीन, अशोभनीय और गुंडागर्दी से भरा व्यवहार किया गया। जिसकी सभ्य समाज कल्पना भी नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि सांसदों को ये अधिकार है कि वो किसी बात पर विरोध प्रकट करें। कांग्रेस भी कई दिनों से विरोध प्रकट कर रही थी, मकर द्वार पर उनके सांसद एकत्र होते थे। तब हम लोगों को जाना होता था, तो हम द्वार बदल लेते थे या पास में जो जगह होती थी उसमें से चुपचाप निकलकर अंदर चले जाते थे। लेकिन जब भाजपा के सांसद मकर द्वार पर विरोध प्रकट कर रहे थे, तब राहुल गांधी आए। सुरक्षाकर्मियों ने उनसे कहा कि बगल में जो जगह है आप जाने के लिए उसका उपयोग करें। लेकिन जानबूझकर, सोच समझकर राहुल गांधी हमारे सांसदों के बीच पहुंच गए और न केवल बीच में पहुंचे बल्कि धक्कामुक्की और गुंडागर्दी की। हमारे बुजुर्ग, गरीब, शालीन सांसद प्रताप सारंगी जी गिर गए और गिरने के कारण उनके माथे पर गंभीर चोट लगी है।

वो पहले आईसीयू में भर्ती रहे और उनका इलाज अभी जारी है। चौहान ने कहा, जब मैं देखने गया तो मुकेश राजपूत उस समय तक होश में नहीं थे। उनकी एमआरआई की जा रही है।

क्या संसद में ऐसे दृश्य देखे जाएंगे, क्या तर्कों का सहारा लेने की बजाय शारीरिक ताकत का प्रयोग किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारी एक आदिवासी सांसद बहन श्रीमती कोन्याक ने जो कुछ कहा है, वो सुनकर हम व्यथा से भर गये हैं। उन्होंने सभापति को शिकायत की है कि उनके साथ अशालीन, असभ्य, अमर्यादित व्यवहार किया गया। सभापति कह रहे हैं कि वह उनके पास रोती हुई आई थी। क्या महिला आदिवासी सांसद के साथ ऐसा व्यवहार किया जाएगा, क्या उनके इतने निकट पहुंचे कि वो असहज हो जाएं। चौहान ने कहा कि मां-बहन-बेटी का सम्मान भारत की प्राथमिकता रही है। लेकिन महिला आदिवासी सांसद के साथ ऐसे व्यवहार की कोई कल्पना कर सकता है क्या? क्या हो गया है राहुल गांधी और कांग्रेस को? उन्होंने कहा कि संसद की कार्यवाही दोबारा 2 बजे शुरू होने पर जब हम लोकसभा में पहुंचे तो कांग्रेस के सांसदों ने सारी मर्यादा तोड़ दी। वे अध्यक्ष की आसंदी के ऊपर चढ़ गए। चौहान ने कहा, मैंने अपने जीवन में आजतक ऐसा नहीं देखा था। आसंदी की मर्यादा को पैरों तले रौंदा गया है, लोकतंत्र की धज्जियां उड़ाई गई हैं, संविधान को कुचला गया है, लोकतंत्र को कलंकित करने का पाप कांग्रेस और इंडी गठबंधन के लोगों ने किया है। इसके लिए देश उन्हें कभी माफ नहीं करेगा। चौहान ने कहा कि राहुल गांधी ने गैर भारतीय आचरण किया है। वह नेता प्रतिपक्ष बनने लायक व्यक्ति नहीं हैं। उन्होंने कहा कि संसद में अपेक्षा होती है कि कौन अपने तर्कों से प्रभावशाली ढंग से अपनी बात कहता है। कांग्रेस शारीरिक ताकत का सहारा ले कर क्या ये संदेश दे रही है कि संसद में पहलवान और गुंडे आएंगे। उन्होंने कहा कि जो संसद में हुआ वह न केवल निंदनीय है बल्कि शर्मनाक है। मेरा सिर शर्म से झुक गया। गांधी पश्चाताप करें तो भी दैश उन्हें माफ नहीं करेगा। चौहान ने कहा कि हमारे सांसदों ने इसकी शिकायत की है और जो भी उचित और वैधानिक कार्रवाई विधिसम्मत हो, वह की जाए। यही मांग की है। उन्होंने कहा कि हम आरोप नहीं लगा रहे हैं। हम सच्चाई बता रहे हैं। पीयूष गोयल ने कहा कि हमारे सांसदों को धक्का मार कर घायल कर दिया और जब गांधी को बताया गया कि देखिए आपने ये क्या कर दिया तो उन्होंने इतनी शिष्टता भी दिखाई कि वे माफी मांगते। उनके उपचार की चिंता करते लेकिन वह बाहें झटक कर चले गए।

एम्स भोपाल के निदेशक ने किया गोरखनाथ मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण

एजेंसी ➤ गोरखपुर
www.dailypioneer.com

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) भोपाल के निदेशक एवं एम्स गोरखपुर के कार्यवाहक निदेशक प्रो. अजय सिंह ने गुरुवार को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय, आरोग्यधाम गोरखपुर का भ्रमण एवं निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने खास तौर पर गुरु गोरक्षनाथ मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर (गोरखनाथ मेडिकल कॉलेज) की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया और उपलब्ध सुविधाओं को उत्कृष्ट बताया। प्रो. अजय सिंह ने कहा कि एम्स भोपाल और गोरखपुर इस मेडिकल कॉलेज के साथ मिलकर पूर्वांचल के मरीजों को बेहतरीन चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराएंगे। एम्स भोपाल के निदेशक महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के परिसर और कार्य संस्कृति को देखकर काफी प्रभावित हुए और मुक्त कंठ से इसकी सराहना की। उन्होंने कहा कि इस विश्वविद्यालय के साथ मिलकर काम करना नई उपलब्धियों को प्राप्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा। उन्होंने कहा कि एम्स भोपाल और गोरखपुर के द्वारा गोरखनाथ मेडिकल कॉलेज को लाइव आसीयू सेवाएं दी जाएंगी। गोरखनाथ मेडिकल कॉलेज के हॉस्पिटल में अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं को देखकर प्रो. सिंह ने खुशी जताते हुए कहा कि एम्स भोपाल, गोरखपुर और इस मेडिकल कॉलेज के हॉस्पिटल के साझा प्रयास से मरीजों को और भी उत्कृष्ट सुविधाएं दी जा सकती हैं। प्रो. सिंह ने कहा कि आने वाले समय में एम्स भोपाल व गोरखपुर गोरखनाथ मेडिकल कॉलेज के मेडिकल, नर्सिंग और पैरामेडिकल स्टाफ व विद्यार्थियों को नई तकनीकों का प्रशिक्षण उपलब्ध कराएंगे। प्रशिक्षण के बाद इसका लाभ सीधे तौर ओर मरीजों को मिलेगा। एम्स निदेशक के निरीक्षण के दौरान महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. सुरिंदर सिंह ने उन्हें बताया कि लाइव आसीयू सेवा के लिए मेदांता हॉस्पिटल भी गोरखनाथ मेडिकल कॉलेज से जुड़ चुका है। इस मेडिकल कालेज में क्रिटिकल मरीजों के उपचार प्रारंभ है। साथ ही 24 घंटे सर्जरी इमरजेंसी भी संचालित है। कुलपति ने बताया कि बीते कुछ दिनों में यहां जटिल कैंसर की दो सर्जरी भी सफलतापूर्वक की जा चुकी है। इसके साथ ही यहां 18 बेड की डायलिसिस यूनिट भी संचालित है।एम्स निदेशक प्रो. सिंह के आगमन पर महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. प्रदीप कुमार राव, मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. अरविंद सिंह कुशवाहा और आयुर्वेद कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. गिरिधर वेदांतम ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर नर्सिंग व पैरामेडिकल संकाय की अधिष्ठाता डॉ. डीएस अजीथा, संबद्ध स्वास्थ विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता डॉ. सुनील कुमार सिंह, कृषि विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता डॉ. विमल कुमार दुबे, पैरामेडिकल के विभागाध्यक्ष डॉ. रोहित कुमार श्रीवास्तव, फार्मेसी विभाग के हेड डॉ. शशिकांत सिंह, कॉमर्स के विभागाध्यक्ष डॉ. तरुण श्याम आदि मौजूद रहे।

पाठ्यपुस्तकों से सूफी संत वली से संबंधित अध्याय हटाने पर सरकार की आलोचना

एजेंसी ➤ श्रीनगर
www.dailypioneer.com

जम्मू-कश्मीर में कश्मीर की मुख्यधारा की पार्टियों ने नौवीं कक्षा की पाठ्यपुस्तकों से सूफी संत शेख नूर-उद-दीन वली के अध्याय को हटाने के लिए सरकार पर निशाना साधा है। संत वली प्रसिद्ध सूफी संत, कश्मीरी मुसलमानों और पंडितों दोनों के बीच गहरा सम्मान रखते हैं। नौंवी कक्षा की अंग्रेजी की पाठ्यपुस्तक से उनके जीवन से संबंधित एक अध्याय को हटाने से सरकार की जोरदार आलोचना हो रही है। पीपुल्स कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष एवं हंदवाड़ा के विधायक सज्जाद लोन ने विद्यालय शिक्षा बोर्ड (बीओएसई) द्वारा नौंवी कक्षा की अंग्रेजी पाठ्यपुस्तकों से कश्मीरी संत वली के जीवन पर आधारित एक अध्याय को हटाने की कड़ी निंदा की। उन्होंने इसे विशुद्ध सांस्कृतिक आतंकवाद और संस्कृति एवं लोकाचार पर हमला करार दिया। उन्होंने कहा, शेख नूर-उद-दीन वली को सभी कश्मीरी, चाहे वे किसी भी धर्म के हों पूजते हैं और उनका बहुत सम्मान किया जाता है। उन्होंने कहा कि हिंसा, लालच और घृणा से भरे मौजूदा समय में महान संत का जीवन आशा की किरण और अनुकरण के लिए एक आदर्श के रूप में कार्य करता है। लोन ने कहा, हमारे महान संत और उनके संत जैसे तरीके बोस के अस्तित्व में आने से बहुत पहले ही हमारे दिल और दिमाग में अंकित हो गए थे। बोर्ड से आत्मनिरीक्षण का आग्रह करते हुए उन्होंने इस निर्णय की कड़ी निंदा की और कहा कि शेख वली की शिक्षाएं और विरासत कश्मीर की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पहचान का एक अविभाज्य हिस्सा हैं। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के केंद्रीय समिति के सदस्य और कुलगाम के विधायक एम. वाई. तारिगामी ने कहा कि यह बेहद परेशान करने वाला है कि सूफी संत शेख-उल-आलम पर एक पूरा अध्याय नौवीं कक्षा की पाठ्यपुस्तक से हटा दिया गया है। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, विधानसभा चुनावों से पहले की गई यह ब्लू-पेन्सिलिंग समृद्ध सूफी परंपराओं में निहित समाज के लिए अस्वीकार्य है। मैं मुख्यमंत्री उमरअब्दुल्ला से हस्तक्षेप करने और यह सुनिश्चित करने का आग्रह करता हूं कि इस महत्वपूर्ण अध्याय को फिर से जोड़ा जाए, जिससे हमारी समृद्ध सांस्कृतिक और सूफी विरासत को संरक्षित और सम्मानित किया जा सके। वहीं, श्रीनगर के पूर्व महापौर जुनैद अजीम मट्टू ने इस मुद्दे पर जम्मू-कश्मीर सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर कहा, वे सभी विभागों की बैठकों की अध्यक्षता करते हैं, लेकिन जब वे लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाते हैं, तो वे जिम्मेदारी दूसरे पर डाल देते हैं।

कथित 'धर्म संसद' : अवमानना याचिका पर विचार करने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

वार्ता ➤ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

उच्चतम न्यायालय ने उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में यति नरसिंहानंद फाउंडेशन को कथित धर्म संसद आयोजित करने की अनुमति देने के मामले को अदालत की अवमानना बताते हुए कई पूर्व वरिष्ठ नौकरशाहों और सामाजिक कार्यकर्ताओं की ओर से दायर याचिका गुरुवार को खारिज कर दी। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने इस मामले पर विचार करने से इनकार करते हुए याचिकाकर्ताओं को कहा कि वे उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटा सकते हैं। पीठ ने याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश प्रशांत भूषण की दलीलें सुनने के बाद कहा, सभी मामले उच्चतम न्यायालय में नहीं आ सकते। अगर मैं एक पर (इस याचिका) विचार करता हूं तो मुझे ऐसी अन्य सभी याचिकाओं पर विचार करना होगा। पीठ ने हालांकि, उत्तर प्रदेश सरकार को सतर्कता बरतने की

नसीहत देते हुए राज्य सरकार की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के. एम. नटराज से कहा, कृपया इस बात पर नज़र रखें कि क्या हो रहा है, कार्यक्रम की रिकॉर्डिंग होनी चाहिए। सिर्फ इस तथ्य का मतलब यह नहीं है कि हम उस पर विचार नहीं कर रहे हैं कि उल्लंघन हुआ या नहीं है। गौरतलब है कि गाजियाबाद में यति नरसिंहानंद फाउंडेशन को 17-21 दिसंबर को कथित धर्म संसद आयोजित करने की अनुमति देने के मामले को कई पूर्व वरिष्ठ नौकरशाहों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने अदालत की अवमानना करार देते हुए राज्य की पुलिस और संबंधित जिला प्रशासन के खिलाफ याचिका दायर की थी। मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ ने इस अवमानना याचिका पर तत्काल सुनवाई की अधिवक्ता प्रशांत भूषण की गुहार पर विचार करने का सोमवार को आश्वासन देते हुए उन्हें याचिका के संबंध में अपने अनुरोध ईमेल के जरिए भेजने को कहा था। याचिकाकर्ताओं में भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के सेवानिवृत्त अधिकारी अरुणा रॉय के अलावा सेवानिवृत्त आईएफएस अशोक कुमार शर्मा, देब मुखर्जी और नवरेखा शर्मा, योजना आयोग की पूर्व सदस्य सईदा हमीद और सामाजिक शोधकर्ता और नीति विश्लेषक विजयन एमजे शामिल हैं। उन्होंने अपनी याचिका दावा किया था कि गाजियाबाद कथित धर्म संसद मामले में शीर्ष अदालत के आदेशों की जानबूझकर अवमानना का मामला बनता है। याचिका में कहा गया है शीर्ष अदालत अदालत ने सभी सक्षम और उपयुक्त अधिकारियों को सांप्रदायिक गतिविधियों और नफरत भरे भाषणों में लिप्त व्यक्तियों या समूहों के खिलाफ स्वतः संज्ञान लेते हुए कार्रवाई करने का निर्देश दिया था। याचिका में दावा किया गया है, यह यति नरसिंहानंद फाउंडेशन द्वारा 17-21 दिसंबर के बीच गाजियाबाद में आयोजित की जा रही धर्म संसद के मद्देनजर है। इस संसद की वेबसाइट और विज्ञापनों में इस्लाम के अनुयायियों के खिलाफ कई सांप्रदायिक बयान शामिल हैं, जो मुसलमानों के खिलाफ हिंसा भड़काते हैं। शीर्ष अदालत ने 28 अप्रैल, 2023 को शाहीन अब्दुल्ला की एक रिट याचिका पर सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों को बिना किसी शिकायत के नफरत भरे भाषण के मामलों में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 153ए, 153बी, 295ए और 506 आदि के तहत स्वतः संज्ञान लेते हुए आपराधिक मुकदमा दर्ज करने का निर्देश दिया था।

बहरीन में भारतीय दूतावास ने 28 भारतीय मछुआरों को स्वदेश भेजा

एजेंसी ➤ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

बहरीन में भारतीय दूतावास ने कहा कि हाल ही में हिरासत से मुक्त किये गये 28 भारतीय मछुआरों को स्वदेश वापस भेजा जा रहा है, भारतीय दूतावास उनको कानूनी सहायता और भारत यात्रा की सुविधा प्रदान कर रहा है। भारतीय दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में कहाः बहरीन में भारतीय दूतावार को उन 28 भारतीय मछुआरों की स्वदेश वापसी की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है, जिन्हें हाल ही में सजा को 6 से घटाकर 3 महीने करने के बाद मुक्त किया गया था। दूतावास ने भारत सरकार के भारतीय समुदाय कल्याण कोष के अंतर्गत कानूनी सहायता और यात्रा की सुविधा प्रदान की। भारतीय नागरिकों का स्वास्थ्य हमारी प्राथमिकता है। भारतीय दूतावास ने बहरीन के अधिकारियों को धन्यवाद दिया। भारतीय दूतावास ने कहा हम बहरीन के अधिकारियों को सहयोग और त्वरित प्रतिक्रिया के लिए धन्यवाद देते हैं, जिसमें कांसुलर एक्सेस प्रदान करना भी शामिल है। भारत में उनके परिवारों के पास उनकी सुरक्षित वापसी की कामना करते हैं।

अंबेडकर विवाद पर केजरीवाल ने नीतीश और चंद्रबाबू को लिखा पत्र

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के संसद में दलितों के मसीहा डॉ. अंबेडकर पर अपमानजक टिप्पणी करने को लेकर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्र बाबू नायडू को पत्र लिखा है। केजरीवाल ने कुमार और नायडू को गुरुवार को लिखे पत्र में कहा है कि मैं आपको यह पत्र एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय पर लिख रहा हूं, जो न केवल हमारे संविधान, बल्कि बाबा साहब अम्बेडकर की प्रतिष्ठा से भी जुड़ा है। उन्होंने कहा है कि हाल ही में संसद में, देश के गृह मंत्री अमित शाह द्वारा बाबा साहब के नाम पर की गई टिप्पणी ने पूरे देश को स्तब्ध कर दिया है।

फेड के ब्याज दर में कटौती धीमी करने के संकेत से शेयर बाजार में हाहाकार

एजेंसी ➤ मुम्बई
www.dailypioneer.com

अमेरिकी फेडरल रिजर्व के अगले वर्ष ब्याज दर में केवल दो ही बार कटौती करने के संकेत से निराश विश्व बाजार में भारी गिरावट के दबाव में स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा बिकवाली से शेयर बाजार में हाहाकार मच गया। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 964.15 अंक अर्थात 1.20 प्रतिशत का गोता लगाकर करीब तीन सप्ताह बाद 80 हजार अंक के मनावैज्ञानिक स्तर से नीचे 79,218.05 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 247.15 अंक यानी 1.02 प्रतिशत की गिरावट लेकर

23,951.70 अंक पर आ गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.30 प्रतिशत उतरकर 47,379.25 अंक और स्मॉलकैप 0.28 प्रतिशत फिसलकर 56,337.69 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान बीएसई में कुल 4095 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2315 में बिकवाली जबकि 1680 में लिवाली हुई वहीं 100 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 36 कंपनियां लाल जबकि अन्य 14 हरे निशान पर रहीं। विश्लेषकों के अनुसार, फेडरल रिजर्व ने वर्ष 2025 में केवल दो तिमाही में ब्याज दर में कटौती की उम्मीद जताई है, जो निवेशकें की तीन या चार कटौतियों से कम है।

इससे पूरी दुनिया के बाजार में हाहाकार मच गया। साथ ही अमेरिका के 10-वर्षीय नोटों पर यील्ड बुधवार को सात महीने के उच्चतम स्तर 4.524 प्रतिशत पर पहुंच गया। इससे भी बाजार पर दबाव बढ़ा। बीएसई में हेल्थकेयर की 0.89 प्रतिशत की तेजी को छोड़कर अन्य 20 समूहों में गिरावट का रुख रहा। इससे कमोडिटीज 0.93, सीडी 0.69, ऊर्जा 0.48, एफएमसीजी 0.52, वित्तीय सेवाएं 1.05, इंडस्ट्रियल्स 0.95, आईटी 1.13, दूरसंचार 0.48, यूटिलिटीज 0.41, ऑटो 0.84, बैंकिंग 1.16, कैपिटल गुड्स 1.07, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.15, धातु 0.96, तेल एवं गैस 0.03, पावर 0.80, रियल्टी 0.77, टेक 1.05, सर्विसेज 0.47 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 1.20 प्रतिशत लुढ़क गए। अंतर्राष्ट्रीय बाजारों का रुझान नकारात्मक रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 1.21, जर्मनी का डैक्स 0.89, जापान का निक्केई 0.69, हांगकांग का हैंगसेंग 0.56 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.36 प्रतिशत टूट गया।

नागा साधुओं का वस्त्र होता है भभूत

महाकुंभ का सबसे बड़ा जन आकर्षण अगर सनातन धर्म के 13 अखाड़े हैं

पायनियर संवाददाता ➤ प्रयागराज
www.dailypioneer.com

निर्वस्त्र नागा संन्यासी तन पर भस्म की भभूत लपेटे बड़ी बड़ी जटाओं के साथ हाथों में चिमटा, कमंडल और चिलम का कस लगाते हुए धूनी रमाकर अलमस्त जिंदगी के धनी होते हैं। महाकुंभ का सबसे बड़ा जन आकर्षण अगर सनातन धर्म के 13 अखाड़े हैं, तो इन अखाड़ों का श्रृंगार इनके नागा संन्यासी होते हैं। सामान्य दिनों में इंसानी बस्तियों से दूर गुफाओं और कंदराओं में वास करने वाले इन नागा संन्यासियों की महाकुंभ में बाकायदा टाऊन शिप बन जाती है। तन पर भस्म की भभूत और हाथों में अस्त्र लिए अपनी ही मस्ती में डूबे इन नागा संन्यासियों को न दुनिया की चमक धमक से लेना देना है और न धर्माचार्यों के वैभव की जिंदगी से कुछ लेना-देना है। पंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी के सचिव श्रीमहंत यमुना पुरी ने बताया कि नागा की भभूत या भस्म लम्बी प्रक्रिया के बाद तैयार होती है।नागा या तो किसी मुर्दे की राख को शुद्ध कर शरीर पर मलते हैं अथवा उनके द्वारा किए गए हवन की राख को शरीर पर मलते हैं। हवन कुंड में पवित्र आम, पीपल, पाकड़, रसाला, बेलपत्र, केला, गाय का गोबर को जलाकर भस्म तैयार करते हैं। इस भस्म हुई सामग्री की राख को कपड़े से छानकर कच्चे दूध में इसका लड्डू बनाया जाता है। इसे कई बार अग्नि में तपाया और फिर कच्चे दूध में बुझाया जाता है। इस प्रकार से तैयार भस्मी को शरीर पर पेता जाता है। यही भस्मी नागा साधुओं का वस्त्र होता है। श्रीमहंत यमुना पुरी ने बताया

कि नागा साधु बनने के लिए एक व्यक्ति को कई कठिन परीक्षाओं से गुजरना होता है। इन सभी परीक्षाओं में कपड़ों का त्यागना भी शामिल रहता है। नागा साधु गुफाओं, कंदराओं और अपने मठो में ईश्वर वंदना में लीन रहते हैं। चाहे कितनी भी ठंड पडे, नागा साधु कभी वस्त्र नहीं पहनते। ये साधु लंबे समय तक योग और तपस्या करते हैं जिससे इनके शरीर पर प्राकृतिक चीजों का असर नहीं पड़ता है। इसके साथ ही वे लोग शरीर पर भभूत लपेटे रहते हैं। वह शरीर को गर्म रखने के लिए सूर्य भेदी प्राणयाम और तापस योग करते हैं। योग के जरिए वे अपने इंद्रियों और शरीर पर नियंत्रण रखते हैं जिससे उन्हें न/न अधिक सर्दी और नहीं गर्मी का अहसास होता है। वह वाह्य चीजों को आडंबर मानते हैं। उन्होंने बताया कि नागा साधु निवस्त्र रहते हैं और पूरे शरीर पर भभूत मले रहते है, यही उनका वस्त्र होता है । उनकी बडी बडी जटाएं भी आकर्षण का केन्द्र होती हैं। हाथों में चिमट, कमंडल और चिलम का कस लगाते हुए अलमस्त जिंदगी जीते हैं। माथे पर आडा भभूत लगा तीन धारी तिलक लगाकर धूनी रमाकर रहते हैं। भभूत ही उनका वस्त्र होता है। यह भभूत उन्हें बहुत सारी आपदाओं से बचाती है। बिना वस्त्रों के अपने ही धुन में रहने वाले नागा संन्यासियों की कई उप जातियां हैं। इसमें दिगंबर, श्रीदिगंबर, खूनी नागा, बर्फानी नागा, खिचड़िया नागा प्रमुख हैं। इसमें जो एक लंगोटी पहनता है, उसे दिगंबर कहते है जबकि और श्रीदिगंबर एक भी लंगोटी नहीं पहनता। सबसे खतरनाक खूनी नागा होते हैं । महानिर्वाणी अखाडा के सचिव ने बताया कि नागा शब्द सबसे पहले भगवान शिव से आता है। नागा का शुद्ध शब्द दिगंबर होता है। दिगंबर भगवान शिव का एक नाम है। दिशाएं जिसके वस्त्र हैं,यह शरीर से एक अलग की अवस्था होती है। जिसने जान लिया है शरीर के अलावा भी उसका कुछ अस्तित्व है, वही दिगंबर है। उन्होंने बताया कि जो जानता है शरीर इस संसार में केवल दिखने के कार्य और कर्म करने के लिए और इन चार पुरूषार्थो में अगर कुछ अधूरा रह गया है, उसकी पूर्ति के लिए शरीर की आवश्यकता है। हम वो हैं जिसे शस्त्र काट नहीं सकते और अग्नि भस्म नहीं कर सकती, वायु सुखा नहीं सकते और जल जिसे गीला नहीं कर सकता है। उन्होंने बताया कि जो आत्मतत्व की तरफ उन्मुख है और गुरू के आर्शीवाद से और गुरू परंपरा से दीक्षित होकर उस आत्मतत्व को जो जान जाते हैं उस आत्मा के स्वास्तिक स्वरूप को जान जाते हैं, वहीं वास्तव में दिगंबर है। उसके लिए वस्त्र होना, नहीं होना कोई महत्व नहीं रखता है।

बच्ची से दुष्कर्म के मामले में उम्रकैद

एजेंसी ➤ बदायूं
www.dailypioneer.com

उत्तर प्रदेश में बदायूं जिले की एक विशेष अदालत ने तीन वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म करने वाले हैवान को उम्रकैद की सजा सुनायी है। वजीरगंज क्षेत्र के एक गांव में चार वर्ष पहले तीन वर्षीय मासूम बच्ची से दुष्कर्म करने के आरोपी युवक को विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) दीपक यादव ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई, साथ ही दोषी पर दो लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। जुर्माने की संपूर्ण धनराशि पीड़ित मासूम को चिकित्सा, पुनर्वास के लिए देने का आदेश किया गया है। विशेष लोग अभियोजक प्रदीप भारती /वीरेंद्र सिंह ने बताया कि थाना वजीरगंज क्षेत्र के एक की रहने वाली तीन वर्षीय बालिका सात दिसंबर 2020 को गांव के बच्चों के साथ खेल रही थी। उसी दौरान रिश्ते का चाचा विनोद आया और मासूम का हाथ पकड़कर खेत में स्थित ट्यूवेल पर ले गया। वहां आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। परिजनों को काफी देर तक जब बालिका अन्य बच्चों के साथ खेलती हुई नहीं दिखी तो उन्होंने उसकी तलाश प्रारम्भ की। साथ खेल रहे बच्चों ने बताया कि विनोद उसे खेत की तरफ लेकर गया है। परिवार के लोग खेत पर स्थित नलकूप पर पहुंचे तो विनोद उन्हें देखकर भाग गया। मासूम बेहोशी की हालत में पड़ी हुई थी। उसके शरीर से खून निकल रहा था। बच्ची का मेडिकल कराया गया तो दुष्कर्म होने की बात सामने आई। गिरफ्तारी के बाद जब विनोद का डीएनए टेस्ट कराया गया तो वह पॉजिटिव पाया गया। पुलिस ने विवेचना शुरू कर सभी साक्ष्यों का संकलन करके आरोपी के विरुद्ध आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। तब से मामला न्यायालय में विचाराधीन था। पाक्सो कोर्ट के न्यायाधीश दीपक यादव ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों का अवलोकन कर विशेष लोक अभियोजक तथा बचाव पक्ष के अधिवक्ता की दलील सुनने के बाद दोषी विनोद को आजीवन कारावास के साथ दो लाख रुपये जुर्माना की सजा सुनाई है।

2011 की सर्वे सूची से गांव का नाम गायब, नहीं मिल रहा योजनाओं का लाभ, पंचायत चुनाव बहिष्कार करने का ऐलान

पायनियर संवाददाता ➤ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com

कांकेर जिले के एक गांव हामतवाही में ग्रामीण शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं से वंचित है। ऐसा इसलिए क्योंकि इस गांव का नाम जनगणना 2011 की सामाजिक-आर्थिक सर्वे सूची से गायब है। जिससे गांव के लोगों को बुनियादी सुविधाएं अब तक मुहैया नहीं हुई. लोग अब भी नरक जैसी जिंदगी जीने को मजबूर हैं। ग्रामीणों के मुताबिक 2011 में हुए जनगणना सूची में गांव का नाम ही नहीं है। प्रशासन की भूल के कारण ग्रामीण जख्म झेल रहे हैं। सर्वे में जो डाटा एकत्रित किया गया था वो प्रशासन के कंप्यूटर से गायब है जिससे लोगों को सरकार के योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है।ग्रामीणों ने बताया कि मामले की शिकायत कई बार किए हैं। लेकिन किसी ने नहीं सुना जिससे ग्रामीण खासा परेशान हैं। मामले में अधिकारियों ने व्यवस्था दुरुस्त करने की बात कहते है लेकिन इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

प्रशासन की लापरवाही टूटे-फूटे मकानों में रह रहे ग्रामीण - इस गांव के गरीब परिवारों को अब तक प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिला है। प्रशासन के भूल की सजा गांव के गरीब परिवार भुगत रहे हैं। गरीबी रेखा से नीचे अधिकांश परिवार मजदूरी कर जीवन यापन करते हैं। जबकि ग्रामीण अपना घर पैरा और तिरपाल से बनाकर गुजारा कर रहे हैं। अधिकांश घर खपरैल हैं जो मकान टूट-फूट रहे हैं। बहुत पुराने हो चुके हैं इसके बाद भी इस योजना का लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा है।हामतवाही ग्राम पंचायत में कुल ग्राम आते हैं जिनमे एन्हुर नरींटोला,सोनपाल,पालवी और हामतवाही शामिल हैं। ग्राम पंचायत हामतवाही के ही ग्रामीणों का 2011 की सर्वे सूची में नाम नहीं होने से इस गांव के रहने वालों को शासन की योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। इससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश है और उन्होने इस बार के त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव का बहिष्कार करने का ऐलान किया है।

ग्रामीण कुबेर सिंह दर्रो श्यामसाय दुग्गा श्यामलाल दुग्गा पटेल विश्राम सिंह कुंजाम जल्लू राम उइके योगेश सोरी नरेश सोरी श्रावण भंडारी कुंवर जमधार संतोष कुंजाम प्रेम कुंजाम मानिक दर्रो हलकु दर्रो शांति बाई मरकाम गीता बाई कचलाम सेलेसिया कुंजाम गीतेश बाई दुग्गा मानबाई कुंजाम निरमा बाई ने आरोप लगाया है कि शासन-प्रशासन ने 2011 में जनगणना सर्वे कराया था, जिसके लिए सरकारी नुमाइंदे घर-घर जाकर ग्रामीणों का नाम सर्वे सूची में जोड़ा था, लेकिन प्रशासन और सिस्टम की लापरवाही के कारण 2011 के सर्वे सूची ही गायब है किस कारण कहां से चूक हुई आज तक सुधार नहीं किया गया। केंद्र सरकार की सबसे महत्वपूर्ण योजना प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा है।

जिले में धान उठाव कार्य जारी, अब तक 12,425 मीट्रिक टन धान का हुआ उठाव

पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरूप जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के तहत समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य सुगमता से संचालित किया जा रहा है। कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देश पर जिला प्रशासन द्वारा धान खरीदी केंद्रों से धान उठाव के लिए समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। साथ ही उठाव की प्रक्रिया लगातार जारी है। खाद्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में अब तक जारी डीओ और टीओ के विरुद्ध कुल 12,425 मीट्रिक टन धान का उठाव किया जा चुका है। इसके साथ ही 19 राइस मिलर्स ने पंजीयन करा लिया है। जिले के 67 खरीदी केंद्रों से अब तक 1 लाख 30 हजार 674 मीट्रिक टन धान की खरीदी हो चुकी है।

विधान सभा में शून्यकाल के दौरान विधायक विक्रम मंडावी ने अवैध रेत उत्खनन का मामला उठाया

पायनियर संवाददाता ➤ बीजापुर
www.dailypioneer.com

बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी ने विधानसभा में शून्य काल के दौरान प्रदेश और बीजापुर जिले में हो रहे अवैध रेत उत्खनन का मामला उठाया है। विधान सभा में अवैध रेत उत्खनन का मामला उठाते हुए विधायक विक्रम मंडावी ने विधान सभा में कहा कि प्रदेश में बिना किसी परमिट और बिना किसी अनुमति से पूरे प्रदेश भर में अवैध रेत उत्खनन हो रहा है और अवैध रेत उत्खनन के मामले प्रदेश में लगातार बढ़ते जा रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि बीजापुर जिले में रेत माफियाओ द्वारा अवैध रेत उत्खनन कर रेत को बिना किसी परमिट के और बिना किसी अनुमति के सीमावर्ती राज्य महाराष्ट्र और तेलंगाना में अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा है जिससे पर्यावरण का भी नुक़सान हो रहा है। विधायक विक्रम मंडावी ने विधानसभा में यह भी कहा कि बीजापुर जिले में रेत माफियाओं की दख़लअंदाजी बढ़ रही हैं रेत उत्खनन के नाम पर शांति प्रिय क्षेत्र को अशांत करने का काम रेत माफियाओं द्वारा किया जा रहा है जिन पर कार्यवाही होनी चाहिए। इसलिए प्रदेश में हो रहे अवैध रेत उत्खनन के मामले पर विधान सभा में चर्चा होनी चाहिये।

राज्य सरकार के खिलाफ कांग्रेस ने किया एक दिवसीय धरना प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता ➤ कांकेर
www.dailypioneer.com

नरहरपुर ब्लाक कांग्रेस कमेटी एव ब्लाक किसान कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में नगर के बस स्टैंड अमोढ़ा रोड नरहरपुर में एक दिवसीय राज्य सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया गया, जिसमें मुख्य मांग जिसमे धान खरीदी केंद्रों में बारदाने की कमी टोकन कटवाने के लिए लेम्प्सो का चक्कर लगाना कर्मचारियों के हड़ताल से धान खरीदी केंद्रों में किसानों का धान नहीं लिया जा रहा है। किसानों का धान खरीदी गई जिसका एक मुश्त राशि खाते में नहीं डालने से किसान परेशान हो रहे। धरना प्रदर्शन एव किसानों से विभिन्न समस्याओं से चर्चा उपरांत सभा को किसान नेताओं एव कांग्रेस के वरिष्ठ जनो ने सभा को संबोधित किया तथा सभा स्थल बस स्टैंड से विशाल जुलूस निकालकर तहसीलदार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया जिसमें मुख्य रूप से नितिन पोटाई सरजू राम शोरी कौशिल्या शोरी तरेंद्र भंडारी रोहिदास शोरी प्यारी सलाम संतराम मरकाम हलाल नेताम टकेश्वर सिन्हा मोती साहू कमलेश कुमार कोमरा मुकेश कुमार रजक नीलू कलिहारी फैजल मेमन मृत्युंजय साहू रोमनलाल सोनबेर, सुरेश नाग, जगदीश कुमार ध्रुव योगेश कुमार राजपूत गणेश कोडोपी दिनेश कुमार पटेल चिमन मरकाम गंगाराम कोडोपी सुखराम शोरी मनीराम सिन्हा एव क्षेत्र के किसान बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

संस्कार वैली स्कूल में तीन दिवसीय एथलेटिक्स फेस्ट 2.0 का भव्य शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ➤ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com

बच्चों के समग्र और व्यक्तिगत विकास के लिए खेलों का महत्व अत्यधिक है। संस्कार वैली स्कूल में तीन दिवसीय वार्षिक खेल महोत्सव का शुभारंभ हुआ। जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया इस प्रतियोगिता में खेल के प्रति बच्चों में काफी उत्साह दिखाई दिया।

इस प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में थाना प्रभारी रामेश्वर देशमुख रहे। उन्होंने खेलो के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि खेलों का हमारे जीवन में महत्वपूर्ण योगदान होता है। खेलों से बच्चों के जीवन में सहयोग की भावना का विकास होता है। खेलकूद से बच्चे शारीरिक और मानसिक सुदृढ़ होते है। उन्होने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी बच्चों को बधाई एवं शुभकामना दी। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों ने अपनी उपस्थिति से इसे गौरवान्वित किया डायरेक्टर रितेश संचेती प्राचार्या हेमलता कोठारी खेल शिक्षक विकास चंद्रिकापुरे नम्रता देवांगन रवि सहारे शिक्षक प्रतिनिधि भूपेंद्र कोठारी प्रबंधन प्रमुख पवन शांडिल्य। इस आयोजन की सफलता में विद्यालय के समस्त शिक्षकों दीदी-भैयाओं और छात्रों ने मिलकर योगदान दिया। प्राचार्य हेमलता कोठारी ने बच्चों को खेलों के महत्व को समझाते हुए सभी को कार्यक्रम की सफलता के लिए शुभकामनाएँ दीं।तीन दिनों तक चलने वाले इस खेल महोत्सव में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, और यह आयोजन सभी के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव बन गया।

शैक्षणिक भ्रमण में गए पीएम श्री स्कूल के बच्चे

पायनियर संवाददाता ➤ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com

पीएम श्री स्वामी आत्मानंद हायर सेकेंडरी स्कूल भानुप्रतापपुर के 11वीं 12वीं के बच्चों को 19 दिसंबर को शैक्षिक भ्रमण के लिए रवाना किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील बबला पाढ़ी,पीएम श्री स्वामी आत्मानंद हाई स्कूल समिति के अध्यक्ष नरोत्तम सिंह चौहान, मोहन मंडावी, मुकेश चंद्राकर मौजूद रहे। स्कूली बच्चों को छत्तीसगढ़ विधानसभा नया रायपुर मंत्रालय मुक्तानगंजना आदि जगहों के भ्रमण के लिए भेजा गया। नगर पंचायत अध्यक्ष ने हरी झंडी दिखाकर बच्चों से भरी बस को रवाना किया। भाजपा मंडल अध्यक्ष ने बताया कि बच्चों के बौद्धिक विकास के लिए पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद और घूमना-फिरना भी जरूरी है। निजी स्कूलों के बच्चे तो अक्सर दूसरे प्रदेशों का भ्रमण कर लेते हैं, लेकिन गरीब, मध्यम परिवार के सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे इससे वंचित रह जाते हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन में अपने देश दुनिया को जानना जरूरी है।

युवोदय कोंडानार चैंप्स के स्वयंसेवकों ने लिया नोनी जोहार कार्यक्रम में हिस्सा

पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

जिले के युवोदय कोंडानार चौंप्स से जुड़े 4 उत्साही स्वयंसेवक संजना, सुमित्रा, कुंती और खगेश्वर ने रायपुर स्थित सायाजी होटल में लड़कियों में नेतृत्व क्षमता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यूनिसेफ द्वारा आयोजित नोनी जोहार 3.0 कार्यक्रम में अपनी भागीदारी दर्ज की और अपने अनुभव और कार्यक्षेत्र में किए गए प्रयासों को साझा किए। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और लड़कियों के स्वास्थ्य, मानसिक सशक्तिकरण और बाल विकास से जुड़े मुद्दों पर जागरूकता बढ़ाना और उनके लिए नए दृष्टिकोण प्रस्तुत करना था। स्वयंसेवकों ने कोंडागांव जिले में चल रही विभिन्न पहलों जैसे मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता, महिला सशक्तिकरण और बाल अधिकारों के संरक्षण से जुड़े अपने अनुभव साझा किए। नोनी जोहार कार्यक्रम ने इन युवा स्वयंसेवकों को एक ऐसा मंच प्रदान किया, जहां वे अपने जिले में हो रहे सामाजिक और विकासात्मक कार्यों को राज्य स्तर पर प्रस्तुत कर सके। कोंडागांव के युवाओं के लिए यह भागीदारी प्रेरणादायक रहा।

शासकीय उचित मूल्य दुकान किबईबालेंगा का संचालन निलंबित

पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

शासकीय उचित मूल्य दुकान किबईबालेंगा दुकान संचालक एजेंसी खाद्य सुरक्षा पोषण एवं उपभोक्ता सहकारी समिति किबईबालेंगा के द्वारा दुकान संचालन में अनियमितता एवं खाद्यान्न सामग्री की डीडी राशि समय पर जमा नहीं करने के फलस्वरूप दुकान संचालन निलंबित किया गया है। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कोंडागांव से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम किबईबालेंगा में नवीन शासकीय उचित मूल्य दुकान आबंटन के लिए इच्छुक समिति 24 दिसंबर तक कार्यालयीन समय में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कोंडागांव में आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं। जिसके परीक्षणोपरांत संबंधित एजेंसी, संस्था व समूह को उचित मूल्य दुकान आवंटन की कार्यवाही की जाएगी। दुकान आबंटन के लिए निम्नांकित एजेंसी ग्राम पंचायत, महिला स्व सहायता समूह, प्राथमिक सहकारी साख समितियों, लैम्प्स समितियां, वन सुरक्षा समितियां, भूतपूर्व सैनिकों द्वारा गठित सहकारी समितियां और अन्य सहकारी समितियों जो छत्तीसगढ़ सहकारिता अनिधिनियम 1960 अथवा छत्तीसगढ़ स्वायत्त सहकारी अधिनियम-1999 के तहत् पंजीकृत हो) एजेन्सियों का कार्यक्षेत्र उक्त संबंधित ग्राम पंचायत का होना अनिवार्य है, आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

कोंडागांव शहर शिल्प कला के कारण विख्यात है

बंधा तालाब के पुनर्विकास हेतु 1.79 करोड़ के कार्यों का विधायक उसेण्डी ने किया भूमिपूजन

पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं विधायक लता उसेण्डी ने जिला मुख्यालय कोंडागांव स्थित बंधा तालाब के मरम्मत एवं पुनर्विकास हेतु कुल 1 करोड़ 79 लाख रुपए लागत के कार्यों का भूमि पूजन किया। जिला निर्माण समिति कोंडागांव के माध्यम से जिला मुख्यालय कोण्डागांव स्थित बंधा तालाब का मरम्मत एवं पुनर्विकास कार्य लागत 34.48 लाख रुपए, पुनर्विकास कार्य (सिविल कार्य) लागत 46.99 लाख रुपए, पुनर्विकास कार्य (विद्युतीकरण कार्य) लागत 47.96 लाख रुपए और मरम्मत एवं पुनर्विकास कार्य (विद्युतीकरण कार्य) लागत 49.87 लाख रुपए का कार्य शामिल है। विधायक लता उसेंडी ने कहा कि, जिला बनने के बाद हमारी सरकार ने कोंडागांव में विकास के नए आयाम स्थापित किया है। आने वाले समय में बेहतर व्यवस्था हो और विकास होगा। कोंडागांव शहर शिल्प कला के कारण विख्यात है और विश्व में एक अलग ही पहचान है। इसी तरह अन्य क्षेत्रों में भी पहचान बने, इस दिशा में प्रयासरत हैं और काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि नगर विकास के अभी और कार्य करना है। उन्होंने बताया कि, बस्तर आर्ट और अन्य सांस्कृतिक केंद्रों को विकसित कर कोंडागांव को पर्यटन हब बनाने की दिशा में काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कोंडागांव के विकास की गति को बनाए रखने में आप सभी का सहयोग आवश्यक है। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को धन्यवाद देते हुए कहा कि, महतारी वंदन योजना के तहत जिले के महिला हितग्राहियों के खाते में एक महीने में 17 करोड़ रुपए की राशि अंतरित हो रही है, जिससे जिले की महिलाएं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हो रही हैं। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने कहा कि, कुल 1 करोड़ 79 लाख रुपए से बंधा तालाब को पूर्ण विकसित किया जाएगा। विशेष तौर पर बच्चों और बुजुर्गों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विकसित किया जाएगा। नगर पालिका उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी ने कहा कि बंधा तालाब को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाएगा। इस पुनर्विकास से न केवल बंधा तालाब का स्वरूप बदलेगा, बल्कि यह नगर के सौंदर्य और सुविधाओं में भी अभूतपूर्व वृद्धि करेगा, जिससे स्थानीय लोगों और पर्यटकों को लाभ मिलेगा। इस अवसर पर दीपेश अरोरा, पार्षद सतीश सोनी, सोनमनी पोयाम, लक्ष्मी ध्रुव, अंकुश जैन, जिला पंचायत सदस्य बाल सिंह बघेल, जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई उपस्थित रहे।

नगरपालिका परिषद किरन्दुल के वार्डों का आरक्षण की प्रक्रिया सम्पन्न

पायनियर संवाददाता ➤ किरंदुल
www.dailypioneer.com

नगरपालिकाओं के आम निर्वाचन 2024-25 के लिए वार्डों के आरक्षण के सबंधं में सभी राजनीतिक दल के प्रतिनिधि की उपस्थिति में 19 दिसंबर सुबह 11 बजे जिला कार्यालय दंतेवाड़ा के सभाकक्ष में किरन्दुल नगरीय निकाय के वार्डों का आरक्षण प्रक्रिया सम्पन्न किया गया। जिसमें किरन्दुल नगरपालिका के वार्ड क्रमांक 01 एसटी मुक्त,वार्ड क्रमांक 02 ओबीसी महिला, वार्ड क्रमांक 03 एसटी महिला, वार्ड क्रमांक 04 एससी मुक्त,वार्ड 05 एससी महिला,वार्ड 06 अनारक्षित,वार्ड 07 अनारक्षित महिला,वार्ड 08 अनारक्षित, वार्ड 09 अनारक्षित महिला,वार्ड 10 अनारक्षित,वार्ड 11 एससी मुक्त, वार्ड 12 अनारक्षित महिला, वार्ड 13 अनारक्षित,वार्ड 14 ओबीसी मुक्त, वार्ड 15 अनारक्षित, वार्ड 16 एसटी मुक्त, वार्ड 17 अनारक्षित एवम वार्ड 18 को एसटी मुक्त घोषित किया गया हैं।

भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा के सामान्य सभा की बैठक 20 दिसंबर को

कोंडागांव, 19 दिसंबर। कलेक्टर कुणाल दुदावत के अध्यक्षता में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा का संचालन किया जा रहा है। उक्त सोसायटी के अन्तर्गत वार्षिक सामान्य सभा की बैठक का आयोजन 20 दिसंबर को कलेक्टर कार्यालय के सभा कक्ष में निर्धारित किया गया है। भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा कोंडागांव के सभी आजीवन सदस्य उक्त बैठक में उपस्थित होने को कहा गया है। आजीवन सदस्यों की सूची कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के नवीन भवन में चस्पा की गई है।

अंबेडकर पर टिप्पणी किए जाने के विरोध में कांग्रेसियों ने अमित शाह का पुतला फूंका

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com

धमतरी में कांग्रेसियों ने केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह का पुतला दहन किया है। कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने शाह के राज्यसभा में डॉ भीमराव अंबेडकर पर दिए गए बयान को लेकर विरोध जताया है। गुरुवार दोपहर 12 बजे कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ता कांग्रेस भवन से केंद्रीय गृहमंत्री शाह के खिलाफ नारेबाजी करते हुए निकले। इसके बाद गांधी मैदान पहुंचकर केन्द्रीय गृहमंत्री का पुतला दहन किया। इस दौरान पुलिस ने उन्हें रोकने का भी प्रयास किया। लेकिन कांग्रेसियों ने पुतला फूंक दिया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि बाबा साहेब के संविधान के महत्व को नहीं मानने वाले लोग समझ भी नहीं सकते हैं। वंचित, शोषित और समाज को आवाज देने का काम बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने किया था। इस मौके पर जिलाध्यक्ष शरद लोहाना ने कहा कि गृहमंत्री अमित शाह ने राज्यसभा में उपहासास्पद और अपमानजनक तरीके से कहा था कि अम्बेडकर का नाम लेना आजकल फैशन बन गया है। इतना नाम भगवान का लेते तो सात जन्म तक स्वर्ग मिल जाता। संविधान विरोधी संघियों को यह पता होना चाहिए कि देश के नब्बे

फीसदी आदिवासी, दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक और महिलाओं को जो सम्मान के साथ संवैधानिक अधिकार मिले हैं, उसमें बाबा साहेब के महत्वपूर्ण योगदान है। महापौर विजय देवांगन ने कहा कि बाबा साहेब संविधान निर्माता हैं। देश को दिशा देने वाले महापुरुष हैं। उनका अपमान, उनके निर्मित संविधान का अपमान देश नहीं सहेगा। गृहमंत्री माफी मांगें। अमित शाह और भाजपा के लोगों के दिमाग में जो मनुस्मृति और आरएसएस की विचारधारा है, वह दर्शाती है कि वे बाबा साहेब के संविधान का आदर नहीं करते। पूर्व जिला अध्यक्ष मोहन लालवानी ने कहा कि हम शाह की टिप्पणी का पुरजोर विरोध करते हैं। बाबा साहेब का अपमान देश और देशवासी सहन नहीं करेंगे। गृह मंत्री अमित शाह पूरे देश से माफी मांगें और अपने पद से इस्तीफा दें। एक ओर संसद संविधान के 75 गौरवशाली वर्षों पर चर्चा कर रही है, वहीं दूसरी ओर गृह मंत्री शाह ने इस मौके को आंबेडकर के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियों के साथ कलंकित करने के लिए चुना, वह भी लोकतंत्र के मंदिर में। यह भाजपा की जातिवादी और दलित विरोधी मानसिकता का प्रदर्शन है। यदि 240 सीटों पर सिमटने के बाद उनका व्यवहार ऐसा है, तो कल्पना कीजिए कि अगर 400 सीटों का उनका सपना पूरा हो जाता तो उन्हें कितना नुकसान होता। पूर्व पीसीसी सचिव आनंद पवार ने कहा कि अमित शाह की टिप्पणी उन लाखों लोगों का अपमान है जो मार्गदर्शन और प्रेरणा के लिए बाबा साहेब की ओर देखते हैं। लेकिन आप उस पार्टी से और क्या उम्मीद कर सकते हैं जिसने नफरत और कट्टरता को अपने अंदर समाहित कर लिया है। भाजपा और आरएसएस संविधान के खिलाफ है। वे शुरू से कह रहे थे कि वे संविधान बदल देंगे। वे आंबेडकर जी और उनकी विचारधारा के खिलाफ हैं। उनका एकमात्र काम संविधान और अंबेडकर जी द्वारा किए गए काम को खत्म करना है, यह पूरा देश जानता है। पुतला दहन कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शरद लोहाना, महापौर विजय देवांगन, पूर्व विधायक लेखराम साहू, पूर्व जिलाध्यक्ष मोहन लालवानी, किसान कांग्रेस प्रदेश प्रभारी महासचिव गौरीशंकर पांडये, जिला कोषाध्यक्ष सलीम रोकडिया, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष आकाश गोलछा, योगेश शर्मा, डीहूराम साहू, वरिष्ठ नेता अरविंद दोषी, जिला महामंत्री राजेश साहू, प्रदेश प्रवक्ता कृष्णा मरकाम, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष राजा देवांगन, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष हितेश गंगवीर, किसान कांग्रेस अध्यक्ष चंद्रहास साहू, पार्षद राजेश ठाकुर, केंद्र कुमार पेंडरिया, अजय वर्मा, राजेश पांडे, दीपक सोनकर, शास्त्री सोनवानी, स्वतंत्र कौशल, डाकूवर साहू, गिरीश साहू, आशुतोष खरे, अंबर चंद्राकर, वीरू महाजन, जित्तू साहू, गुड्डा दीवान, तारीक रजा कादरी, वातंजलि गोस्वामी, मोहित देवांगन, संजू साहू, सूरज पासवान, मिथलेश साहू, जय श्रीवास्तव, नोमेश सिन्हा, नमन बंजारे, शेख सोहेल, डोमेश्वर साहू, भारत श्रीवास, दिनेश यादव, विशु देवांगन, गनेश्वरी कामड़े, दिनेश कुम्भकार, रुद्रा साहू, वासिम खिलची सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

अज्ञानता के अंधकार को मिटाकर ज्ञान का प्रकाश फैलाने वाला गुरु होता है : कविता योगेश बाबर

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com

ग्राम रावा व तरसीवा में गुरु घासीदास जयंती समारोह आयोजन किया गया कार्यक्रम की मुख्य अतिथि वन समिति सभापति जिला पंचायत कविता योगेश बाबर थी कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं ध्वजारोहण करके किया गया। कार्यक्रम की सभा को संबोधित करते हुए बाबर ने समस्त सतनामी समाज एवं ग्राम वासियों को परम पूज्य बाबा गुरु घासीदास जयंती की शुभकामनाएं दीं एवं कहा कि बाबा का

जन्म छत्तीसगढ़ के गिरौदपूरी गाँव में हुआ था वे एक अत्यंत ग़रीब परिवार में पैदा हुए उन्होने सामाजिक कुरीतियों पर कुठाराघात किया एवं सतनाम संप्रदाय की स्थापना की सतनाम पंथ का उन्हें संस्थापक माना जाता है। उन्होंने अपने जीवन काल में कम उम्र में पशुओं की बली एवं छुआ छूत की खिलाफत की उन्होने यह संदेश दिया कि सतनाम धर्म को मानो जो की सनातन धर्म का ही प्रारूप है। सतनाम धर्म प्रत्येक मानव को मानव का स्थान देता है यहाँ न कोई छोटा है न बड़ा है सभी जन एक समान रह कर ही अपने जीवन को सफल बना सकते हैं। मनखे मनखे एक समान का नारा भी बाबा जी ने दिया। इस अवसर पर परमेश्वर पुरी गोस्वामी, फलेश साहू पूर्व सरपंच, भुवनेश्वर सिन्हा, गणेश राम बांधे, खुबलाल बंजारे, कार्तिक राम बांधे, शिवा टंडन, सुकलाल कोसरे, जोहन बांधे एवं बड़ी संख्या में सतनामी समाज के सदस्य एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

कन्या छात्रावास में अघरिया समाज की बैठक संपन्न

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com

फुलझर अघरिया कन्या छात्रावास में अघरिया समाज के क्षेत्रीय अध्यक्ष नेहरू लाल पटेल के अध्यक्षता में एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई,जिसमें आगामी दिनों होने वाले केंद्रीय समिति अध्यक्ष सहित विभिन्न पदों के चुनाव व विगत दिनों ग्राम सिंघोंड़ा में आयोजित किए गए महासभा कार्यक्रम में हुए आय-व्यय की जानकारी कोषाध्यक्ष लवकुमार पटेल द्वारा प्रस्तुत की गई,जिसमें उपस्थित सभी जनों ने आय-व्यय की जानकारी से संतुष्ट हुए। बैठक को क्षेत्रीय अध्यक्ष नेहरू पटेल ने संबोधित करते हुए विगत दिनों सिंघोड़ा में अघरिया समाज का तीसवां महासभा का सफलता पूर्वक आयोजन को सफल बनाने

के लिए सभी 12 परिक्षेत्रीय अध्यक्षों व समाज के पदाधिकारी सहित समस्त सामाजिक बंधुओं को तन, मन,धन से, प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग कर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए धन्यवाद दिया गया, व बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों को गमछा भेंटकर सम्मानित किया गया। बैठक के दौरान उन्होंने आगे कहा कि आगामी माह 12 जनवरी को अघरिया समाज केंद्रीय समिति के अध्यक्ष,उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष,महिला संयोजिका व युवा संयोजक का चुनाव होगा। जिसके लिए नामांकन की प्रक्रिया फार्म जमा,नाम वापसी,चुनाव चिन्ह का आबंटन 22 दिसंबर को होगा। साथ ही उनके द्वारा चुनाव संबंधित विस्तृत में जानकारी दी गई और सभी परिक्षेत्रीय अध्यक्षों को केंद्रीय समिति की चुनाव की जानकारी सभी संरक्षक सदस्यों को देने की बात कही गई। बैठक में मुख्य रूप से नेहरुलाल पटेल अध्यक्ष,जितेंद्र पटेल उपाध्यक्ष,नेहरुलाल चौधरी केंद्रीय प्रतिनिधि,लवकुमार पटेल कोषाध्यक्ष, त्रिलोचन पटेल संरक्षक, खेमराज पटेल सलाहकार,केंद्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ गेसमोती पटेल ,रामेश्वर पटेल सचिव, डोलचंद पटेल, प्यारेलाल पटेल संयोजक, क्रमशः परिक्षेत्र अध्यक्ष कामता पटेल, भोलानाथ नायक,रूपलाल नायक, धनीराम पटेल, शोभाराम पटेल, बलिराम पटेल, शंकर लाल नायक, हृदय राम नायक, श्यामलाल पटेल, गंगाधर पटेल, राजाराम पटेल प्रवक्ता, मालिकराम पटेल,मंगल प्रसाद नायक,तारेश्वरी नायक,दीपिका चौधरी, दरश राम पटेल, ओमप्रकाश चौधरी, तुलाराम पटेल, राजेश पटेल,साखीराम पटेल, देवेन्द्र पटेल, गजपति पटेल, तेजलाल चौधरी, लखेश्वर नायक,नीलाम्बर नायक,रघुनाथ चौधरी, धर्मेंद्र चौधरी, कल्पराम पटेल,अविनाश पटेल,तुलाराम पटेल आदि उपस्थित थे।

मोटराईज्ड ट्रायसायकल मिलने से आत्मनिर्भर बने टिकेश्वर

पायनियर संवाददाता ➤ महासमुंद
www.dailypioneer.com

पिथौरा के ग्राम अठठारहगुढ़ी निवासी टिकेश्वर पटेल, जो 80 प्रतिशत अस्थि बाधित हैं, उनका जीवन एक समय में दूसरों पर निर्भर था। अपने गांव से बाहर निकलना उनके लिए चुनौतीपूर्ण था, जिससे वे सीमित अवसरों और निराशा से घिरे रहते थे। उनके जीवन ने तब नया मोड़ लिया जब उन्हें समाज कल्याण विभाग की मोटराईज्ड ट्रायसायकल योजना की जानकारी मिली। उन्होंने तुरंत आवश्यक दस्तावेज़ तैयार कर आवेदन प्रस्तुत किया। उनकी समस्या को समझते हुए प्रशासन ने

त्वरित कार्यवाही की और 16 जुलाई 2024 को कलेक्टर लंगेह के हाथों उन्हें मोटराईज्ड ट्रायसायकल प्रदान की गई। ट्रायसायकल ने पटेल के जीवन को पूरी तरह बदल दिया। अब वे स्वतंत्र रूप से गांव और आसपास के इलाकों में मौसमी साग-सब्जी और मशरूम बेचने का काम कर रहे हैं। यह ट्रायसायकल उनके लिए सिर्फ एक साधन नहीं, बल्कि आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता का प्रतीक बन गई है। उनका व्यवसाय बढ़ने से न केवल उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ, बल्कि उनका आत्मविश्वास भी कई गुना बढ़ गया। टिकेश्वर पटेल ने अपनी सफलता का श्रेय जिला प्रशासन और समाज कल्याण विभाग को दिया। उन्होंने कहा, यह सहायता मेरे लिए किसी वरदान से कम नहीं है। इससे न केवल मेरी आजीविका सुधरी है, बल्कि मुझे खुद पर विश्वास भी हुआ है कि मैं अपने परिवार का पालन-पोषण कर सकता हूं।

पुरानी कृषि मंडी परिसर पर कृषि मंत्री ने दी शॉपिंग काम्प्लेक्स की स्वीकृति

पायनियर संवाददाता ➤ सरायपाली
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग छत्तीसगढ़ शासन के सदस्य एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सरला कोसरिया ने बताया कि बहुत लंबे समय से शॉपिंग काम्प्लेक्स की कमी महसूस हो रही थी साथ ही व्यापारियों के द्वारा पुरानी मंडी परिसर में खाली पड़े स्थान पर दुकान/काम्प्लेक्स बनाने के लिए आग्रह किया जा रहा था जिसे तत्काल संज्ञान में लेते हुए छत्तीसगढ़ शासन के कृषि मंत्री रामविचार नेताम से मिलकर उनके समक्ष प्रस्ताव रखा गया जिसे माननीय कृषि मंत्री ने तत्काल संबंधित अधिकारियों को पुरानी मंडी परिसर सरायपाली में खाली पड़े स्थान पर दुकान/ काम्प्लेक्स बनाने हेतु

प्रस्ताव,ब्लूप्रिंट,स्थल निरीक्षण एवं अन्य आवश्यक कार्यवाही कर रिपोर्ट देने हेतु निर्देशित किया था। कृषि उपज मंडी समिति की तरफ से विभागीय रिपोर्ट कृषि मंत्री को दी जा चुकी है अब अतिशीघ्र स्वीकृति और दुकान निर्माण की प्रक्रिया पूरी जाएगी। प्राक्कलन एवं विभागीय रिपोर्ट में 164 दुकान और 4 हाल के लिए 8 करोड़ 61 लाख 82 हजार के प्रस्ताव पर प्रारम्भिक स्वीकृति दी है। आगे सरला कोसरिया ने बताया कि अंतिम स्वीकृति एवं कार्यादेश सम्पूर्ण आवश्यक कार्यवाही के बाद अतिशीघ्र दी जायेगी। कृषि मंडी की पुरानी आफिस भवन तरह 4 करोड़ 30 लाख 13 हजार की लागत से एक शॉपिंग काम्प्लेक्स बनेगा जिसमे ग्राउंड तल पर 48 नग एवं प्रथम तल पर 48 नग दुकान का निर्माण होगा। वही पुरानी मंडी के गेट के पास 1 करोड़ 93 लाख 79 हजार की लागत से ग्राउंड तल पर 22 नग दुकान एवं प्रथम तल पर 4 नग हाल का निर्माण किया जाएगा। तीसरा जिला सहकारी बैंक की तरफ 2 करोड़ 37 लाख 90 हजार की लागत से ग्राउंड तल पर 24 नग एवं प्रथम तल पर 22 नग दुकान का निर्माण किया जाएगा। ये सारे दुकान कृषि उपज मंडी समिति के अधीन होंगे। छत्तीसगढ़ शासन की इतनी बड़ी सौगात से सरायपाली नगर वासियों और व्यापारी बंधुओं में खुशी की लहर है।अब उन्हें छोटे बड़े व्यापार के लिए कम दर पर दुकान मिलेंगे। जिसमे वे अपना रोजगार स्थापित कर अथवा दुकान खोलकर अपना रोजगार स्थापित करेंगे। इस स्वीकृति के लिए छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग छत्तीसगढ़ शासन की सदस्य सरला कोसरिया ने कृषि मंत्री रामविचार नेताम एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी को धन्यवाद और आभार व्यक्त दिया है।

अल्ट्राटेक रावन सी. एस. आर. द्वारा सफल प्रशिक्षुओ को प्रमाण पत्र प्रदत्त

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

संयंत्र प्रमुख राजेश शंकर एवं मानव संसाधन प्रमुख करन मिस्त्री के मार्गदर्शन में स्वावलम्बन एवं आर्थिक आत्मानिर्भरता को बढावा देने हेतु अल्ट्राटेक रावन सी एस. आर द्वारा तीन माह के ब्युटीशियन, सिलाई तथा कम्प्युटर के प्रशिक्षण सी. एस. आर मे आयोजित किया गया तथा सफल प्रशिक्षणार्थियों को इस समारोह मे प्रमाण पत्र वितरित किया गया इस अवसर पर प्रबंधन से प्रशासनिक प्रमुख संजीव मिश्रा तथा भूमि अधिग्रहण विभाग प्रमुख राजीव सिंग बघेल की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम मे सी एस आर हेड विनोद श्रीवास्तव ने प्रशिक्षण उपरान्त इन

तकनिकी कोर्सो को ज्यादा से ज्यादा प्रैक्टिस करने के लिए प्रोत्साहित किया तथा आगे कहा कि निरन्तर प्रयास से दक्षता की अग्रसर होगें और प्रभावी रुप से आय अर्जन कर पायेगें। कुल कम्प्युटर में 47, सिलाई में 35 , ब्युटीशियन में 22 सफल प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। वही सी एस आर अधिकारी ज्योत्सना पति एवं रंजय पाण्डेय ने इस ट्रेड मे रोजगार के अवसर के विभिन्न अवसर को परिचित करा कर प्रशिक्षणार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए बोले कि यह पाठ्यक्रम का अंत नहीं है बल्कि यह अवसरों से भरी नयी अध्याय का शुरुवात है। कार्यक्रम को सफल बनाने में सी एस आर टीम से द्वारिका वर्मा, सुरेन्द्र कुमार यादव, जानकी यादव, ताराचंद वर्मा, रमा वर्मा तथा टोपेश्वर मानिकपुरी की उपस्थिति रही।

गुरु घासीदास ने जगाई सामाजिक समरुपता की अलख-प्रेम नारायण सिन्हा

ग्राम हिंच्छापुर में गुरु घासीदास जयंती धूमधाम से मनाया गया

पायनियर संवाददाता ➤ नगरी/धमतरी
www.dailypioneer.com

ग्राम पंचायत हिंच्छापुर में 18 दिसंबर को गुरु घासीदास जयंती के अवसर पर सतनामी समाज के द्वारा धूमधाम और उल्लास पूर्वक बाबा की जयंती मनाई गई। कार्य म के मुख्य अतिथि प्रेम नारायण सिन्हा थे। उन्होंने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए गुरू घासीदास के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु घासीदास ने जीवन पर्यंत समाज में भेदभाव और भाईचारे के अभाव को देखकर बहुत दुखी थे जिसके लिए उन्होंने कई कार्य म चलाए। गुरु घासीदास ने सत्य की तलाश के लिए गिरौदपुरी के जंगल में छाता पहाड़ पर

समाधि लगाई। इस बीच गिरौदपुरी में आश्रम बनाया। गुरु घासीदास ने सोनाखान के जंगलों में सत्य और ज्ञान की खोज के लिए लंबी तपस्या की। उन्होंने तप और आत्मबल से महाज्ञानी की उपाधि हासिल की और आगे चलकर घासीदास ने सतनामी समाज में ीति लाई। इसी के साथ ही छुआछूत और सामाजिक कुरीतियों पर कड़ा प्रहार किया। इसलिए हर साल पूरे देश और प्रदेश में 18 दिसंबर को गुरु घासीदास जयंती के तौर पर मनाया जाता है। प्रेम नारायण सिन्हा ने गुरु घासीदास जयंती के इस पावन अवसर पर उपस्थित लोगों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नया जैतखंभ के निर्माण में यथा योग्य वितीय सेवा देने की घोषणा की। उक्त अवसर पर नारायण कांडे, लक्ष्मी नाथ कांडे, रवि कांडे एवं गांव के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

लगातार विकास कार्यों का भूमिपूजन करवा रहे रुद्री जनपद सदस्य जागेंद्र

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com

रुद्री क्षेत्र के जनपद सदस्य पिंकू जागेंद्र साहू ने अपने जनपद क्षेत्र रुद्री में 15वें वित्त जनपद निधि से 4 विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया। रुद्री के 3 वार्डो में जिसमें वार्ड नंबर 1 में नाली निर्माण कार्य, वार्ड नंबर 19 में नाली निर्माण कार्य, वार्ड नंबर 17 में ज्योति कलश कक्ष जीर्णोद्धार कार्य का भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर ग्राम सरपंच श्रीमती अनीता यादव, सुशीला चंद्रवंशी, राममिलन साहू, रितेश साहू, हरीश चंद्रवंशी, गोपाल शर्मा, ओपी सिंग, पूनम शर्मा, राहुल दास मानिकपुरी, संतोष अय्यर, सुजाता ध्रुव, पूर्णिमा नेताम, प्रांजल ध्रुव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे एवं ग्राम करेठा के शीतला मंदिर प्रांगण में पेवर ब्लॉक कार्य का भूमिपूजन विधि विधान से किया गया। इस अवसर पर ग्राम सरपंच संजय भोसले, सेवक राम सिन्हा, विनोद नेताम, लोकेश गायकवाड़, सोहन सिन्हा, अजय गार्डिया, शीतला माता मंदिर के बैगा महाराज सहित कई ग्रामवासी उपस्थित थे। गौरतलब है कि जनपद सदस्य रुद्री द्वारा अपने जनपद क्षेत्रों के जनसुविधाओं को ध्यान में रखते हुए कई वार्डों में सीसी रोड निर्माण, पक्की नाली निर्माण कार्य और पेयजल व्यवस्था हेतु जगह जगह पानी टंकी लगवाया है, जिससे क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर है ।

कान्यकुब्ज वैश्य गुप्ता समाज का सामूहिक विवाह व परिचय सम्मेलन

पायनियर संवाददाता ➤ सरायपाली
www.dailypioneer.com

कान्यकुब्ज वैश्य गुप्ता समाज द्वारा दुर्ग जिला के सभी पदाधिकारीयों , सदस्यों एवम महिला मंडल के पदाधिकारियों की बैठक अध्यक्ष दुर्ग में अरविंद गुप्ता के अध्यक्षता में संपन्न हुई । बैठक में आगामी 2025 में अखिल भारतीय सामूहिक विवाह एवम परिचय सम्मेलन आयोजित करने हेतु विशेष चर्चा हुई ,चर्चा उपरांत सभी की राय एवम सहमति से दुर्ग जिला में अखिल भारतीय सामूहिक विवाह व परिचय सम्मेलन कार्यक्रम आने वाले वर्ष 22 व 23 नवंबर 2025 को आयोजित किये जाने हेतु सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया । दुर्ग जिला के लिए सभी स्वजातीय बंधुओ एवम सभी स्वजातीय महिलाओ के अथक प्रयास एवम सहयोग से कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा व सभी की

सक्रिय भागीदारी रहेगी । उक्त जानकारी सरायपाली के सामाजिक सदस्य दिलीप गुप्ता ने जानकारी देते हुवे बताया कि अखिल भारतीय सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किये जाने हेतु सभी प्रकार की तैयारी प्रारंभ कर दी गई है । आने वाले समय मे सभी सदस्यों को उनकी क्षमता व योग्यतानुसार जवाबदारी व जिम्मेदारी दी जाएगी ।इस वृहद कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु कार्यक्रम स्थल का भी सुविधानुसार चयन किया जायेगा । विवाह में अनावश्यक खर्चो से बचने के लिए समाज में सामूहिक विवाह को प्राथमिकता दिए जाने के उद्देश्य से इस तरह के आयोजन समाज द्वारा आयोजन किये जाते रहते हैं ताकि खर्चो का बोझ कम हो सके । वहीं इसी उद्देश्य को ध्याम में रखते हुवे एक ही स्थल पर विवाह योग्य युवक व युवतियों को व उनके परिजनों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुवे भाग दौड़ की जिंदगी में मनपसंद वर वधु खोज पाना बहुत ही मुश्किल हो गया है उसे सुलभ व सहज बनाये जाने हेतु परिचय सम्मेलन भी आयोजित किया जाता है ताकि एक ही स्थान पर इसकी पूर्ति हो सके । इस तरह के सम्मेलन का उद्देश्य सर्फ समाज मध्यस्थता करता है । उक्त बैठक में उपस्थित समाज के अध्यक्ष अरविन्द गुप्ता, संरक्षक नल कुमार गुप्ता, सचिव शैलेंद्र कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष बिनोद गुप्ता, कोषाध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता, सहसचिव मूलचंद गुप्ता, फूलचंद गुप्ता,सहकोषाध्यक्ष अभिलाष गुप्ता, संगठन प्रमुख शत्रुहन गुप्ता, सहसंगठन प्रमुख राम बाबू गुप्ता, प्रमुख सलाहकार राम खिलावन गुप्ता, प्रचार प्रमुख योगेश गुप्ता , सह प्रचार प्रमुख हरिओम गुप्ता, प्रिंस गुप्ता, विक्की गुप्ता, धीरेंद्र गुप्ता, ब्रजेश गुप्ता, महिला मंडल अध्यक्ष संतोषी गुप्ता, उपाध्यक्ष अंजू गुप्ता,, उपाध्यक्ष राधा गुप्ता, सचिव सुधा गुप्ता, कोषाध्यक्ष काजल गुप्ता, सहकोषाध्यक्ष मंजू गुप्ता, कार्यकारिणी सदस्य प्रतिभा गुप्ता, आदि समाज के लोग उपस्थित थे ।

जिला स्तरीय गुरु घासीदास लोक कला महोत्सव हुआ संपन्न

बलौदाबाजार। गुरु घासीदास लोक कला महोत्सव 2024 कार्यक्रम अंतर्गत 17 दिसंबर 2024 को नगर पंचायत पलारी के बालसमुन्द रोड़ सतनाम भवन में जिला स्तरीय गुरु घासीदास लोक कला महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें सामाजिक विशिष्टगणों के साथ-साथ लगभग 2500 से अधिक व्यक्तियों की उपस्थिति रही शासन निर्देशानुसार राज्य स्तरीय लोककला महोत्सव कार्यक्रम में भाग लेने के लिए जिले के दो दलों को अधिक प्राप्तांकों के आधार पर चयन किया गया। आयोजित कार्यक्रम पूर्णतः सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। उक्त जानकारी आदिवासी विभाग के सहायक आयुक्त संजय कुर्रे ने दी है।

तिल्दा में धूमधाम से मनाया गया गुरु घासीदास जी की जयंती

पायनियर संवाददाता ➤ लवन
www.dailypioneer.com

कसडोल विधानसभा के तहसील लवन अंतर्गत ग्राम पंचायत तिल्दा में संत शिरोमणि बाबा गुरुघासीदास के जयंती 18 दिसम्बर के उपलक्ष्य में समाज सहित गॉव के लोगों ने हर्षोल्लास के साथ मनाए गए।इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण लोगों की उपस्थिति भी रहा।आपको बताते चलें कि ग्राम पंचायत तिल्दा के पुराने घासीदास चौक, विद्यालय जाने वाली गुरुघासीदास चौक सहित सेवानिवृत्त सहायक शिक्षक फिरित राम बंजारे के घर में स्थापित जैतखम्भ की बुधवार 18 दिसम्बर को विधिवत पूजा अर्चना कर सफेद ध्वज का पालो चढ़ाकर जयंती उत्साह भाव से मनाए गए।जयंती की

बधाई एवं शुभकामनाएं भी उपस्थित लोगों को दिये गए साथ ही साथ पकवान की प्रसाद चढ़ाकर वितरण भी कराए गए।आपको बताते चलें कि संत शिरोमणि बाबा गुरुघासीदास मनखे मनखे एक समान का संदेश देने वाले महान संत एवं समाज सुधारक रहे हैं, उनके बताए हुए सन्देश को हर व्यक्ति अपने जीवन में आत्मसात करते हैं।जयंती कार्यक्रम में कृष्ण कुमार बंजारे, बरातू बंजारे, उत्तम बंजारे ,मन्नू बंजारे, बलराम बंजारे, बरत बंजारे, ग्राम सरपंच सुरेश्वर पैकरा, पत्रकार गोलू कैवर्त, कांग्रेस नेता राजेंद्र बंजारे, सतनाम सिंह बंजारे, पुरुषोत्तम बंजारे ,सुरेंद्र बंजारे ,महिलाओं में रेखा बंजारे, लक्ष्मींन कैवर्त, मैकुल यादव, राधा बाई वर्मा, सहोदरा बाई बंजारे,सहित परिवार के सदस्यों की उपस्थिति रहा।

कबीरधाम जिले के 07 नगरीय निकायों के 120 वार्डो का आरक्षण प्राक्रिया पूरी

नगर पालिका कवर्धा, पंडरिया और नगर पंचायत पाण्डातराई, पिपरिया, बोड़ला, सहसपुर लोहारा, इंदौरी के लिए अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और महिलाओं के लिए आरक्षण निर्धारित

पायनियर संवाददाता ➤ कवर्धा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा की उपस्थिति में जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिले के 7 नगरीय निकाय के कुल 120 वार्डों के लिए आरक्षण की प्रक्रिया पूरी की गई। इस प्रक्रिया में नगर पालिका कवर्धा के 27 वार्ड, पंडरिया के 18 वार्ड के साथ साथ नगर पंचायत पिपरिया के 15 वार्ड, इंदौरी के 15 वार्ड, सहसपुर लोहारा के 15 वार्ड, बोडला के 15 वार्ड और पांडातराई के 15 वार्डों का अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और महिलाओं के लिए आरक्षण निर्धारित किया गया। छत्तीसगढ़ नगर पालिक अधिनियम, 1961 की धारा-29 (क) सहपठित छत्तीसगढ़ नगर पालिका (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं महिलाओं के लिये वार्डों का आरक्षण) नियम 1994 के प्रावधानों के तहत कवर्धा जिले के सभी नगर निकायों में वार्डों के लिए आरक्षण सुनिश्चित किया गया। इस दौरान अपर कलेक्टर मती मोनिका कौड़ो, कवर्धा एसडीएम अनुपम टोप्पो, सहसपुर लोहारा सु आकांक्षा नायक, डिप्टी कलेक्टर आरबी देवांगन, मती गीता रायस्त, सहायक संचालक एम के गुप्ता, नगर पालिका और नगर पंचायत के सीएमओं सहित राजनैतिक पार्टी के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

नगर पालिका परिषद कवर्धा - कवर्धा नगर पालिका परिषद के वार्ड 01 में आरक्षण अ.पि.वर्ग मुक्त, वार्ड 02 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 03 में अ.पि.वर्ग मुक्त, वार्ड 04 में अ.जा. मुक्त, वार्ड 05 में अ.ज.जा महिला, वार्ड 06 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 07 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 08 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 09 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 10 में अ.ज.जा मुक्त, वार्ड 11 में अ.पि. वर्ग मुक्त, वार्ड 12 में अनारक्षित महिला, वार्ड 13 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 14 में अ.पि.वर्ग मुक्त, वार्ड 15 में अनारक्षित महिला, वार्ड 16 में अनारक्षित महिला, वार्ड 17 में अ.जा. महिला, वार्ड 18 में अ.जा. मुक्त, वार्ड 19 में अ.पि.वर्ग महिला, वार्ड 20 में अ.पि.वर्ग महिला, वार्ड 21 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 22 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 23 में अ.पि.वर्ग. मुक्त, वार्ड 24 में अनारक्षित महिला, वार्ड 25 में अनारक्षित महिला, वार्ड 26 में अनारक्षित मुक्त और वार्ड 27 में अ.जा. मुक्त है।

नगर पालिका परिषद पंडरिया -पंडरिया नगर पालिका परिषद के वार्ड 01 में आरक्षण अ.जा. महिला, वार्ड 02 में अ.जा. महिला, वार्ड 03 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 04 में अनारक्षित महिला, वार्ड 05 में अ.जा. मुक्त, वार्ड 06 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 07 में अ.पि.वर्ग मुक्त, वार्ड 08 में अ.जा. मुक्त, वार्ड 09 में अनारक्षित महिला, वार्ड 10 में अ.जा. मुक्त, वार्ड 11 में अ.ज.जा महिला, वार्ड 12 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 13 में अ.पि.वर्ग. महिला, वार्ड 14 में अ.ज.जा मुक्त, वार्ड 15 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 16 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 17 में अनारक्षित मुक्त और वार्ड 18 में अनारक्षित मुक्त है।

नगर पंचायत पिपरिया-नगर पंचायत पिपरिया के वार्ड 01 में आरक्षण अ.पि.वर्ग मुक्त, वार्ड 02 में अ.पि.वर्ग मुक्त, वार्ड 03 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 04 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 05 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 06 में अ.पि.वर्ग मुक्त, वार्ड 07 में अ.पि.वर्ग महिला, वार्ड 08 में अ.पि.वर्ग महिला, वार्ड 09 में अ.जा. महिला, वार्ड 10 में अ.जा मुक्त, वार्ड 11 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 12 में अनारक्षित महिला, वार्ड 13 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 14 में अनारक्षित महिला और वार्ड 15 में अनारक्षित मुक्त है।

नवनियुक्त अध्यक्षों को विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल ने दी बधाई, कहा संगठन को सशक्त बनाने यह एक जिम्मेदारी है

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

विधायक निवास नीलांचल भवन पहुंच कर गढ़फुलझर मण्डल के नवनियुक्त अध्यक्ष नरहरी पोर्ते ने विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल से सौजन्य मुलाकात किया। विधायक ने नव नियुक्त अध्यक्ष नरहरी पोर्ते को भाजपा साफा पहनाकर सम्मानित किये तथा उज्जवल कार्यकाल के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दिए। इस अवसर पर पार्टी के कई पदाधिकारी उपस्थित रहे, जिनमें जिला उपाध्यक्ष जितेन्द्र त्रिपाठी, विधायक कार्यालय प्रभारी प्रकाश सिन्हा, पूर्व मंडल अध्यक्ष माधव साव, मंडल महामंत्री प्रहलाद साहू, भाजपा नेता रामचंद्र अग्रवाल, जनपद सभापति सोहन पटेल, बसना नगर पंचायत पार्षद रमेश सूर्या और सोशल मीडिया विभाग के जिला संयोजक नवीन कुमार साव शामिल थे। सांकरा में विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल ने नवनियुक्त भाजपा मण्डल सांकरा अध्यक्ष हलधर साहू एवं पिरदा मण्डल अध्यक्ष अभिमन्यु प्रधान को मण्डल अध्यक्ष चुने जाने पर भाजपा साफा पहनाकर उज्जवल कार्यकाल के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दिए। इस अवसर पर पूर्व सांसद प्रतिनिधि सतपाल सिंह छाबड़ा, भाजपा नेता कैलाश अग्रवाल, पूर्व मण्डल अध्यक्ष कृष्ण कुमार साहू, मण्डी अध्यक्ष मथामणी बढाई, भाजपा कार्यकर्तागण मौजूद थे। विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल ने नव नियुक्त मण्डल अध्यक्षों को संगठन के प्रति निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा, नेतृत्व का मतलब सिर्फ पद नहीं, बल्कि यह एक जिम्मेदारी है, जो संगठन को और सशक्त बनाने का अवसर प्रदान करती है। नव नियुक्त मण्डल अध्यक्षों ने विधायक और पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन की उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए पूरी निष्ठा और लगन के साथ काम करेंगे। उन्होंने कहा कि यह उनका सौभाग्य है कि उन्हें संगठन में यह भूमिका निभाने का अवसर मिला है। इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारियों ने भी नवनियुक्त अध्यक्षों को शुभकामनाएं दीं और संगठन की मजबूती के लिए एकजुट होकर काम करने का संदेश दिया। यह केवल नेतृत्व परिवर्तन का नहीं, बल्कि संगठन की एकजुटता और समर्पण को भी दर्शाती है। नए नेतृत्व के साथ सांकरा, पिरदा एवं गढ़फुलझर मण्डल में भाजपा का जनाधार और मजबूत होने की उम्मीद है।

भाजपा सरकार से किसान परेशान : भूपेश बघेल

पायनियर संवाददाता ➤ पाटन
www.dailypioneer.com

गुरुघासी जयन्ती के पावन पर्व पर पाटन विधान सभा से 6 वॉ बार विधायक बने पूर्व मुख्यमंत्री माननीय भूपेश बघेल जी द्वारा ग्राम पंचायत निपानी में लगभग 18 करोड़ के विभिन्न विकास कार्यो का लोकार्पण व भूमिपूजन किया गया इस अवसर पर भूपेश बघेल ने कहा कि भाजपा सरकार से किसान पूरी तरह परेशान है अभी तक किसानों का एक तिहाई धान नहीं बिक पाया है सोसायटी में धान जाम पड़ा है किसानों को समय पर धान का पैसा नहीं मिल पा रहा है किसानों के हाथ में पैसा नहीं है इसलिए बजारों की रौनकता खत्म हो गई है हमारी सरकार होती तो किसानों का कर्ज माफ होता किसान खुशहाल, संपन्न व कर्ज मुक्त होता और धान की कीमत 3200 रु. होता पाँच वर्षों में 3800 रु. हो जाता आगे कहा कि मैं छत्तीसगढ़ के एक किसान का बेटा हूँ इसलिए सदैव किसानों के हक की बात करूँगा और किसानों के साथ हमेशा खड़ा रहूँगा। हमारी सरकार के कारण किसानों को धान की कीमत 3100 रु. मिल रहा भाजपा सरकार किसानों का दुख-दर्द समझने वाला नहीं है। महिलाओं को आज 1000 रु. दे रहा है लेकिन महंगाई चरम सीमा पर है आयुष्मान कार्ड से लोगों का इलाज नहीं हो पा रहा है भाजपा सरकार से लोग पूरी तरह परेशान है। कार्यक्रम में पूर्व ओ.एस. डी. आशीष वर्मा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक साहू, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजेश ठाकुर, दुर्ग ग्रामीण कांगेस कमेटी महामंत्री रूपेंद्र शुक्ला, भेष आठे, सेक्टर प्रभारी भोज रघुवंशी, सरपंच सीता सिन्हा, बुथ अध्यक्ष धनीराम सिन्हा, दिनेश सिन्हा व बहुत अधिक संख्या में किसान भाई, ग्रामीण महिला-पुरूष,युवा साथी उपस्थित थे।

राज्य शासन के एक वर्ष की उपलब्धि हितग्राहियों को मिला खुद का आशियाना

राज्य के एक वर्ष पूरे होने पर 562 हितग्राहियों को मिली मकान की पूरी किश्त

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत एक साल सफलता पूर्वक पूर्ण है! प्रधानमंत्री आवास योजना भारत सरकार के महत्वपूर्ण योजना है जिसकी क्रियान्वयन हेतु भारत सरकार हर प्रकार से अपने हितग्राहियों के आवास की समस्या को ध्यान में रखते हुए ताकि मकान के अभाव कोई भी व्यक्ति ना रहे! आम जनता के हितो को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना के बीएलसी घटक के अंतर्गत ऐसे हितग्राही जिनकी आय 3 लाख से कम हो, स्वयं की जमीन हो ऐसे हितग्राहियों को 30 वर्ग मीटर एरिया में मकान बनवाकर देने का प्रावधान रखा गया था! इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्य घटक एएचपी अंतर्गत ऐसे हितग्राही है जिनके पास जमीन तथा मकान नहीं है, जो कि 2015 के पूर्व से शहरी क्षेत्र में निवासरत थे, या जो किराए के मकान में रहते थे उन्हें 1 बीएचके का फ्लैट बनवाकर दिया गया! पात्र हितग्राहियों को फ्लैट मकान आवंटित भी किया जा चुका है! बीएलसी अतर्गत मकान के दस्तावेज सहित लगभग 700 आवेदन में से पात्र 562 हितग्राहियो को मकान बनाकर आबंटित किया जा चूका है जो कि सफलता और सुखी पूर्वक अपने घर में निवासरत है ! वर्तमान में बीएलसी घटक अंतर्गत 3335 के लक्ष्य अनुसार 3247 मकान पूर्ण किया जा चुका है तथा 78 प्रगतीरत है जो कि 98 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया है! 15 नवंबर 2024 को प्रधानमंत्री आवास योजना के दूसरे चरण 2.0 का शुभारंभ किया गया। दूसरे चरण में ज्यादा से ज्यादा हितग्राहियो को योजना का लाभ दीये जाने हेतु पात्र हितग्राहियों को छूट दिया गया तथा ऐसे हितग्राही जो की 31 अगस्त 2024 के पूर्व से निवासरत है तथा जिनके पास जमीन के दस्तावेज है, आए तीन लाख से कम तथा जाति प्रमाण पत्र है उन्हें लाभान्वित करने का लक्ष्य रखा गया है!

अटल विचार संगोष्ठी का आयोजन कर शुरू हुआ सुशासन सप्ताह

पायनियर संवाददाता ➤ भिलाई
www.dailypioneer.com

पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी की याद में छ.ग. में सुशासन सप्ताह 19 दिसम्बर से 25 दिसम्बर 2024 तक मनाया जा रहा है। इसी के संदर्भ में अटल विचार संगोष्ठी का आयोजन आज निगम सभागार में आयोजित की गई। जिसमें अटल बिहारी वाजपेयी जी की कविताए उनके विचार, अटल इरादे, विश्व हित, देश हित, समाज हित में किये गये कार्यो को याद किया गया। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने उनको याद करते हुए बताया, कि मुझे बचपन में उनके भाषण, उनके विचारो को सुनने का अवसर मिला। इतने अच्छे राष्ट्र हित में हाजीर जवाबी प्रखरवक्ता जिसका पक्ष-विपक्ष सभी दलो द्वारा सम्मान किया जाता हो, ऐसे बिरले लोग ही होते है। सुशासन सप्ताह का सही अर्थ यह होगा कि निगम के अधिकारी/कर्मचारी अपने दायित्वो का सुगमता से निर्वहन करें। जनता के प्रति जवाबदेह रहे, सबसे प्रेम और सम्मानपूर्वक बाते करें।

सरकारी जमीन पर बाउंड्रीवाल, आयुक्त ने जारी किया नोटिस, सीमांकन के बाद बेदखली

पायनियर संवाददाता ➤ रिसाली
www.dailypioneer.com

वार्ड 28 वी आई पी नगर स्थित नहर किनारे, सरकारी जमीन पर हुए अतिक्रमण को हटाया जाएगा। निगम आयुक्त मोनिका वर्मा ने अतिक्रमणकारियों को नोटिस देते हुए कब्जा स्वतः हटाने कहा है। निर्धारित समय के बाद निगम के अधिकारी बेदखली अभियान चलाएंगे। रिसाली निगम आयुक्त मोनिका वर्मा ने शक्ति विहार, वीआईपी नगर और मैत्री नगर क्षेत्र का भ्रमण की। इस दौरान उन्होंने सिंचाई विभाग के नहर किनारे खाली जमीन पर हुए अतिक्रमण को हटाने निर्देश दिए। आयुक्त ने राजस्व विभाग को निर्देश दिए है कि अतिक्रमण करियों को नोटिस देते हुए समझाइश दे कि वे स्वतः कब्जा हटा ले, अन्यथा निगम अतिक्रमण हटाएगा। भ्रमण के दौरान पार्षद डॉ सीमा साहू, प्रभारी उप अभियंता गोपाल सिन्हा, स्वास्थ्य विभाग प्रभारी बृजेन्द्र परिहार उपस्थित थे।

होगा सौंदर्यीकरण-आयुक्त ने निर्देश दिए है कि जमीन मुक्त होने के बाद सी सी रोड का निर्माण करने प्रस्ताव बनाया जाए। वहीं नहर किनारे सौन्दर्यी करण करने प्लान बनाए। इससे वार्ड की सुंदरता बढ़ जाएगी।

पहले होगा सीमांकन-नहर किनारे के रहवासी आसपास के खाली जमीन पर कब्जा कर चुके है। सरकारी जमीन और नहर की जमीन कितना है इसे पता करने सीमांकन कराया जाएगा। इसके लिए निगम ने तहसीलदार को पत्र लिखा है।

आयोजन, खेल कोई सा भी हो, कड़ी मेहनत से पहुचा जा सकता है मुकाम पर: महापौर

- दुर्ग-भिलाई शिक्षक संघ सद्भावना,तीन दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का महापौर ने किया शुभारंभ, खिलाड़ियों ने दिखाया दम

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com

शिक्षक विभाग क्रिकेट सद्भावना खेल प्रतियोगिताएं 18 से 20 दिसंबर तक होंगी। महापौर धीरज बाकलीवाल द्वारा सभापति राजेश यादव ने खिलाड़ी प्रेमियों के बीच शिक्षक विभाग सद्भावना क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। शिक्षा विभाग सदभावना क्रिकेट प्रतियोगिता दिनांक 18 दिसम्बर से 20 दिसम्बर 2024 तक दुर्ग-भिलाई शिक्षक संघ, दुर्ग के द्वारा जिला स्तरीय विभागिय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है! जेआरडी स्कूल के पीछे मैदान में किया गया। इस अवसर पर महापौर धीरज बाकलीवाल ने कहा कि शिक्षक संघ'सद्भावना क्रिकेट का आयोजन करने के लिए आयोजकों के प्रयासों की सराहना की। महापौर धीरज बाकलीवाल ने कहा कि खेल कोई सा भी हो, कड़ी मेहनत से ही मुकाम पर पहुंचा जा सकता है। खेल में हार-जीत उतना मायने नहीं रखती, जितना की एक खिलाड़ी को खेल भावना के साथ खेल खेलते हुए अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करना मायने रखता है।महापौर ने क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।

विधायक-महापौर ने किया भूमिपूजन, बोरसी क्षेत्र में 4 स्थानों में 90 लाख से बनेगा नाली एवं सड़क सीमेंटीकरण

- विधायक व महापौर ने आधारशिला रखकर बोरसी वार्डवासियों को दी विकास कार्यों की बड़ी सौगात

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम सीमा अंतर्गत बोरसी के सुंदर नगर में 90 लाख की राशि से मुक्तिधाम रोड एवं आँगनबाड़ी के पास और आजाद चौक एवं बोरसी चौक में भूमिपूजन हुआ जिसमे 4 स्थानों पर सीसी रोड और वार्ड में नाली निर्माण कार्य होंगे। जिसका विधायक गजेंद्र यादव, महापौर धीरज बाकलीवाल द्वारा भूमिपूजन किया।

इस अवसर पर पार्षद प्रेमलता साहू, पार्षद ज्ञानदास बंजारे, एमआईसी संजय कोहले, पार्षद विजेंद्र भारद्वाज, प्रकाश जोशी, जिला भाजपा उपाध्यक्ष विनायक नातू, पोषण साहू, अशोक राठी, लक्ष्मीकांत दुबे, गुलशन साहू, उमेश यादव, राहुल पंडित, युवा मोर्चा से जीतेन्द्र साहू, प्रशांत अग्रवाल, अनिकेत यादव, शिवकुमारी द्वेदी, महेंद्र चोपड़ा, सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे। विधायक गजेंद्र यादव व महापौर धीरज बाकलीवाल ने आधारशिला रखकर बोरसी वार्डवासियों को विकास कार्यों की बड़ी सौगात दी। भूमिपूजन अवसर पर वार्डवासियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वार्ड में विकास कार्यों को लेकर हमेशा जनभावनाओं का सम्मान किया गया है।

निगम क्षेत्र में इसलिए वार्डो मे विकास कार्य नजर आ रहा है। वार्डवासियों द्वारा बोरसी क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर सीसी रोड व नाली निर्माण की मांग की गई थी। वार्डवासियों की यह मांग भी पूर्ण कर दी गई है। उक्त कार्यो का वार्डवासियों को जल्द ही लाभ मिलेगा।

वन नेशन वन राशन कार्ड के तहत राशनकार्डो का ई केवायसी कैम्प का आयोजन 27 को

गरियाबंद। वन नेशन वन राशन कार्ड के तहत राशनकार्ड के मुखिया एवं समस्त सदस्यों का अपने नजदीकी शासकीय उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से ईकेवायसी किया जाना है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गरियाबंद ने बताया कि इसके लिए 27 दिसम्बर 2024 को तहसील गरियाबंद के समस्त ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकाय के शासकीय उचित मूल्य की दुकान में ईकेवायसी कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। जिन सदस्यों का ईकेवायसी नहीं हुआ है, वे 27 दिसम्बर 2024 को अपने नजदीकी उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से ई केवायसी अनिवार्य रूप से करवाए।

निगम भिलाई क्षेत्र में संचालित आश्रय स्थलों का निरीक्षण किया आयुक्त ने

पायनियर संवाददाता ➤ भिलाई
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में अलग-अलग जगहो पर आश्रय संचालित किया जा रहा है। यहां पर बाहर से आए हुए यात्री, विद्यार्थी, काम करने वाले मजदूर, राजनैनिक व्यक्ति आदि को ठहरने की सुविधा दी जाती है। निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने सभी आश्रय स्थलो पर पहुंचकर, बाहर से आए हुए व्यक्तियों से जाकर मिले और उनको प्रदान की जाने वाली सुविधाओ के बारे में उनसे जानकारी प्राप्त किए। यह भी पूछे की उनको किसी प्रकार की समस्या तो नहीं हो रही है। यदि किसी को ठहरने की मूलभूत सुविधा की आवश्यकता हो तो उसे शीध्र पूरा करने का निर्देश दिए। आयुक्त पाण्डेय ने अधिकारियो को निर्देशित किए कि जो भी बाहर से आए हुए व्यक्ति है। उनको शासन के नियमानुसार मकान आबंटन की सुविधा दी जा सकती हो तो उन्हे मकान दिलाया जाए। आश्रय स्थलो के कमरे, दवारजा, खिड़की, पानी, बिजली, सोने के बिस्तर, शौचालय एवं साफ-सफाई का जायजा लिए और वहां के देखरेख करने वाले कर्मचारियो को निर्देशित किए कि समय पर आए एवं नियमित साफ-सफाई करवाते रहे।

पालना केन्द्र में वर्कर एवं सहायिका भर्ती के लिए आवेदन 06 जनवरी 2025 आमंत्रित

गरियाबंद। गरियाबंद जिले को 04 पालना (क्रेश) केन्द्र के संचालन के लिए स्वीकृति प्राप्त हुई है। जिसमे संयुक्त जिला कार्यलय परिसर गरियाबंद, राजिम18 वार्ड-11, कोपरा02 वार्ड-09, रायपुर देवभोग मुख्य मार्ग आगनबाड़ी केन्द्र क. 01 के सामने किराये का भवन मैनपुर में जिसमें पालना वर्कर एवं सहायिका भर्ती किया जाना है। महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यक्रम अधिकारी अशोक पाण्डेय ने बताया कि पालना (आंगनबाड़ी सह पालना) का संचालन आदर्श रूप में 25 बच्चों के लिए संचालित किया जायेगा। जिसका समय प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक रहेगा। संचालित किये जाने वाले पालना में कामकाजी महिलाओं के 6 वर्ष तक के बच्चे रखें जायेंगे। प्रत्येक पालना निकट के आंगनबाड़ी केन्द्र से सम्बद्ध रहेगा ताकि इन बच्चों को आंगनबाडी केन्द्र की सेवायें भी उपलब्ध हो सके। इसकी संचालन के लिए क्रेश वर्कर एव केश सहायिका की पदस्थापना की जायेगी। इसके लिए शैक्षणिक योग्यता और नियुक्ति प्रक्रिया क्रेश वर्कर का आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं क्रेश सहायिका का आगनबाड़ी सहायिका के समान ही रहेगी। क्रेश वर्कर को प्रतिमाह 5500 रूपये मानदेय एवं क्रेश सहायिका को 3000 रूपये प्रतिमाह मानदेय दिया जायेगा।

आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड
(CIN: L65922RJ2011PLC034297) पंजीकृत एवं निगमित कार्या.: 201-202, द्वितीय मंजिल, साउथ एंड स्क्वायर, मानसरोवर इंडस्ट्रीयल एरिया, जयपुर-302020
Aavas FINANCIERS LTD SAPNE AAPKE, SAATH HAMAARA

कब्जा नोटिस

जबकि अधोहस्ताक्षरकर्ता **आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड** का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए ''वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002'' की धारा 13 (12) और सहपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम के नियम 9 के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में ऋणियों को मांग सूचना पत्र जारी किया गया। नीचे तालिका में उनके सामने दर्शाए अनुसार राशि का मांग पत्र प्राप्ति के 60 दिन के अंदर भुगतान करने की मांग की गयी। यह है कि ऋणी सम्बंधित राशियों का भुगतान करने में विफल रहे अतः ऋणीयों तथा आम जनता को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त एक्ट की धारा 13(4) सहपठित नियम 9 के नियमों के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में नीचे वर्णित सम्पत्तियों का अधिपत्य तालिका में उनके सामने दर्शाई गई दिनांक को ग्रहण कर लिया है। ऋणियों व जमानतियों को विशिष्टया तथा सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद् द्वारा सम्पत्तियों के साथ व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है। इन सम्पत्तियों के साथ किसी भी प्रकार का व्यवहार निम्न खातों के सामने दर्शाई गई बकाया राशि तथा उन पर ब्याज व खर्चों के लिए आवास फाइनेंस **आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड** के प्रभार के अध्यधीन होगा।

ऋणी का नाम	धारा 13 (2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि	बंधक संपत्ति का विवरण	कब्जे की तारीख एवं प्रकार
ओमप्रकाश साहु, श्री किशन लाल साहु, श्री किलेश्वर प्रसाद, श्रीमती बेदीन बाई साहु खाता सं. LNBHI00721-220218096	7 अप्रैल 2023 ₹ 1689598/- दिनांक 5 अप्रैल 2023	खसरा नं. 177/02 का भाग, पीएच नं. 42, गांव-चेटुवा, आरएनमाहिवाड़ा, तहसील-धमधा, जिला-दुर्ग, छत्तीसगढ़ क्षेत्रफल 9000 वर्ग फीट	भौतिक कब्जा दिनांक 17 दिसम्बर 2024

स्थान : जयपुर दिनांक : 20-12-2024 प्राधिकृत अधिकारी आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड

न्यायालय तहसीलदार सन्ना, जिला-जशपुर (छ.ग.)

// ईश्तहार // रा.प्र.क्र./अ-19(3)/2024-25
ग्राम भड़िया, तहसील सन्ना, जिला-जशपुर (छ.ग.)

एतद् द्वारा ग्राम भड़िया प.ह.नं. 15 रा.नि.मं. पण्डरापाठ, तहसील सन्ना जिला जशपुर के समस्त खास व आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक कार्यपालन अभियन्ता छ.ग. गृह निर्माण मण्डल सम्भाग जशपुर (छ.ग.) के द्वारा राज्य परियोजना समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ अनुसार ग्राम भड़िया स्थित हाई स्कूल के लिए 50 सीटर बालिका छात्रावास हेतु प्रस्तावित शासकीय भूमि मद चट्टान ख.नं. 442 रकबा 7.147 हे. में से रकबा 0.201 हे. भूमि का आबंटन किए जाने हेतु कलेक्टर जिला-जशपुर (छ.ग.) के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण जांच व प्रतिवेदनार्थ अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बगीचा के माध्यम से इस कार्यालय को प्राप्त हुआ है। प्रकरण की सुनवाई दिनांक 31.12.2024 को नियत है।

अतः इस ईश्तहार के जरिए आपको सूचित किया जाता है कि उक्त भूमि के आबंटन को लेकर जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा अपने वैद्य प्रतिनिधि के माध्यम से आगामी सुनवाई तिथि 31.12.2024 तक लिखित में दावा आपत्ति पेश कर सकते हैं, नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16.12.2024 को न्यायालय की सील मुहर व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
सन्ना, जिला-जशपुर (छ.ग.)

संपादकीय

भारत-श्रीलंका संबंध सामयिक आश्वासन

श्रीलंका ने नई दिल्ली को आश्वस्त किया है कि वह अपनी धरती का प्रयोग भारतीय सुरक्षा को खतरा पैदा करने के लिए नहीं करेगा। यह निश्चित रूप से भारत सरकार के लिए बहुत अच्छी खबर है। श्रीलंका के राष्ट्रपति ने कहा है कि उनका देश किसी को उनके क्षेत्र का प्रयोग भारतीय सुरक्षा को खतरा पैदा करने के लिए नहीं करने देगा। यह आश्वासन ऐसे समय आया है जब चीन आक्रामक रूप से भारत को निशाना बनाने के लिए 'मिशन इंडियन ओसेन' चला रहा है। श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ नई दिल्ली में वार्ता के बाद एक संयुक्त बयान में कोलंबो की स्थिति स्पष्ट की है। यह आश्वासन भारत-श्रीलंका संबंधों में महत्वपूर्ण घटना की तरह देखा जा रहा है क्योंकि चीन श्रीलंका के हंबनटोटा बंदरगाह का प्रयोग नौसैनिक निगरानी और जासूसी जहाजों को खड़ा करने के लिए कर रहा है जिसमें बैलिस्टिक मिसाइल ट्रैकिंग जहाज युवान वांग 5 भी शामिल है। हिंद महासागर में चीन की बढ़ती उपस्थिति नई दिल्ली के लिए चिन्ता का विषय है। हंबनटोटा बंदरगाह अब चीन को 99 साल के पट्टे पर दिया गया है क्योंकि श्रीलंका चीन का कर्ज नहीं अदा कर पा रहा था और यह चीनी नौसैनिक कार्रवाइयों का केन्द्र बन गया है। पिछले दो साल में बीजिंग ने वहां कई बार 25,000 टन क्षमता वाले उपग्रह व मिसाइल ट्रैकिंग जहाज युवान वांग 5 को कई बार खड़ा किया। उत्कृष्ट ट्रैकिंग व संचार व्यवस्थाओं से लैस यह जहाज संभवत: इस क्षेत्र की उपग्रह व मिसाइल गतिविधियों पर नजर रखता है और भारत के लिए रणनीतिक चुनौती पैदा करता है।

2022 में भारतीय सरोकारों को देखते हुए श्रीलंका ने थोड़े समय के लिए युवान वांग 5 की तैनाती रोक दी थी, पर अंतत: उसे 'आवश्यक आपूर्ति' के बहाने खड़े होने की अनुमति मिल गई। इसके बाद से चीनी निगरानी जहाजों ने नियमित रूप से हिंद महासागर में गश्त की है जिससे इस क्षेत्र में बीजिंग के रणनीतिक इरादों के बारे में भारत में संदेह पैदा होता है। भारत और श्रीलंका के बीच हुआ समझौता यह सुनिश्चित करने के लिए है कि श्रीलंका के समुद्र समेत उसके क्षेत्र का प्रयोग किसी प्रकार भारत की सुरक्षा या क्षेत्रीय शांति को खतरा पैदा करने के लिए नहीं होगा। यह नई दिल्ली के लिए स्वागत योग्य राहत है जिसमें हिंद महासागर क्षेत्र में स्थायित्व बनाए रखने को महत्वपूर्ण प्रतिबद्धता माना गया है। यह निश्चित रूप से रातोंरात नहीं हुआ है। भारत ने 2022 के आर्थिक संकट के दौरान श्रीलंका का लगातार समर्थन किया है जिससे दोनों देशों के बीच संबंध मजबूत हुए हैं। राष्ट्रपति दिसानायके ने भारत की सामायिक सहायता के लिए धन्यवाद दिया है जिसने सर्वाधिक चुनौती वाले एक समय में श्रीलंका की अर्थव्यवस्था को स्थिर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की थी। जहां तक चीन का संबंध है, यह श्रीलंका का प्रयोग पूरी तरह भारत को घेरने तथा हिंद महासागर में अपनी उपस्थिति बनाए रखने के लिए कर रहा है। श्रीलंका में चीन का प्रभाव खासकर कोलंबो द्वारा हंबनटोटा बंदरगाह परियोजना के लिए 1.7 बिलियन डालर का कर्ज न अदा करने के बाद बढ़ा है। भारत ने लगातार श्रीलंका में चीनी निवेशों और गतिविधियों के रणनीतिक प्रभावों पर चिन्ता प्रकट की है। इस पृष्ठभूमि में श्रीलंका के राष्ट्रपति का आश्वासन श्रीलंका के इस इरादे का संकेत देता है कि वह क्षेत्रीय स्थायित्व सुनिश्चित करते हुए दोनों क्षेत्रीय शक्तियों के बीच संबंधों में संतुलन रखना चाहता है। इस समझौते से यह तथ्य भी रेखांकित होता है कि कोलंबो भारत की सुरक्षा और क्षेत्रीय स्थायित्व को महत्व देते हुए आने वाले वर्षों में भारत-श्रीलंका के बीच संबंधों को ज्यादा मजबूत रणनीतिक स्वरूप देना चाहता है।

कीटनाशकों से विषाक्त होती मिट्टी

पंजाब में खेती एक भयानक यथार्थ का सामना कर रही है। उसकी जीवनरेखा, यानी मृदा खतरनाक जहरीले कीटनाशकों से अत्यधिक उच्च स्तर तक प्रदूषित हो गई है।

ए एस मित्तल
(लेखक, उद्योग क्षेत्र से जुड़े हैं)

समय आ गया है कि पंजाब अपने कृषि क्षेत्र के कटु यथार्थ का सामना करे जो एक भयानक विभीषिका बन गया है। भटिंडा, मानसा और लुधियाना जिलों में खेतों की मिट्टी के 60 प्रतितशत नमूनों में जहरीले कीटनाशकों के अंश बड़ी मात्रा में पाए गए हैं। इनमें घातक रसायन इंडोसल्फान व कार्बोफ्यूरान शामिल हैं और इनका स्तर किसी प्रकार सुरक्षित नहीं कहा जा सकता है। यह केवल चेतावनी न होकर पूरी तरह से सामने आया गंभीर संकट तथा टिक-टिक करता टाइम बम है।

कीटनाशकों और उर्वरकों के इस गैरजिम्मेदार प्रयोग से पंजाब के खेत बंजर हो रहे हैं। 5 दिसंबर को 'विश्व मृदा दिवस' पर हमें तेजी से विघटित होती कृषि व्यवस्था का सामना करना पड़ रहा है, जबकि दुनिया 'मृदा की देखभाल: उपाय, निगरानी एवं प्रबंधन' की बात कर रही है। ऐसे में पंजाब में पागलपन खतरनाक स्तर तक पहुंच रहा है। एक समय उर्वर भूमि तेजी से बंजर जमीन में बदल रही है और यह केवल शुरुआत है। जहरीले रसायन केवल मृदा में ही नहीं रहते हैं, बल्कि वे हमारी खाद्य श्रृंखला में शामिल हो जाते हैं तथा खाने के हर कौर के साथ धीरे-धीरे हमारे भीतर जहर भरते हैं। यह प्रक्रिया यहीं नहीं थमती है, बल्कि जहरीले रसायनों के अवशेष हमारे डीएनए में प्रवेश कर जाते हैं और इस प्रकार हमारे बच्चों तथा उनके भी बच्चों के लिए जेनेटिक परिवर्तन की जहरीली श्रृखला पीछे छोड़ते हैं। ऐसे में हम ऐसे भविष्य का सामना कर रहे हैं जहां स्वास्थ्य पर खतरों और जेनेटिक विघटन की आशंका मौजूद है।

यह भयानक विभीषिका अनेक पीढ़ियों तक जा सकती है। हम न केवल वर्तमान पीढ़ी का स्वास्थ्य नष्ट कर रहे हैं, बल्कि हम अपने बच्चों को भी अपनी मूर्खता और लालच के कारण बरबादी की ओर धकेल रहे हैं। भावी पीढ़ियों का भविष्य ही संकट में पड़ गया है और हमारी निष्क्रियता के हर क्षण के साथ अपरिवर्तनीय जेनेटिक परिवर्तनों का खतरा मंडरा रहा है। समय आ गया है कि हम जागें, यथार्थ से मुंह चुराना बंद करें तथा संकट का सीधे-सीधे सामना करें। ऐसा न होने पर भावी पीढ़ियों का जीवन भी संकट में पड़ जाएगा। भारत ने कीटनाशकों पर नियामक ढांचे की स्थापना 1968 में की थी, पर यह दयनीय रूप से पुरानी पड़ गई है और आधुनिक चुनौतियों का सामना करने में पूर्णत: विफ्ल है जिससे कृषि-रसायनों के खतरनाक दुरुपयोग का खतरा बढ़ता जा रहा है। हालांकि, इस ढांचे में संशोधन के प्रयास 2008 से जारी हैं, पर किसानों, उपभोक्ताओं और पर्यावरण की सुरक्षा में काफी कमियां हैं। 1968 के कीटनाशक कानून तथा 1971 के कीटनाशक नियमों में समग्र परिवर्तनों की आवश्यकता है ताकि वे कीटनाशकों के दुरुपयोग से पैदा बहुआयामी संकटों का सामना कर सकें।

कीटनाशक प्रबंधन विधेयक, 2020-पीएनबी को पुराने पड़ चुके कानूनों का स्थान लेने के लिए लाया गया था, पर इसमें महत्वपूर्ण सरोकारों को संबोधित किया जाना चाहिए। इस विधेयक में कीटनाशक पंजीकरण व लाइसेंसिंग प्रक्रियाओं को रेखांकित किया गया है, पर इसमें इनके खतरनाक प्रभाव से किसानों को भी समुचित सुरक्षा दी जानी चाहिए। 'पेस्टीसाइड एक्शन नेटवर्क'-पैन इंटरनेशनल के आंकड़ों से निराशाजनक तस्वीर सामने आती है। दुनिया भर में कीटनाशक विषाक्तता की दुर्घटनाओं से हर साल लगभग 11,000 लोगों की मौत होती है जिसमें अकेले भारत में खतरनाक रूप से 6,000 लोग हताहत होते हैं। इन आंकड़ों से स्वाभाविक रूप से कीटनाशक प्रयोग व्यवहारों और सुरक्षा उपायों में व्यापक कमियां उजागर होती हैं। अक्सर किसानों तथा ग्रामीण समाज को रसायनों के प्रयोग का खामियाजा भुगतना पड़ता है। यह खासकर गहन कृषि वाले क्षेत्रों, जैसे पंजाब में बहुत गंभीर है। धान और गेंहूं की खेती में कीटनाशक प्रयोग की दर खतरनाक रूप से बहुत ऊंची है। इसमें औसतन 77 किलो प्रति हेक्टर कीटनाशक प्रयोग होता है, जबकि राष्ट्रीय औसत 62 किलो प्रति हेक्टर है। कीटनाशक उपभोग में भारत में उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र के बाद पंजाब का तीसरा स्थान है। केन्द्रीय स्वायल सैलिनिटी रिसर्च इंस्टीट्यूट-सीएसएसआरआई के एक अध्ययन से पता चला है कि भारत में 6.74 मिलियन हेक्टर जमीन लवणीयता की शिकार है और कृषि-रसायनों के प्रयोग से स्थिति और खराब होती है।

लगातार कीटनाशकों के प्रयोग से 'माइक्रोबियल बायोमास' घट कर 30-50 प्रतिशत रह जाता है जिससे मृदा की उर्वरता प्रभावित होती है तथा जमीन फसलों को आवश्यक पोषक तत्व प्रदान करने में विफ्ल हो जाती है। ऐसे में आधुनिक कृषि के लिए कीटनाशकों पर कठोर नियंत्रण जरूरी है जिसमें कीटनाशक, फफूंदनाशक या खरपतवार नाशक शामिल हैं।

उनकी विषाक्त प्रकृति के कारण उनके पूरे जीवनचक्र पर ही कठोर नजर रखना बहुत जरूरी हो जाता है जिसमें उत्पादन से लेकर प्रयोग तक शामिल हैं। वर्तमान नियामक ढांचे में सामने आ रहे विषविज्ञान आंकड़ों के आधार पर पंजीकृत कीटनाशकों की समय-समय पर समीक्षा में अक्षमता दिखती है। इस लापरवाही के कारण आम जनता के स्वास्थ्य पर गंभीर खतरा पैदा होता है। यह खासकर ऐसे देश में और गंभीर हो जाता है जहां कीटनाशकों का ठीक से प्रयोग न करना बहुत व्यापक हो गया है। पिछले तीन दशकों में कीटनाशकों के बेलगाम प्रयोग पर नियंत्रण का प्रयास नहीं हुआ है। इनका प्रयोग बढ़ने का कारण अक्सर आक्रामक मार्केटिंग तथा अधिक फसल पैदा करने के लिए कीटनाशकों के अधिकाधिक प्रयोग की रणनीति है।

वर्तमान समय में प्रशिक्षण प्रयास तेज करने की जरूरत है। 1994-95 से 2020-21 के बीच कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्रालय के प्लांट प्रोटेक्शन विभाग ने समन्वित कीटनाशक प्रबंधन-आईपीएम में केवल 585,000 किसानों को प्रशिक्षण दिया। यह 150 मिलियन से अधिक किसानों वाले देश में बहुत कम है। कीटनाशक प्रबंधन के अंतरराष्ट्रीय कोड के अनुसार सरकारों तथा उद्योगों को किसानों तथा खुदरा विक्रेताओं को समग्र प्रशिक्षण एवं सूचनाओं से लैस करना चाहिए। इन संस्तुतियों का प्रभावी क्रियान्वयन होना चाहिए। अक्सर किसानों के संपर्क का एकमात्र साधन खुदरा विक्रेता होते हैं जो भ्रामक या आधी-अधूरी सूचनायें देते हैं। डेटा का उपयुक्त संग्रह न करना भी भारत में नियामक व्यवस्था के लिए समस्यायें खड़ी करता है।

राष्ट्रीय अपराध अभिलेख ब्यूरो-एनसीआरबी दस्तावेजों के अनुसार कीटनाशकों के कारण होने वाली मौतें तभी पंजीकृत होती हैं जब उनको मेडिको-लीगल मामलों के रूप में दर्ज किया जाए। इससे कीटनाशकों के गैर-संस्थागत हानिकारक प्रयोग तथा भयानक स्वास्थ्य दुष्प्रभावों के असंख्य मामले दर्ज नहीं हो पाते हैं। इसके कारण नीति निर्माण तथा जवाबदेही में बाधा पैदा होती है। भारत के कीटनाशक नियमन व्यवस्था में समुचित शिकायत निवारण व्यवस्था की कमी सामने आती है। किसानों तथा खेतिहर मजदूरों को कीटनाशकों के दुष्प्रभावों के मामले में न्याय व मुआवजा प्राप्त करने में भरी खर्च करना पड़ता है तथा इसकी प्रक्रिया बहुत जटिल है।

इसके अलावा राज्य सरकारें खतरनाक कीटनाशकों पर केवल अस्थाई प्रतिबंध लगा सकती हैं जिसकी अवधि केवल 60 दिन होती है। इससे बहुत बड़ा समुदाय इसके जोखिमों का शिकार बनता रहता है। खेतिहर मजदूरों को कीटनाशकों के दुरुपयोग का ज्यादा जोखिम उठाना पड़ता है, जबकि उनको स्वास्थ्य जोखिम से निपटने के लिए सुरक्षा उपकरणों को खासकर गरम और नम माहौल वाले कृषि क्षेत्रों में जरूरी है। हालांकि, उपभोक्ता संरक्षण कानून सिद्धान्त रूप से किसानों पर भी लागू होता है, पर कीटनाशक निर्माताओं द्वारा भ्रामक लेबिलों या अधोमानक उत्पादों के प्रयोग के खिलाफ कानूनी लड़ाई आसान नहीं है।

ऐसे में भारत को एक किसान-केन्द्रित कानूनी ढांचा तैयार करना चाहिए जो अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप हो क्योंकि यही कृषि को सुरक्षित और टिकाऊ बनाने का एकमात्र रास्ता है। सरकार को खतरनाक कीटनाशकों पर तत्काल प्रतिंध लगा कर किसानों के स्वास्थ्य तथा उपभोक्ताओं की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अंतरराष्ट्रीय मानक लागू करने चाहिए।

प्रगति के पथ पर भारतीय अर्थव्यवस्था

> लगातार मुद्रास्फीति, बैंकिंग क्षेत्र में मंदी और पर्यावरण संबंधी चिंताओं जैसी चुनौतियां बाधाएं खड़ी करती रहती हैं।

कजलीन कौर
(लेखिका, सह प्रोफेसर हैं)

भारत ने खुद को जी20 देशों में सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित कर लिया है, जिसकी अनुमानित जीडीपी वृद्धि दर वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 6.5 प्रतिशत-7 प्रतिशत है। यह उल्लेखनीय प्रक्षेपवक्र वैश्विक चुनौतियों के बावजूद देश की आर्थिक लचीलापन और अपार क्षमता को रेखांकित करता है। वर्ष 2024 भारत के आर्थिक परिदृश्य की एक ज्वलंत तस्वीर प्रस्तुत करता है, जिसमें उल्लेखनीय उपलब्धियां और उभरती चुनौतियाँ शामिल हैं।

प्रगति के सबसे महत्वपूर्ण संकेतकों में से एक रोजगार में पर्याप्त सुधार है। बेरोजगारी दर 2017 में 6 प्रतिशत से घटकर 2024 में प्रभावशाली 3.2 प्रतिशत हो गई है, जो सभी क्षेत्रों में मजबूत रोजगार सृजन को दर्शाता है। प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) में भी नाटकीय उछाल आया है, जो 2024-25 की पहली छमाही में सालाना आधार पर 45 प्रतिशत बढ़कर 29.79 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया, जिसमें सेवाओं, दूरसंचार और फार्मास्यूटिकल्स में प्रमुख प्रवाह शामिल है। इस गति को आगे बढ़ाते हुए, भारत का विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 704.89 बिलियन डॉलर हो गया, जो अकेले इस वर्ष 87.6 बिलियन डॉलर की वृद्धि से प्रेरित है। इस वृद्धि में विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों में 10.468 बिलियन डॉलर की वृद्धि और स्वर्ण भंडार में 2 बिलियन डॉलर की वृद्धि शामिल है, जो अब 65.7 बिलियन डॉलर हो गया है।

भारत का फिनटेक क्षेत्र वैश्विक मंच पर चमकना जारी रखता है, जो यूएसए और यूके के बाद तीसरी सबसे बड़ी फिनटेक अर्थव्यवस्था के रूप में स्थान पाता है। देश दुनिया का चौथा सबसे बड़ा शेयर बाजार भी है, जिसका बाजार पूंजीकरण 4.33 ट्रिलियन डॉलर है, जो हांगकांग से आगे है। डिजिटल भुगतान में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर

एकीकृत भुगतान इंटरफ़ेस के साथ हासिल किया गया, जिसके कारण 2024 में लेनदेन मूल्य 200 ट्रिलियन रुपये तक पहुंच गया, जबकि पिछले वर्ष यह 139 ट्रिलियन रुपये था। भारत ने वैश्विक मंच पर भी अपनी छाप क्षमता का प्रदर्शन किया, फ्रांस के साथ डिजिटल भुगतान समझौते के हिस्से के रूप में पेरिस के एफिल टॉवर में इस प्रणाली की शुरुआत की। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) राजस्व संग्रह भी अभूतपूर्व स्तर पर पहुंच गया, जो 2.10 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया - जो पिछले वर्ष की तुलना में 12.4 प्रतिशत की पर्याप्त वृद्धि है। यह वृद्धि घरेलू लेनदेन में 13.4 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि और आयात में 8.3 प्रतिशत की वृद्धि से प्रेरित थी, जो भारत के कर बुनियादी ढांचे की ताकत को दर्शाता है। इन आशाजनक आंकड़ों के बीच, कुछ चुनौतियां अभी भी बनी हुई हैं। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक द्वारा मापी गई मुद्रास्फीति लगातार उच्च बनी हुई है, जो 5 प्रतिशत से अधिक है। बैंकिंग क्षेत्र में मंदी देखी गई है, नवंबर 2024 में ऋण वृद्धि पिछले वर्ष के 20.6 प्रतिशत से घटकर 11 प्रतिशत रह गई। जमा वृद्धि में भी कमी आई है, बैंकों ने अप्रैल और नवंबर के बीच 13.8 लाख करोड़ रुपये जमा किए हैं, जबकि पिछले साल इसी अवधि में 16.1 लाख करोड़ रुपये जमा हुए थे। जवाब में, भारतीय रिजर्व बैंक ने नकदी प्रवाह में सुधार और ऋण वृद्धि को प्रोत्साहित करने के लिए दिसंबर में नकद आरक्षित अनुपात को 50 आधार अंकों से घटाकर 4 प्रतिशत कर दिया। गुणात्मक संकेतक मिश्रित तस्वीर पेश करते हैं। यूएनडीपी लैंगिक असमानता सूचकांक में भारत 14 पायदान ऊपर चढ़ा, जो लैंगिक अंतर को पाटने में महत्वपूर्ण प्रगति को दर्शाता है।

इसने वैश्विक नवाचार सूचकांक में भी अपनी स्थिति में सुधार किया, जो उद्यमशीलता गतिविधि, जीवंत स्टार्टअप और सफल सार्वजनिक-निजी भागीदारी द्वारा संचालित 133 वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं में 40वें से 39वें स्थान पर पहुंच गया। मानव विकास रिपोर्ट 2023-24 ने भारत को 193 देशों में 134वें स्थान पर रखा, जो जीवन प्रत्याशा, शिक्षा और सकल राष्ट्रीय आय में वृद्धि को दर्शाता है। हालाँकि, हैप्पीनेस इंडेक्स में कोई प्रगति नहीं देखी गई, जहाँ भारत 126वें स्थान पर बना हुआ है, जिसका मुख्य कारण वृद्ध नागरिकों में असंतोष, कथित भेदभाव और खराब स्वास्थ्य मीट्रिक हैं। इसके अलावा, भारत पर्यावरण प्रदर्शन में संघर्ष कर रहा है, 180 देशों में से 176वें स्थान पर है। वायु गुणवत्ता, जैव विविधता हानि और ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन जैसी चुनौतियों पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है।

जैसे-जैसे भारत इन जटिलताओं से निपट रहा है, यह महत्वपूर्ण बदलावों से भी गुजर रहा है। अमेरिकी अर्थव्यवस्था एक नए चरण में प्रवेश कर चुकी है, और भारत ऋछ नेतृत्व में बदलाव देख रहा है, जिसमें संजय मल्होत्रा शक्तिकांत दास के कार्यकाल के बाद 26वें गवर्नर के रूप में कार्यभार संभाल रहे हैं। जबकि वित्त वर्ष 2024-25 का अंतिम मूल्यांकन अभी भी लंबित है, भारत की विकास कहानी एक उज्जवल भविष्य के लिए आशावाद और 'विकसित भारत 2047' के दृष्टिकोण के लिए एक मजबूत आधार प्रदान करती है।

आप की बात

अंत भला तो सब भला

महाराष्ट्र में भाजपा नीत 'महायुति' को असाधारण जनादेश मिला। भाजपा नीत महायुति को विधानसभा चुनावों में भारी विजय मिली और वह 288 सदस्यों वाले सदन में 230 सीटें जीतने में सफ्ल रही। शिंदे की शिवसेना तथा अजीत पवार की रांकापा ने भी बेहतर प्रदर्शन किया। शिवसेना को 57 और रांकापा को 41 सीटों पर विजय मिली। इस परिणाम से कांग्रेस नीत 'महाविकास अघाड़ी'-एमवीए को भारी निराशा मिली। देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस का राज्य विधानसभा में प्रदर्शन अब तक का एक सबसे खराब प्रदर्शन रहा और वह केवल 16 सीटें जीत सकी। शरद पवार के नेतृत्व वाली रांकापा को केवल 10 सीटें मिलीं, जबकि उद्धव ठाकरे की शिवेसना को केवल 20 सीटों पर सफ्लता मिली। लेकिन इस सफ्लता के बावजूद चुनाव पश्चात परिदृश्य उथलपुथल से भरा दिख रहा है। कहा जाता है कि महायुति के दो गठबंधन सहयोगियों के बीच मुख्यमंत्री पद को लेकर काफी टकराव रहा। वैसे भी भाजपा के महाराष्ट्र में सर्वोच्च नेता के रूप में फ्डनवीस के व्यापक रूप से मुख्यमंत्री पद पर आने की आशा थी। शिवसेना ने गठबंधन की विजय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और एकनाथ शिंदे मुख्यमंत्री पद अपने पास रखने के इच्छुक थे। लेकिन कई दिन चली वार्ताओं के बाद वे अंतत: फ्डनवीस को अपना स्थान देने के लिए तैयार हो गए।

- **सुचिता शांडिल्य**, आगरा

मानसिक स्वास्थ्य का महत्व

जिस तरह हम अपने शारीरिक स्वास्थ्य का ख्याल रखते हैं, उसी तरह हमारे मानसिक स्वास्थ्य का ख्याल रखना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। घर में एक खुशहाल, सहायक और समझदार माहौल बनाने में माता-पिता की अहम भूमिका होती है। चिंता, डर और अवसाद जैसी मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं आम हैं, और ये बदमाशी, पारिवारिक संघर्ष, स्कूल या जीवन में बदलाव, शैक्षणिक तनाव या यहां तक कि कठोर दंड के कारण उत्पन्न हो सकती हैं। ये चुनौतियां बच्चों को अलग-थलग, क्रोधित या अपनी पढ़ाई पर ध्यान न देने का एहसास करा सकती हैं। यह समझना महत्वपूर्ण है कि परामर्शदाताओं, चिकित्सकों या माता-पिता या शिक्षकों जैसे विश्वसनीय वयस्कों से मदद लेना ताकत का संकेत है, कमज़ोरी का नहीं। आज, पांच में से एक व्यक्ति मानसिक स्वास्थ्य चुनौतियों का सामना कर रहा है। थेरेपी जैसे पेशेवर समर्थन भावनात्मक भलाई में काफी सुधार कर सकते हैं। योग, खेल और ध्यान जैसी गतिविधियां भी मन को शांत करने और तनाव को कम करने के लिए प्रभावी हैं। इसके अतिरिक्त, माइंडफुलनेस का अभ्यास करना - वर्तमान क्षण पर ध्यान केंद्रित करना, बच्चों को अधिक शांतिपूर्ण और केंद्रित महसूस करने में मदद कर सकता है। अच्छी आदतें, जैसे पर्याप्त नींद लेना, स्वस्थ भोजन खाना और हाइड्रेटेड रहना, मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य दोनों का समर्थन करती हैं।

- **सुनील वार्ष्णेय**, कानपुर

बांग्लादेश पर लगाम लगे

भारत के लिए बांग्लादेश सीमा सुरक्षा तथा क्षेत्रीय स्थायित्व बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण साझीदार है। दोनों देशों के बीच मजबूत आर्थिक और सांस्कृतिक संबंध हैं जिससे लंबे समय तक गतिरोध संकट का कारण बन सकता है। लेकिन वर्तमान समय में परस्पर विश्वास लगभग समाप्त हो गया है। भारत ने बार-बार बांग्लादेश से अनुरोध किया है कि वह अल्पसंख्यकों के खिलाफ जारी हिंसा से निपटे। दूसरी ओर बांग्लादेश के अधिकारियों का कहना है कि भारतीय मीडिया का एक हिस्सा जानबूझ कर गलत सूचनायें फैलाता है। भारत और बांग्लादेश के बीच अच्छे संबंध रहे हैं, ऐसे में दोनों देशों को तत्काल तनाव घटाने के प्रयास करने चाहिए। हिंदू संत चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी से पैदा तनाव तत्काल दूर करने के प्रयास होने चाहिए। उनको जल्दी से जल्दी रिहा करने के साथ ही बांग्लादेश में अल्पसंख्यक अधिकारों के उल्लंघन पर उठ रहे सवालों को संबोधित करना होगा। भारत की जनता बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमलों पर स्वाभाविक प्रतिक्रिया करती है, ऐसे में बांग्लादेश को अपने देश में कट्टरपंथियों पर कठोरता से लगाम लगानी चाहिए। भारत के सामने बांग्लादेश की हैसियत कुछ नहीं है अत: भारत लगाम कसने में सक्षम है।

- **सीमांत कक्कड़**, लखनऊ

कांग्रेस करे पुनर्विचार

हालिया चुनाव परिणाम दलगत विकास में खोए अवसरों का खुलासा भी करते हैं। यदि कांग्रेस ने अतीत की गलतियों से बेहतर सबक सीखे होते और आवश्यक परिवर्तन किए होते तो उसका प्रदर्शन बेहतर हो सकता था। कांग्रेस ने चुनाव-पश्चात स्थितियों पर वैसे विश्लेषण नहीं किए जैसे पचमढ़ी या शिमला सम्मेलनों में किए गए थे। देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस विपक्ष के नेता राहुल गांधी तथा उनके द्वारा चयनित सहयोगियों के नियंत्रण में है। हालांकि, राहुल गांधी ने हालिया विधानसभा चुनावों में कड़ी मेहनत की तथा व्यापक अभियान चलाया, पर पार्टी बेहतर नतीजे नहीं दिखा सकी। इन परिणामों से संकेत मिलता है कि उन्होंने अभी हालिया हरियाणा विधानसभा चुनाव परिणाम से कोई सबक नहीं सीखा है और वे प्रदेशों में दूसरों को अनदेखा कर केवल एक नेता पर अत्यधिक निर्भर हैं। जनता से संबंध विच्छेद इस बात का स्पष्ट संकेत है कि पार्टी को अपनी रणनीति पर पुन: विचार करना होगा, और अल्पसंख्यकवाद की राजनीति से बाज आना होगा।

- **अजय महावर**, सीतापुर

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

धान खरीदी केंद्र का अभी तक एक बार भी नहीं हुआ है परिवहन

लिमिट से अधिक धान खरीदने के बाद भी परिवहन नहीं, कई धान खरीदी केंद्र बंद

पायनियर संवाददाता ◂ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

जिले में इन दिनों धान खरीद केंद्र के माध्यम से किसानों के धान खरीदे गए हैं और सभी धान खरीदी केंद्रों में धान खरीदने का लिमिट अलग अलग है लेकिन परिवहन की लेक़रर व्यवस्था के चलते अभी तक जिले के कई धान खरीदी केंद्रों में धान खरीदी काम एक माह से अधिक होने के बाद भी परिवहन एक भी बार नहीं हुआ है वहीं कई धान खरीदी केंद्रों में खरीदे गए धान लिमिट से अधिक होने के बाद परिवहन नहीं नहीं होने से वहां किसानों का धान खरीदी का काम बंद हो गया है। जबकि धान परिवहन की रफ्तार इसी अंदाज से लगाया जा सकता है कि कई धान खरीदी केंद्रों में मात्र एक से दो परसेंट ही खरीदे गए धान का परिवहन हो पाया है इससे जहां एक तरफ किसान धान बचने के लिए परेशान है तो दूसरी तरफ धान खरीदी केंद्र के समिति प्रबंधक खरीदी के बाद भी धान का परिवहन नहीं होने से परेशान है इसके साथ ही इन धान खरीदी खरीदे गए धान के रखरखाव भी एक समस्या के रूप में खरीदी केंद्र में बनी हुई है। जिले में 15 नवंबर से धान खरीदी का काम शासन के द्वारा धान खरीदी केंद्रों के माध्यम से किया जा रहा है जिसके अंतर्गत बेमेतरा जिले में

129 धान खरीदी केंद्र के माध्यम से किसानों की धान खरीदी की जा रही है, जिसमें अभी तक कल 3824091.73 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है और इसमें पूरे 129 धान खरीदी केंद्रों में खरीदे गए धान का परिवहन का प्रतिशत मात्रा 9.4 है यानी कि अभी तक 10 परसेंट भी खरीदे गए धान का परिवहन नहीं किया जा सकता है। इसके संबंध में बार-बार सभी स्तर पर आवाज उठा रहे हैं लेकिन अभी तक प्रशासन और शासन किस तरफ अभी तक गंभीरता दिखाई नहीं दे रही है यही कारण है कि जिले की कई धान खरीदी केंद्रों में लिमिट से अधिक ध्यान खरीदा गया है जिसके परिवहन नहीं होने से किसानों के धान का खरीदना का कार्य बंद कर दिया गया है।

16 धान खरीदी केंद्र में नहीं हुआ है अभी तक एक भी बार परिवहन

जिले में 129 धान खरीदी केदो के माध्यम से किसानों के धान खरीदा तो जा रहा है। इन धान खरीदी केंद्रों में 15 नवंबर से प्रारंभ हुआ था जो अभी भी चल रहा है, लेकिन जिले के 14 ऐसे धान खरीदी केंद्र है जहां पर अभी तक किसानों की खरीदे गए। धान का परिवहन शासन के द्वारा नहीं किया गया है, परिणामस्वरुप इन 14 केंद्रों में लिमिट से अधिक डंप हो गया है। जानकारी के अनुसार जिन धान खरीदी केदो में अभी तक के परिवार नहीं हुआ है उसमें अनंदगांव, कुम्ही लुक, गोढगिरी, राखी लावातरा, सहसपुर सुरहोली, तेंदुआ पदमी बारगांव, तेंदुआ सुरहोली, बसनी, चक्रवाय सहसपुर परसबोड क्षेत्र के किसानों से खरीदें गया धान का अभी तक एक बार भी परिवहन नहीं किया जा सका।

कई धान खरीदी केंद्र मे परिवहन नहीं होने से किसानों का धान लेना बंद

जिले में 129 खरीदी केंद्र है इन खरीदीं केंद्रों में शासन के द्वारा लिमिट तक कर दिया गया है और लिमिट से अधिक होने के बाद धान का परिवहन होना अनिवार्य रहता है लेकिन जिले के कई धान खरीदी केंद्रों में लिमिट से डेढ़ गुना 2 गुना धान खरीदा गया है उसके बावजूद वहां पर धान का परिवहन नहीं हो पा रहा है। फलस्वरुप किसानों के से खरीदे गए धान को रखने की जगह की समस्या आ रही है, जिसके चलते जिले के कई धान खरीदी केंद्र अब बंद हो गए हैं या बंद होने के कगार पर है। इस संबंध में जानकारी के अनुसार जिले के जेवरा कठिया डगनिया देवर वीजा, बाबा मोहतरा संबलपुर मुटापुरा गोड़ी कला गनियारी सैगोना कुरुद खंडसारा पेंडी तराई अतरिया बेमेतरा क्षेत्र के झाल सहित अनेकों धान खरीदी केंद्र जहां आज की तारीख में किसानों का धान नहीं लिया जा रहा है। इस संबंध में जानकारी के अनुसार किसानों के धान खरीदने के बाद भी लिमिट से अधिक हो गया है और परिणामस्वरूप वहां पर जगह की समस्या है इससे किसानों के धान की खरीदी तब तक नहीं हो सकती जब तक के वहां से खरीदे गए धान का परिवहन ना हो पाएगा।

पीएमश्री सेजस कुम्हारी के विद्यार्थियों ने प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं कलाकृतियों का किया प्रस्तुतीकरण

पायनियर संवाददाता ◂ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

पीएमश्री सेजस कुम्हारी में सरकार गठन के 1 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन 8 से 20 दिसंबर तक कराये जाने के क्रम में 7 विद्यालय के कक्षा छठवीं से आठवीं तक के छात्र-छात्राओं ने प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं व सुशासन पर जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, न्यौता भोज, महतारी वंदन महतारी दुलार,

पोषण अभियान जैसी योजनाओं व सुशासन व्यवस्था पर मनमोहक चित्रकला, पोस्टर बना कर प्रदर्शित किया। कक्षा सातवीं के छात्र-छात्राओं को सुशासन व्यवस्था पर पोस्टकार्ड में पत्र लेखन कराया गया। मेहंदी और रंगोली प्रतियोगिता के माध्यम से छात्र-छात्राओं ने सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए मनमोहक कलाकृतियों का प्रस्तुतीकरण किया। उक्त सभी कार्यक्रम विद्यालय की प्राचार्या लता रघुकुमार, प्रधान पाठिका शीतल नैय्यर एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन पर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

सतनामी समाज ने निकाली भव्य सतनाम शोभायात्रा

पायनियर संवाददाता ◂ उतई
www.dailypioneer.com

गुरु घासीदास बाबा के जयंती के शुभ अवसर पर जय सतनाम युवा संदेश व उतई परिक्षेत्र सतनामी समाज के सयुक्त तत्वावधान में भव्य जय सतनाम शोभायात्रा उतई में निकाली गई। सतनाम युवा संदेश समिति के अध्यक्ष ओमकार चतुर्वेदी ने बताया कि मनखे मनखे एक समान, जीव हत्या नहीं करना, मांसाहार नहीं करना, सत्य पर अडिग रहना, मूर्ति पूजा नहीं करना, चोरी दुआ से दूर रहना, किसी प्रकार की कोई नशा नहीं करना, जाती पाती के प्रपंच में नहीं पढ़ना, स्त्रियों का सम्मान करना इन संदेशों को जन जन तक पहुँचने के लिए शोभायात्रा का आयोजन किया गया है। शोभायात्रा की शुरुआत ग्राम पंचायत डुमरडीह में पूजा अर्चना कर उतई स्थित मिनी माता चौक पहुँचा। जहाँ पर समाज के वरिष्ठ नागरिकों द्वारा शोभायात्रा को स्वेत ध्वज दिखा कर शुभारंभ किया गया। शोभायात्रा बस स्टैंड होते हुए हथखोज पारा से गांधी चौक से बाजार चौक होते हुए वापस मिनीमाता चौक पर समापन हुआ। शोभायात्रा का समाज के नागरिको ने विभन्न जगह पर बाबा के प्रतीक चिन्ह जैतखंभ का पूजा अर्चना कर शोभायात्रा का स्वागत किया गया। शोभायात्रा के साथ साथ बालिका पंथी दल व बालक पंथी दल शोभायात्रा में मनमोहक पंथी नृत्य करते हुए साथ चल रहे थे। जो लोगो के लिए आकर्षण का केन्द्र रहा। साथ मे समाज के लोग भी डीजे के धुन में पंथी नृत्य कर शोभायात्रा का आनंद लेते हुए साथ चल रहे थे। शोभायात्रा को सफल बनाने के लिए जय सतनाम युवा संदेश के अध्यक्ष ओमकार चतुर्वेदी, उमेश पाटिल, लोकेश जोशी, चित्रांशु नोरके, कुंदन मधुकर, जसवंत कुर्रे, सूरज बंदे, संदीप बंजारे, दिवाकर गायकवाड, दिनेश देशलरे, लता सोनवानी, राज ढीढी ने अमूल्य योगदान दिया।

शिकसा ने आओ भजे जय सतनाम का किया आयोजन

बाबा घासीदास के विचारो को आत्मसात करना चाहिए : शिवनारायण

पायनियर संवाददाता ◂ उतई
www.dailypioneer.com

शिक्षक कला व साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ ने गुरू घासीदास जयंती के अवसर पर आओ भजे जय सतनाम का आयोजन संयोजक डॉ.शिवनारायण देवांगन आस के संयोजन विजय कुमार प्रधान कार्यक्रम प्रभारी के उपस्थिति एवं टीकाराम सारथी हसमुख प्राचार्य चुरतेली व सलाहकार शिकसा के अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना चन्द्रकला शर्मा प्रधान पाठक वार्ड 12 बेमेतरा व राजगीत विंध्यवासिनी पांडेय सहा. शिक्षक मगरदा कबीरधाम ने प्रस्तुत कर किया। सर्वप्रथम संस्थापक व संयोजक डॉ. शिवनारायण देवांगन आस ने कार्यक्रम के विषय में जानकारी दिया और कहा कि हमें बाबा घासीदास के विचारों को आत्मसात करने की आवश्यकता है इसमें ज्यादा से ज्यादा शिक्षक शामिल होकर अपनी प्रतिभा को पहचान दे रहे है। तदपश्चात प्रांताध्यक्ष कौशलेंद्र पटेल, संगठन मंत्री राधेश्याम कंवर व

कार्यक्रम प्रभारी विजय कुमार प्रधान ने अपना अपना उदबोधन प्रस्तुत करते हुए शिकसा व कार्यक्रम के विषय में जानकारी दिया गया। अंत में कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे टीकाराम सारथी हसमुख ने अपने अध्यक्षीय उदबोधन में सबका समीक्षा करते हुए अपनी बात रखे अंत में गीत सुनाकर मंत्रमुग्ध किया। कार्यक्रम में रेखा पात्रे सहा. शिक्षक डोंगियापारा बेलादुला सक्ति, शशिकला पाण्डेय उच्च वर्ग शिक्षक कुरुद भिलाई, रामकुमार पटेल व्याख्याता मचखंडा बिलासपुर, मोहित कुमार शर्मा शिक्षक परसदा पाटन दुर्ग, शिवकुमार अंगारे से.नि. शिक्षक बंगला मटिया बालोद, ओ.पी. कौशिक रतनपुरिहा प्रधान पाठक कुडकई पेंडरा, हेमा चन्द्रवंशी प्रधान पाठक खुर्सीपार भिलाई, नैना साहनी प्रधान पाठक गोढिहारी विलाईगढ, चन्द्र कुमार चन्द्रा व्याख्याता तुषार सक्ती, दिनेश कुमार दुबे उच्च वर्ग शिक्षक तखतपुर बिलासपुर, मदन लाल तोमर व्याख्याता खुरसुला बिलाईगढ़, मनोहर लाल यादव प्रधान पाठक भिलाई बलौदा जांजगीर, सुधा उपाध्याय शिक्षिका सिहोरा म.प्र., सती मरकाम सहा.शिक्षक ढोंगईटोला कबीरधाम, पुष्पाजंलि ठाकुर व्याख्याता मुरडोंगर ने गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन राधेश्याम कवंर व्याख्याता पीथमपुर जांजगीर व हरमन कुमार बघेल व्याख्याता आरंग रायपुर तथा आभार प्रदर्शन डॉ.शिवनारायण देवांगन संयोजक शिकसा ने किया।

गुरु घासीदास ने मानवता और भाईचारे का संदेश दिया, जो आज भी सार्थक है : विधायक दीपेश

पायनियर संवाददाता ◂ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेमेतरा नगर के मोहभटटा रोड़ जोड़ा जैतखाम में आयोजित गुरु घासीदास जयंती समारोह में विधायक दीपेश साहू बतौर मुख्यअतिथि शामिल हुए। सर्वप्रथम विधायक ने गुरुगदद्दी व जैतखंभ की पूजा अर्चना कर क्षेत्र वासियों की खुशहाली व समृद्धि की कामना किया। इस अवसर पर विधायक ने समाज के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आज हम सभी गुरु घासीदास की जयंती हर्षोल्लास के साथ मना रहे हैं। बाबा का संदेश है की मनखे-मनखे एक समान इससे बढकर दूसरा कोई संदेश नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि बाबा गुरु घासीदास के मानवता और भाईचारे का संदेश दिया है जो आज भी सार्थक है। उन्हें कहा कि बाबा के सत्य के रास्ते में चलने का संदेश दिया है। जैतखाम में सफेद ध्वजा शांति भाईचारे का प्रतीक है। गुरु घासीदास ने छत्तीसगढ़ में सतनामी समुदाय की स्थापना 'सतनाम' के सिद्धांत पर की, जिसका अर्थ हैं सत्य और समानता। वे एक प्रतिष्ठित व्यक्तित्व थे, जिन्होंने जातिगत भेदभाव और अस्पृश्यता जैसी सामाजिक बुराइयों के खिलाफ आवाज उठाई। गुरु घासीदास ने सत्य का प्रतीक जय स्तंभ की रचना की, एक सफेद रंग का लकड़ी का लट्ठा, जिसके शीर्ष पर एक सफेद झंडा होता हैं, जो सत्य के मार्ग पर चलने वाले श्वेत व्यक्ति का प्रतीक हैं। 'सतनाम' सदैव स्थिर रहता हैं और सत्य का स्तंभ (सत्य स्तंभ) माना जाता हैं तथा मनखे मनखे एक समान के महान विचार से समाज में समरसता और समानता की अलख जगाने वाले सतनाम पंथ के प्रवर्तक संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास जी के बताऐ रास्ते सम्पूर्ण मानव समाज के लिए पथप्रदर्शक हैं, बाबा की जयंती पर उन्हें कोटि कोटी प्रणाम। इस अवसर पर शहर मण्डल अध्यक्ष मोंटी साहू, विकास तंबोली, धर्मेंद्र साहू, युगल देवांगन,सर्व हिन्दू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश तिवारी, गोलू कोसले, रेवा राम निषाद, ओमकर साहू, दीनानाथ साहू सहोद्रा नवरंगे, जीडी कुर्रे, राजेश मार्केंडेय, अरुण कुमार खरे, पियूष शर्मा, राजेश मार्केंडेय, खेलन सोनवानी विजय पात्रे, मुकेश कुर्रे, हरिचंद, अजय, नीलेश, पियूष शर्मा, डॉ नरेश साहू, विजय पात्रे, डॉ प्रकाशभारती, केवल सोनवानी, टेकराम कुर्रे, गोपाल नवरंगे आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन राजेश नवरंगे द्वारा किया गया।

थाना खम्हरिया में 104 पौवा शराब के साथ एक आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◂ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

थान खमरिया पुलिस के द्वारा 104 पौवा शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस द्वारा अवैध शराब, गांजा, नशीली पदार्थो, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, बाउंड ओवर, गुंडा बदमाशों, फरार स्थायी वारंटियो, सामाजिक सौहार्द बिगाडने वालों, यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों तथा माईनर एक्ट के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही लगातार की जा रही है जिसके तहत थाना खम्हरिया पुलिस द्वारा ग्राम कुरदा मे रेड कार्यवाही कर आरोपी ओमकार उर्फ ओंकार पिता परमेश्वर बघेल उम्र 22 साल साकिन कुरदा थाना थान खम्हरिया जिला बेमतरा को अवैध रूप से अपने कब्जे में बिक्री करने हेतु शराब रखे 104 पौवा अंग्रेजी/ देशी प्लेन/ मसाला शराब (18,720एमएल) किमती 12,000/- रूपये के साथ पकड़ कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत वैधानिक कार्यवाही किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना खम्हरिया प्रभारी उप निरीक्षक राजकुमार साहू, प्रधान आरक्षक सुरेन्द्र तिवारी, आरक्षक मुकेश चंद्रवंशी, बलदेव निषाद, महिला आरक्षक सुशीला ध्रुव एवं अन्य

सेवा सहकारी समिति मर्यादित बेमेतरा के अध्यक्ष बने दोहाई लाल वर्मा, विधायक दीपेश साहू का जताया आभार

पायनियर संवाददाता ◂ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

सेवा सहकारी समिति मर्यादित बेमेतरा के सीमित अध्यक्ष दोहाई लाल वर्मा बने अध्यक्ष बनने के बाद दोहाई लाल वर्मा अपने समर्थको के साथ विधायक कार्यालय पहुंचे, जहाँ विधायक दीपेश साहू का सोसायटी अध्यक्ष मनोनीत करने पर धन्यवाद एवं आभार प्रकट किया। इस दौरान विधायक साहू अध्यक्ष मनोनीत होने पर दोहाई लाल वर्मा को मिठाई खिलाकर भाजपा गमछा पहनाकर स्वागत अभिनन्दन क़र बधाई एवं शुभकामनायें दिया। इस दौरान विधायक दीपेश साहू ने कहा की आपके नेतृत्व में सोसायटी निश्चित रूप से विकास के नए आयाम स्थापित करेगी। आपकी ईमानदारी, कड़ी मेहनत और नेतृत्व क्षमता से क्षेत्र की प्रगति को नया बल मिलेगा। हमें पूर्ण विश्वास है कि आपके मार्गदर्शन में सहकारी समिति किसानों और क्षेत्रवासियों के कल्याण के लिए उत्कृष्ट कार्य करेगी। आपको नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएँ। अध्यक्ष दोहाई लाल वर्मा ने कहा कि जो जिम्मेदारी पार्टी द्वारा मुझे दी गई है। उसको सत्य निष्ठा के साथ सीमित के हित में किसानों के हित में कार्य करूंगा तथा हमेशा किसानों के समस्याओं के समाधान करने के लिए तत्पर रहूंगा। वर्मा ने अपने शीर्ष नेतृत्वकर्ता बेमेतरा विधायक दीपेश साहू का आभार व्यक्त किया कि सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष मनोनीत पर आभार प्रकट किया। इस अवसर पर शहर मण्डल अध्यक्ष मोंटी साहू, धर्मेंद्र साहू, विकाश तम्बोली, तारण राजपूत, देवराम साहू पार्षद, यशवंत लहरे, रेवा राम निषाद, सहित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

भाजपा की पहचान विकास वाद और राष्ट्रवाद : प्रज्ञा निर्वाणी

पायनियर संवाददाता ◂ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

राष्ट्र के लिए भक्ति भाव और राष्ट्रवासियों के लिए भातृ भाव की भावना से राजनीति करने का मंच है भारतीय जनता पार्टी सिखाती है कि कैसे समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति की चिंता करनी है, उक्त बातें ग्राम पंचायत ढोलिया में 15 वे वित्त की राशि से सी सी रोड के निर्माण के लिए हो रहे भूमिपूजन के लिए बतौर मुख्य अतिथि पहुँची जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने उपस्थित पंच सरपंचों से कही, जोहन के घर से आंगनबाड़ी तक पहुचने के गलिंक सीमेंटीकरण कार्य के शुभारंभ से ग्रामीणों में खुशी दिखी, जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने महिला सरपंच और पंचों के साथ कुदाली की विधिवत पूजा कर कार्य के लिए माटी पूजन किया, महतारी वंदन से आये परिवर्तन पर उपस्थित महिलाओ के साथ चर्चा करते हुए कहा कि जब तक विष्णुदेव साय की सरकार है महतारी वन्दन की राशी बहनों के खाते में सीधे आते रहेगीं इसमें किसी भी प्रकार के कोई शक की गुंजाइश नही होनी चाहिए,कांग्रेस का नाम लेते हुए कहा कि कांग्रेस में विवाद, परिवारवाद और पूंजीवाद है जबकि भारतीय जनता पार्टी का एकमात्र भरोसा विकास वाद और राष्ट्रवाद में है, बेमेतरा जिले के कोने कोने के विकास के लिए पंच से लेकर पार्षद तक और सरपंच से लेकर जिला जनपद में पूर्ण बहुमत से भाजपा का प्रत्याशी जीत कर आये यह हमें तय करना है, सरपंच शकुन टेखन साहू, उपसरपंच महेश साहू सहित उपस्थित पंचों ने जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी के कोविड के दौरान जिला पंचायत क्षेत्र के प्रत्येक ग्राम के क्वारेन्टीन सेंटरों में फल, सब्जी, अनाज और दैनिक जरूरत की चीजों के वितरण का कार्य को उनके सेवा भाव का ही प्रगटीकरण बताते हुए याद किया, कार्यक्रम के पश्चात जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने पंडित गोस्वामी के परिवार से जाकर मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना।

बाबा का संदेश मनखे मनखे एक समान आज भी प्रासंगिक : झमित गायकवाड़

मरपोटी में बाबा गुरु घासीदास जयंती मनाई गई

पायनियर संवाददाता ◂ उतई
www.dailypioneer.com

गुरुद्वारा सतनाम सेवा समिति उमरपोटी के तत्वावधान में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी परम पूज्य गुरु घासीदास बाबा की जयंती को बड़े हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। इसके पूर्व भव्य शोभायात्रा युवा उत्सव संगठन द्वारा डीजे रथ में बाबा के तैलचित्र के साथ निकाला गया। जिसमे भारी संख्या में महिला पुरुष शामिल हुए। जो की ग्राम में भ्रमण किया। जयंती समारोह में चौका मंगल भजन बालिका पंथी नृत्य प्रस्तुत किया गया। ग्राम के सभी जैत खाम में भ्रमण करते हुए पालो चढ़ाया गया। उसके बाद अंत में सभी ग्रामीण जन गुरुद्वारा सतनाम भवन में एकत्रित होकर भव्य आतिशबाजी के साथ गिरोदपुरी मॉडल जैतखाम में पालो चढ़ाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद उपाध्यक्ष झमित गायकवाड़, सरपंच टिकेंद्र ठाकुर, उपसरपंच महेश कौशिक, दिवाकर गायकवाड़, नारायण गायकवाड़, लोकनाथ बंजारे, सत्य प्रकाश कौशिक, भागवत बंजारे, सुरेखा बघेल उपस्थित थे। समिति के अध्यक्ष सुखचंद देशलहरे एव पदाधिकारियों कार्यकारिणी सदस्यों द्वारा अतिथियों का पुष्प गुच्छ एव फूल माला से स्वागत किया गया। अपने संबोधन में गायकवाड़ ने समाज को एकजुट होकर शिक्षित समाज बनाने पर जोर देते हुए नशा मुक्त होकर गुरू के बताए आदर्श एव उपदेश को अपनाने की बात कही। समिति द्वारा विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमे समस्त ग्रामवासी एवं आसपास के आए लोगो ने महाप्रसादी ग्रहण किया। कार्यक्रम का संचालन शिवचरण नोरगे तथा आभार समिति के अध्यक्ष सुखचंद देशलहरे द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से कमल टंडन, राजेश देशलहरे, गंगा कुर्रे, खिलेश कौशिक, राधेश्याम गायकवाड़, दिग्विजय गायकवाड़, ताम्रजध्वज देशलहरे, योगेश सोने, बलदाऊ मारकंडे, बलिराम टंडन, अश्वनी, कमलेश, वेदप्रकाश, राजू, मुकेश, गुलशन, भोमराज गायकवाड़, पवन कुमार, राजेंद्र प्रसाद, ओंकार, भागचंद, हेमंत, चंपा, रमेश कोसरे, नकुल युवा उत्सव संगठन समिति सक्षम महिला समिति बालिका पंथी दल के समस्त पदाधिकारीगण एवं समस्त ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

भावना बोहरा ने पीईटी मशीन खरीदी में अनियमितता का उठाया मुददा

भावना बोहरा ने पीईटी मशीन खरीदी में अनियमितता का उठाया मुददा, पीएम ग्राम सड़क योजना सहित स्वास्थ्य सेवा के विषय में पूछा प्रश्न

पायनियर संवाददाता ◂ कवर्धा
www.dailypioneer.com

विधानसभा सत्र के तीसरे दिन पंडरिया विधायक भावना बोहरा द्वारा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर में पॉज़िट्रॉन एमिशन टोमोग्राफी स्कैन मशीन खरीदी में हुए अनियमितता को लेकर प्रश्न किया। इसके साथ ही उन्होंने कबीरधाम जिले में रीपा के तहत कितना औद्योगिक पार्कों की स्थापना की जानी है? वेंटिलेटर और ऑक्सीजन जनरेशन मशीन की खरीदी तथा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत पंडरिया विधानसभा में सड़कों के निर्माण के संबंध में प्रश्न किया। विधायक भावना बोहरा ने कहा कि पॉज़िट्रॉन एमिशन टोमोग्राफी स्कैन मशीन स्वास्थ्य सेवाओं में एक अत्यंत ही आवश्यक मशीन है, जिसके माध्यम से प्रदेश के गरीब मरीजों में कैंसर जैसी घातक बीमारी का पता लगाने में बहुत ही जरुरी है जिससे उनका सही समय पर ईलाज होने से कई लोगों की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने प्रश्न करते हुए पूछा कि

शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर के द्वारा किस वर्ष में पॉज़िट्रॉन एमिशन टोमोग्राफी स्कैन मशीन क्रय की गई थी? इसके खरीदी हेतू निर्धारित नियमानुसार प्रशासकीय स्वीकृति शासन से ली गई थी या नहीं ? क्या शासन या विभाग ने पॉज़िट्रॉन एमिशन टोमोग्राफी स्कैन मशीन की क्रय प्रक्रिया के दौरान प्रशासनिक एवं वित्तीय अनियमितता की जाँच किसी गठित समिति द्वारा करायी गई है ? यदि हाँ तो जांच में परिणाम स्वरूप अनियमितता पायी गई या नहीं? जाँच रिपोर्ट की अद्यतन स्थिति वर्तमान में क्या है और इसके आधार पर अभी तक क्या-क्या कार्यवाही की गई है? जिसके प्रतिउत्तर में लोक स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने बताया कि शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर के द्वारा वर्ष 2018 में पॉजिट्रॉन एमिशन टोमोग्राफी मशीन का क्रय किया गया था एवं इसकी खरीदी हेतु नियमानुसार प्रशासकीय स्वीकृत नहीं ली गयी थी। पॉजिट्रॉन एमिशन टोमोग्राफी मशीन की क्रय प्रक्रिया के दौरान प्रशासनिक एवं वित्तीय अनियमितता की जांच शासन के द्वारा 06 सदस्यीय समिति निर्मित की गयी थी, जांच में परिणाम स्वरूप पीईटी मशीन की क्रय के संबंध में अनियमितता पायी गयी जिसके आधार पर छ.ग. शासन चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा पीईटी सीटी के क्रय में किये गये भ्रष्टाचार के संबंध में संचालक चिकित्सा शिक्षा को प्रकरण में तत्काल एफआईआर दर्ज कराने हेतु निर्देशित किया गया। डॉ. विवेक चौधरी के द्वारा उपरोक्त आदेश के विरूद्ध उच्च न्यायालय में याचिका दायर की गयी, जिसमें न्यायालय के आदेश अनुसार छ.ग. शासन चिकित्सा शिक्षा के निर्देश को स्थगित किया गया। यह प्रकरण आज दिनांक तक उच्च न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। भावना बोहरा ने कबीरधाम जिला अंतर्गत रीपा के तहत औद्योगिक पार्क की स्वीकृति के संबंध में प्रश्न पूछते हुए जानकारी मांगी की कबीरधाम जिले में किन-किन स्थानों में औद्योगिक पार्क की स्थापना हेतु स्वीकृति मिली है तथा प्रति औद्योगिक पार्क हेतु 2 करोड़ यानी कुल 16 करोड़ रुपए की शासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। औद्योगिक पार्क में स्थापित उत्पादन इकाईयो में कौन-कौन से उत्पाद का निर्माण किया जा रहा है? इन उत्पादों के निर्माण एवं संचालन की जिम्मेदारी कौन-कौन से स्व सहायता समूह को दी गई है? अब तक कुल कितने मात्रा में उत्पाद निर्मित किए गए एवं बेचे गये हैं? इसके साथ ही उन्होंने कुशल प्रशिक्षक, कर्मचारियों के वेतन तथा उपकरण खरीदी एवं उपलब्धता के विषय में भी प्रश्न किया। जिसके उत्तर में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने जवाब देते हुए बताया कि कबीरधाम जिले के 4 विकासखण्डों कवर्धा, बोड़ला, सहसपुर लोहरा एवं पंडरिया में (प्रति विकासखंड में दो) कुल 8 औद्योगिक पार्क की स्थापना हेतु स्वीकृति मिली है तथा प्रति औद्योगिक पार्क हेतु 2 करोड़ यानी कुल 16 करोड़ रुपए की शासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आगाज़ इंद्रावती सदन प्रथम वहीं द्वितीय शिवनाथ सदन

पायनियर संवाददाता ➤ सरायपाली
www.dailypioneer.com

स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ठ विद्यालय में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आगाज़ मुख्य अतिथि डॉ आशीष दास, अध्यक्षता मनोज पटेल विशिष्ट अतिथि कमल पटेल की गौरवमई उपस्थिति में हुआ। खेल खिलाड़ी जिंदाबाद के ओजस्वी नारों के साथ अतिथियों द्वारा फीता काटकर खेल का शुभारंभ हुआ। खो-खो मैच से खेलों का सुंदर आग़ाज़ हुआ। मुख्य अतिथि डॉ आशीष दास ने इस मौके पर कहा कि हमें खेल भावना के साथ खेल में भाग लेकर उत्कृष्ठ प्रदर्शन किया जाना चाहिए, उन्होंने सभी खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों/ मार्गदर्शकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य मनोज पटेल ने कहा कि बच्चों में छिपी हुई प्रतिभा को उजागर करने का एक सुअवसर है।

विशिष्ट अतिथि कमल पटेल ने बताया कि जीवन में खेल का महत्वपूर्ण स्थान है इसलिए यह आयोजन अपने आप में प्रशंसनीय है। खेल प्रतियोगिता को संपन्न कराने में पीटीआई मंजिला चौधरी एवं निर्णायकों,टीचर्स /स्टॉफ, पालकों का खूब योगदान रहा। विद्यार्थियों ने अपने-अपने सदन- अरपा, इंद्रावती, महानदी, शिवनाथ की टीम के साथ मिलकर विभिन्न खेलों में भाग लिया। सदन प्रभारी शिक्षक-शिक्षिकाओं के मार्गदर्शन में टीम ने काफी अच्छा प्रदर्शन किया। खेल विधा में खो-खो, कबड्डी, गोला फेंक, तवा फेंक, 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर दौड़, रिले रेस, त्रिटंगी दौड़, जलेबी दौड़, कुर्सी दौड़, फुगड़ी, शतरंज, क्रिकेट, रस्साकसी आदि शामिल है। कार्यक्रम का संचालन नरेश पटेल ने किया वहीं आभार प्रदर्शन यशवंत कुमार चौधरी द्वारा किया गया। प्रथम दिवस सम्पन्न हुए खेलों का परिणाम इस प्रकार का रहा जिसमें खेल खो - खो सीनियर बालक में प्रथम स्थान इंद्रावती सदन, द्वितीय स्थान पर शिवनाथ सदन रहे। बालिका वर्ग में प्रथम स्थान अरपा सदन, द्वितीय स्थान में इंद्रावती सदन रहे।

जूनियर वर्ग बालक में प्रथम स्थान में महानदी, द्वितीय स्थान में इंद्रावती सदन, गोला फेंक सीनियर बालक वर्ग में प्रथम श्रीकांत तिवारी, द्वितीय जतिन साहू, तृतीय दुर्गेश चौधरी, बालिका वर्ग में प्रथम रितिका दुबे, द्वितीय किरण नायक, तृतीय राशि साहु, जूनियर बालक वर्ग में प्रथम विश्वकर्मा दास, द्वितीय शेखर वर्गे, तृतीय पवन दास, जूनियर बालिका वर्ग में प्रथम आराधना नाग, द्वितीय श्रेयांसी शर्मा, तृतीय अन्वेषा प्रधान, तवा फेंक सीनियर बालक वर्ग में प्रथम श्रीकांत तिवारी, द्वितीय अर्पित नाग, तृतीय दुर्गेश चौधरी, सीनियर बालिका वर्ग में प्रथम श्वेता पाणीग्राही, द्वितीय किरण नायक, तृतीय राशि साहु वहीं शतरंज प्रतियोगिता में सीनियर बालिका वर्ग में प्रथम स्थान श्वेता पटेल, द्वितीय लीजा प्रधान, तृतीय रूचिका विशाल , जूनियर बालिका वर्ग में प्रथम आशी सतपथी, द्वितीय सृष्टि शर्मा, जूनियर बालक वर्ग में प्रथम स्थान श्रेष्ठ अग्रवाल, द्वितीय गोविंद दुबे, तृतीय चिराग साहू रहे।

22 मार्च को छत्तीसगढ़ से अग्रवाल समाज की निकलेगी श्री अग्रसेन अयोध्या स्पेशल ट्रेन

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के द्वारा श्री प्रयागराज, विंध्याचल, वाराणसी एवं श्री अयोध्या स्पेशल सुपरफास्ट ट्रेन से जाने के प्रोग्राम की सुगमता सरलता एवं सुविधा के संदर्भ मे ब्रोशर का विमोचन वाराणसी में स्वर्वेद महामंदिर धाम के प्रमुख स्वामी विज्ञानदेव महाराज श्री ने किया। छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ अशोक अग्रवाल ने बताया कि, वाराणसी में लगभग 1600 करोड रुपए की लागत से स्वर्वेद महामंदिर धाम की स्थापना विहंगम योग दर्शन के प्रमुख स्वामी श्री सफल देव जी महाराज श्री के द्वारा की गई है। वाराणसी के इसी धाम में, ब्रोशर का विमोचन किया गया, वहीं आज छत्तीसगढ़ राज्य के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ साथियों ने भी रायपुर में श्री अग्रसेन अयोध्या स्पेशल ट्रेन तीर्थ यात्रा के ब्रोशर का विमोचन किया।रायपुर में विमोचन के अवसर पर संस्था के कार्यकारी अध्यक्ष सुनील रामदास अग्रवाल, सचिव विनोद अग्रवाल ने कहा कि यह यात्रा 22 मार्च 2025 से प्रारंभ होकर 27 मार्च 2025 तक रहेगी।रायपुर में विमोचन के अवसर पर विधायक संपत अग्रवाल, विधायक राजेश अग्रवाल, रायपुर विधायक मोतीलाल साहू, विधायक पुरंदर मिश्रा, विधायक योगेश्वर राजू सिंह, विधायक ईश्वर साहू, महासमुंद राम प्रताप, सचिव विनोद अग्रवाल नेहा, नटवर रतेरिया, कुनकुरी से मुरारी अग्रवाल सहित अनेक भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ अशोक अग्रवाल ने बताया कि,यात्रा का नाम, समाज केआराध्य भगवान श्री अग्रसेन के नाम पर श्री अग्रसेन अयोध्या तीर्थ यात्रा तय किया गया है, उन्होंने बताया कि, राष्ट्र का समग्र अग्रवाल बंधु भगवान श्री अग्रसेन के वंशज हैं, वहीं श्री अग्रसेन, भगवान श्री राम के पुत्र कुश की 34 वीं पीढ़ी के वंशज हैं। अग्रवाल समाज सूर्यवंशी है, पूरे प्रदेश से सदस्यों ने यात्रा के लिए, अनेक नाम प्रेषित किए थे उनमें से ही यह एक नाम फाइनल किया गया है। अखिल भारतीय अग्रवालसंगठन की प्रांतीय इकाई के रूप में छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन सदैव ऐसे सामाजिक व जनसेवी कार्यक्रम आयोजित करता आया है, 1999 में प्रमुख संरक्षक सियाराम अग्रवाल के नेतृत्व में गठित इस संगठन ने छत्तीसगढ़ के समग्र अग्रवाल समाज को एक सूत्र में पिरोया है, जिसे स्वर्गीय रामदास अग्रवाल एवं नेतराम अग्रवाल के नेतृत्व में, संरक्षक जयदेव सिंघल, महेंद्र सेक्सरिया, मूलचंद अग्रवाल बिल्हा, प्रहलाद राय अग्रवाल सूरजपुर के संरक्षण में लगातार आशातीत सफलता प्राप्त हुई है, 2010 में ऐसी ही एक यात्रा अग्रोहा धाम के लिए प्रारंभ हुई थी।

श्री अरविंद आश्रम फुडा ने दिया स्कूली बच्चों को चरण पादुका

शासकीय प्राथमिक शाला घुघसीडीह में हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ उतई
www.dailypioneer.com

श्री अरविंद आश्रम फुंडा के द्वारा गुरुवार को शासकीय प्राथमिक शाला घूघसीडीह के 68 बच्चों को चरण पादुका वितरण किया गया। आश्रम की अध्यक्ष डॉ इंद्राणी घोष ने बताया कि श्री अरविंद आश्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में चेतना का विकास करना है। इसी उद्देश्य को लेकर श्री अरविंद आश्रम फुंडा गांव में लोगो की भलाई को चरितार्थ करते हुए प्राथमिक शाला में चरण पादुका का वितरण किया जा रहा है। हमारा उद्देश्य 10 लाख बच्चों को चरण पादुका वितरण करने का है। हम लोग छत्तीसगढ़ के अलावा अन्य प्रदेश में भी उपरोक्त कार्यो को कर रहे है। इसमें बैंक का भी सहयोग मिल रहा है। विशेष रूप से संजय मजूमदार का सहयोग मिल रहा है। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक राजेश बंजारे व आभार प्रदर्शन प्रधान पाठक बी संध्या ने किया। मौके पर श्री अरविंद आश्रम की अध्यक्ष डॉ. इंद्राणी घोष, अंशु त्रिपाठी, समाजसेवी दिलीप कुर्रे, प्रधान पाठक बी संध्या, पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक एसडी कुरैशी, शिक्षक अश्वनी यादव, राजेश बंजारे, नीलू विश्वकर्मा, मोनिका पाल, ललिता देशमुख, उषा जोशी, मोहिनी निर्मलकर सहित स्कूली बच्चे उपस्थित थे।

अभा एजुकेटेड अग्रवाल युवक युवती परिचय सम्मेलन 11- 12 जनवरी को

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच द्वारा 11 एवं 12 जनवरी 2025 को श्री रामस्वरूप दास निरंजन लाल धर्मशाला रायपुर (छत्तीसगढ़) में 13 वें अखिल भारतीय एजुकेटेड अग्रवाल विवाह योग्य युवक/ युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। जिसके लिए आप अपने विवाह योग्य बच्चों के बॉयोडाटा ऑनलाइन पंजीयन करा सकते हैं। ऑफ लाइन फॉर्म भरकर मंच कार्यालय को भी प्रेषित कर सकते हैं। पंजीयन की अंतिम तिथि 25 दिसंबर है, छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच के संरक्षक कन्हैया अग्रवाल एवं हरिबल्लभ अग्रवाल ने उक्तशय की जानकारी देते हुए बताया कि परिचय सम्मेलन में हर वर्ष लगभग एक हजार बच्चों के पंजीयन प्राप्त होते हैं लगभग दो सौ बच्चों का परिचय दो दिन में बेहद अच्छे वातावरण में नवीनतम तकनीक के साथ कराया जाता है। उन्होंने कहा कि पहले परिचय सम्मेलनों में जिस तरह मंच पर खड़े होकर बच्चों को परिचय देना होता था, उससे बच्चों में बड़ी झिझक होती थी। एजुकेटेड अग्रवाल युवक युवती परिचय सम्मेलन का जब से हमने आयोजन प्रारंभ किया बच्चों को मंच पर खड़े करके परिचय लेने की प्रक्रिया को समाप्त करके सुसज्जित स्टूडियो में बैठकर बच्चों से बातचीत के माध्यम से उनका परिचय प्रस्तुत किए जाने लगा है जिससे बच्चों का मनोबल बढ़ा है। मंच के संरक्षक कन्हैया अग्रवाल ने बताया कि परिचय सम्मेलन स्थल पर ही संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए बुजुर्गों की समन्वय समिति के साथ कुंडली मिलान के लिए विद्वान पंडित भी अपनी सेवाएं देते हैं, युवा अग्रवाल मंच के प्रदेश अध्यक्ष कन्हैया गोयल और महामंत्री नितेश अग्रवाल ने बताया कि 11 जनवरी को समाज बंधुओ के लिए श्याम भजन संध्या का आयोजन किया गया है, बाहर से आने वाले सभी प्रत्याशियों और उनके अभिभावकों के आवास और भोजन की व्यवस्था निरंजन धर्मशाला में ही की गई है। फॉर्म भरकर मंच के कार्यालय के पते-शिव वाटिका अश्विनी नगर,रायपुर पोस्ट- रायपुर जिला-रायपुर (छत्तीसगढ़) के पते पर भी प्रेषित कर सकते हैं। उन्होंने समाज बंधुओ से अपील करते हुए कहा कि आज ही आप अपने बच्चों का बॉयोडाटा ऑनलाइन सबमिट करें। एवं इस सूचना का प्रचार अधिक से

केंद्रीय गृह मंत्री का पुतला दहन कर विरोध

पायनियर संवाददाता ➤ जैजैपुर
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देश एवं गृह मंत्री अमित शाह के सदन में आपत्तिजनक टिप्पणी जो भीम राव आंबेडकर जी के प्रति उनके सोच को दर्शाता है जिसके विरोध में आज जैजैपुर में सक्ती जिला अध्यक्ष मयंक सोनी द्वारा केंद्रीय गृह मंत्री का पुतला दहन कर विरोध जताया गया। जिसमें मुख्य रूप से जैजैपुर विधायक बालेश्वर साहू जी, यूथ कांग्रेस प्रदेश सचिव अभिषेक स्वर्णकार जी नगर पंचायत उपाध्यक्ष दिलीप चंद्रा एवं अन्य पदाधिकारी कार्यकर्ताओं की उपस्तिथि रही।

सीएचसी जैजैपुर में मितानिन सम्मेलन

पायनियर संवाददाता ➤ जैजैपुर
www.dailypioneer.com

खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ उमाशंकर साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि मितानिन को आज सीएचसी जैजैपुर में मितानिन सम्मेलन कार्यक्रम रखा गया। जिसमें सभी प्रेरक और मितानिनों द्वारा गीत, मितानिन ताली जैसी कई कार्यक्रम किए। बीएमओ द्वारा उपस्थित सभी प्रेरक और मितानिनो को साड़ी और श्रीफल से सम्मानित किया गया। बीएमओ द्वारा बताया गया कि स्वास्थ विभाग के सभी कार्यक्रमों में मितानिनों की अहम भूमिका निभाते आ रहे है और आगे भी आप सभी की सहयोग मिलता रहे । आज की कार्यक्रम में बीएमओ डॉ यू एस साहू, एचजी कोसले (बीईटीओ), मकरांत बंजारे (बीपीएम), सोमा चौधरी (एम पी एस), गौतम चंद्रा एन एम ए (इंचार्ज), गायत्री चंद्रा, गिरजा देवी, कुमुदिनी, सुलोचना, ननकी हेमलता, उर्मिला खेमलता,अमृत मंजुलता, सुशीला, संतोषी, कुमारी, सरस्वती, अम्बे, सुकृता, वर्षा कश्यप सहित ब्लाक के सभी प्रेरक और मितानिन उपस्थित थे ।

22 को श्री अग्रोहा शक्तिपीठ हरियाणा में जुटेंगे अग्रवाल बंधु अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन ने किया है राष्ट्रीय आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com



पूरे विश्व में अग्रवाल समाज का सबसे सशक्त संगठन अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन ने आगामी 22 दिसंबर को हरियाणा प्रदेश के हिसार में स्थित अग्रवाल समाज के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल श्री अग्रोहा शक्तिपीठ में एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह एवं मेल मिलाप कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया है, उपरोक्त कार्यक्रम का आयोजन अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के अध्यक्ष राजकुमार मित्तल के मार्गदर्शन में सम्मेलन की हरियाणा राज्य इकाई के आतिथ्य में संपन्न होगा, उपरोक्त कार्यक्रम को लेकर जहां भारत सहित विदेशों से भी लगभग 500 की संख्या में अग्रवाल बंधु शामिल होंगे तो वहीं पूरे आयोजन को लेकर व्यापक रूप से तैयारी चल रही है एवं 21 दिसंबर को ही अग्रवाल समाज के बंधु देर शाम तक हिसार हरियाणा पहुंच जाएंगे एवं उपरोक्त कार्यक्रम में राष्ट्रीय कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह के साथ ही नवगठित दिल्ली प्रदेश इकाई की कार्यकारिणी का भी शपथ ग्रहण समारोह होगा, तथा आगंतुक सभी सदस्यों की आवास भोजन एवं नाश्ते की संपूर्ण व्यवस्था कार्यक्रम स्थल पर ही की गई ह,अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन की नवगठित 2024.2027 राष्ट्रीय कार्यकारिणी एवम दिल्ली प्रदेश इकाई का शपथ ग्रहण समारोह, मेल मिलाप कार्यक्रम- 22 दिसंबर 2024, स्थान- श्री अग्रोहा शक्तिपीठ हिसार (हरियाणा) कार्यक्रम की विस्तृत सूची जारी कर दी है। जिसके अंतर्गत 2 दिसंबर 2024 - रविवार को सुबह 8:30 बजे पदाधिकारीयो का आगमन, सुबह 8:45 बजे नाश्ता- जलपान, सुबह 9:15 बजे पदाधिकारीयो का पंजीयन,सुबह 9:45 बजे पदाधिकारीयो का बैठक स्थल पर प्रस्थान, सुबह 10:15 बजे अतिथियों का आगमन एवं स्वागत, सुबह 10:20 बजे द्वीप प्रज्वलन ,उद्घाटन सत्र, अग्रसेन जी की पूजा- अर्चना,आरती, स्वागत गीत, सुबह 10:30 बजे मंचस्थ अतिथियों एवं पदाधिकारीयो का स्वागत,परिचय सत्र कार्यक्रम, सुबह 10:45 बजे आतिथ्य हरियाणा शाखा प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत उद्बोधन, सुबह 10:55 बजे संस्थापक सचिव प्रदीप सराफ एवं संस्थापक कोषाध्यक्ष गणेश भरतीया का उद्बोधन, सुबह 11:15 बजे संस्थापक अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार मित्तल का उद्बोधन, सुबह 11:30 बजे राष्ट्रीय कार्यकारिणी के नवनियुक्त पदाधिकारियों एवम नवगठित दिल्ली प्रदेश इकाई की कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण मुख्य अतिथि द्वारा एवं शपथ पाठ का वचन (अपने स्थान पर खड़े होकर सामने हाथ रखकर शपथ ग्रहण, सभी सदस्यों को शपथ की कॉपी दी जाएगी)।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी हसौद के अध्यक्ष कुशल कश्यप के नेतृत्व में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पुतला दहन

कांग्रेस कार्यकर्ता और पुलिस के बीच हुआ जोरदार झूमा झटकी

पायनियर संवाददाता ➤ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com

जांजगीर चांपा हसौद संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान 18 दिसंबर 2024 को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा राज्यसभा में संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर के संदर्भ में दिए गए आपत्तिजनक बयान की घोर निंदा करते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ने प्रदेश के सभी जिला मुख्यालय व ब्लॉक में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का पुतला दहन करने का निर्देशन दिए गए थे इसी क्रम पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुशल कश्यप के नेतृत्व में आज मिलन चौक के पास ब्लॉक कांग्रेस कमेटी हसौद के कार्यकर्ताओं द्वारा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का पुतला दहन किया गया साथ ही पुतला दहन में कांग्रेस कार्यकर्ता द्वारा अमित शाह मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए गृहमंत्री का पुतला फूंक दिए साथ ही कांग्रेस कार्यकर्ता व पुलिस के बीच जोरदार झूमा झटका भी हुई उक्त कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सुरेन्द्र भार्गव प्रदेश सचिव,मधुसूदन साहू जिला महामंत्री, हरिलाल खटर्जी, सीता बाई जाटवर,संतोष साहू, गणेश माझी,ओमप्रकाश बर्मन, सतीश महेश, दादू सोनवानी, दिलेश्वर चन्द्रा, पवन मानिकपूरी, संजय कोसले, शिवम हरवंश, मोहन धीरहे, अनुज बंजारे, प्रकाश कश्यप, सुखराम जायसवाल, कौशिक चन्द्रा,जयंत महिलांगे,हरनारायण श्रीवास, संतोष सोनवाने,राजकुमार साहू, गोरखनाथ भार्गव, सहित बड़ी संख्या कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे

शासकीय लक्ष्मणेश्वर महाविद्यालय में लगा था रोजगार मेला

रोजगार मेला में 1980 लोगों का हुआ पंजीयन, 996 लोगों को मिली नियुक्ति पत्र

पायनियर संवाददाता ➤ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com

शासकीय लक्ष्मणेश्वर स्नातकोत्तर महाविद्यालय खरौद में 17 दिसम्बर को रोजगार मेला का आयोजन हुआ जिसका शुभारंभ सुबह 11 बजे महाविद्यालय के प्राचार्य ड़ॉ.जी.सी.भारव्दाज ने माँ सरस्वती पर दीप प्रज्वलित कर किया इस अवसर पर शुभम कम्पनी पुणे के सीईओ बसंत राव पाटिल, रिक्युटमेन्ट मैनेजर रघुनाथ गायकवाड़, राजेन्द्र मलबर्रे डायरेक्टर, शुभम सर्विसेस कं. के आपरेशन हेड रवि नर्वदे, माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड रायपुर के सदस्य चन्द्रकात तिवारी, नगर के वरिष्ठ पत्रकार सुबोध शुक्ला, नगर के प्रतिष्ठित नागरिक प्रकाश बसंल,प्रो .डॉ सी बी खुटे आदि प्राध्यापक तथा छात्र छात्राएं उपस्थित थे । महाविद्यालय के प्राचार्य ने रोजगार मेला में आए युवक युवतियों को सम्बोधन करते हुए कहा कि हम सभी प्रायः ग्रामीण क्षेत्र में निवास करते है और हमारा क्षेत्र औद्योगिक विकास की दृष्टि से काफी पिछड़ा हुआ है इसलिए विशेष कर ग्रामीण क्षेत्र के युवक युवती पढ़ लिख कर बेरोजगार रहते हैं और सरकारी नौकरी की तलाश में भटकते रहते हैं उनका ध्यान प्राईवेट सेक्टर की तरफ जाता ही नही है,नौकरी सरकारी है या प्राईवेट यह महत्वपूर्ण नही है ,महत्वपूर्ण तो आपका कार्य है यदि आप में योग्यता है और काम के प्रति लगन व निष्ठा है तो आप प्राईवेट सेक्टर में भी काम करते हुए अपने ऊंचे मुकाम तक पहुंच सकते हो , आप सभी में कुछ न कुछ टैलेन्ट है , आप लोगों को अवसर की आवश्यकता है जो आज आपको इस रोजगार मेला के रूप में प्राप्त हुआ है इस अवसर को हाथ से मत जाने दो। सीईओ बसंत राव पाटिल ने शुभम ग्रुप सर्विसेस कं. के उद्देश्य से युवक युवतियों को अवगत कराते हुए उन्होने प्राईवेट सेक्टर में भी नौकरी करने के प्रति लोगों को उत्साहित किया और कहा कि वे लोग जिन्हे भी कम्पनियों में नौकरी के लिए भेजते हैं उन सब का ख्याल कम्पनी के लोग रखते हैं यदि आपका काम के प्रति परफारमेन्स अच्छी है तो आपका वेतन व पद दोनो बढ़ेगा कार्यक्रम का संचालन प्रो.जी.एन.भतपरे ने किया । इस रोजगार मेला में महाविद्यालय के पूर्व व वर्तमान छात्र-छात्राओं सहित बलौदबाजार, सारंगढ़ व जांजगीर चाम्पा जिले के अन्य शिक्षित बेरोजगार काफी संख्या में पहुंचे थे। रोजगार मेला 11 बजे सुबह से शाम 5 बजे तक चला इस मेला में कुल 1980 बेरोजगारों ने अपना पंजीयन कराया जिसमें से 996 लोगों को महाराष्ट्र के विभिन्न कम्पनियों का उनकी योग्यता के अनुसार उन्हे नियुक्ति पत्र प्रदान किया तथा 570 बेरोजगारों को दुसरे राउंड में बुलाया है।

इस रोजगार मेला में स्नातक, स्नातकोत्तर , बी. ई., आई टी. आई. एवं डिप्लोमा ड़िग्रीधारी शिक्षित बेरोजगार नौकरी पाने पहुंचे थे और उक्त ड़िग्रीधारी के अधिकांश युवक युवती नियुक्ति पत्र लेकर वापस गये है। सभी युवकों में महाराष्ट्र के विभिन्न कम्पनियों में विशेष कर पुणे में नौकरी करने के प्रति उत्साह देखा गया ।

सुकमा जिले के चिंतागुफा स्वास्थ्य केंद्र ने राष्ट्रीय स्तर पर रचा इतिहास

भारत सरकार से मिला राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाणपत्र सम्मान

पायनियर संवाददाता | सुकमा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र स्वास्थ्य केन्द्र चिंतागुफा ने स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में वह कर दिखाया है, जिसकी कल्पना भी मुश्किल थी। वर्षों तक दहशत और चुनौतियों का पर्याय रहे, इस क्षेत्र ने अब अपनी सेवा भावना, मेहनत और प्रतिबद्धता से राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई है। चिंतागुफा स्वास्थ्य केंद्र को 28 नवंबर 2024 को भारत सरकार के राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाणपत्र से सम्मानित किया गया, जिसमें इसे 89.69 प्रतिशत का उत्कृष्ट स्कोर प्राप्त हुआ है। यह उपलब्धि सुकमा जिले में प्रथम स्थान पर आने के साथ ही पूरे राज्य में चर्चा का विषय बन गई है। गौरतलब है कि चिंतागुफा स्वास्थ्य केन्द्र के अंतर्गत पांच उप-स्वास्थ्य केन्द्र हैं, जिसमें 45 घोर नक्सल प्रभावित गांव आते हैं। भारत के सबसे बड़ी नक्सल घटना, जहां 76 जवान शहीद हुए थे, वह ताड़मेटला गांव भी इसी सेक्टर में आता है। सुकमा कलेक्टर के अपहरण के बाद रिहाई का क्षेत्र हो या बुरकापाल में शहीदों की याद, सब इसी इलाके की घटना है। कोंटा विकासखण्ड अंतर्गत स्थित यह क्षेत्र घोर नक्सल प्रभावित है, जिसके अंदरूनी गांवों में आज भी माओवादियों की दहशत है।

चिंतागुफा का सफरः संघर्ष से सफलता तक- चिंतागुफा स्वास्थ्य केंद्र, वर्ष 2009 में आरएमए मुकेश बख्शी की पदस्थापना से अस्तित्व में आया। उस समय यह क्षेत्र भवन विहीन, नेटवर्क विहीन, रोड विहीन था। स्टॉफ में सिर्फ एक आरएमए और एक वार्ड व्वाय के साथ स्कूल के एक कमरे में इसका संचालन होता था। जिसक कमरे में इलाज होता था, उसी कमरे ही प्रभारी सोते थे। नक्सलियों के खौफ और बुनियादी सुविधाओं की कमी ने हर कदम पर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए चुनौती थी। वर्ष 2011 में 11 अप्रैल को एक घटना के दौरान नक्सलियों ने एंबुलेंस पर हमला किया, जिसमें आरएमए मुकेश बख्शी और कई बच्चे मौजूद थे। बख्शी बच्चों को बेहतर इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र दोरनापाल एम्बुलेंस में ले जा रहे थे, तभी नक्सलियों ने एम्बुस लगाकर गोलीबारी की। एम्बुलेंस में 8 गोलियां लगी। किस्मत से किसी को गोली नहीं लगी। नक्सलियों ने सबको नीचे उतार कर जमीन में पेट के बल लेटाकर हाथ पीछे कर बंदूक टिका दिया था। आरएमए मुकेश बख्शी के बार-बार निवेदन और सेवाभाव को देखकर नक्सलियों ने सभी को छोड़ दिया। इसके बावजूद, बख्शी ने अपनी सेवा भावना से लोगों का दिल जीतकर इस क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की नींव मजबूत की। वर्ष 2017 में स्वास्थ्य केन्द्र चिंतागुफा के प्रभारी आरएमए मुकेश बख्शी को चिकित्सा सेवाभाव के लिए स्वास्थ्य मंत्री द्वारा धन्वंतरी सम्मान दिया गया। वर्ष 2017 में ही राज्य टीम के साथ मलेरिया अनुसंधान हेतु बख्शी, श्रीलंका जाने हेतु चयनित हुए। वर्ष 2019 में मुख्यमंत्री द्वारा हेल्थ आइकॉन सम्मान से नवाजा गया। यह क्षेत्र आज भी बुनियादी संसाधनों से दूर है। सड़कें, नेटवर्क और बाजार जैसी सुविधाएं सीमित हैं। लंबे समय तक नक्सल प्रभाव ने विकास कार्यों और भवन निर्माण को रोके रखा था। बारिश के मौसम में क्षेत्र टापू में बदल जाता है, जिससे पहुंचना कठिन हो जाता है। वर्ष 2020 में स्वास्थ्य भवन और आवासीय सुविधाओं का निर्माण हुआ, जिससे सेवाओं का विस्तार हुआ। राज्य और जिला अधिकारियों, डब्ल्यूएचओ कंसल्टेंट्स, और स्थानीय लोगों के सहयोग से राष्ट्रीय स्तर के मानकों को पूरा करने की तैयारी हुई। 15-16 नवंबर 2024 को भारत सरकार की एनक्कॉस टीम ने चिंतागुफा स्वास्थ्य केंद्र का मूल्यांकन किया। ओपीडी, आईपीडी लैब, लेबर रूम और प्रशासनिक कार्य जैसे सभी विभागों की समीक्षा में उच्च रैंक हासिल किया। चिंतागुफा स्वास्थ्य केंद्र प्रतिमाह औसतन 20 संस्थागत प्रसव, 1000 से अधिक ओपीडी, और 100 से अधिक भर्ती मरीजों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा रही है। यह उपलब्धि केवल एक स्वास्थ्य केंद्र की नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र की दृढ़ता, संघर्ष और सेवा भावना की कहानी है। डॉ. अनिल पटेल, महेंद्र काको, सीमा किसपोट्टा, रीना कुमारी, पार्वती कुहरम, अनिता सोढ़ी सहित पूरी टीम ने एकजुट होकर इस सफलता को संभव बनाया। आयुष्मान आरोग्य मंदिर चिंतागुफा अब इस क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं का प्रतीक बन चुका है, और अपने स्वास्थ्य मानकों और गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए पूरी प्रतिबद्धता से काम कर रहा है। यह सफलता अन्य घोर प्रभावित क्षेत्रों के लिए एक उदाहरण है कि कैसे समर्पण और टीम वर्क से किसी भी बाधा को पार किया जा सकता है।

महिला बाल विकास द्वारा मुख्यमंत्री बाल संदर्भ शिविर का किया आयोजन

पायनियर संवाददाता | सरायपाली
www.dailypioneer.com

विकासखंड के बलोदा आगनबाड़ी केंद्र (सी) में स्वास्थ्य विभाग व महिला व बाल विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में मुख्यमंत्री बाल संदर्भ शिविर का आयोजन किया गया। जहां पर कुल 32 बच्चों का जांच किया गया, जिसमें से मध्यम कुपोषित 13 एवं गंभीर कुपोषित 07 बच्चे मिले। सभी बच्चों को त्वरित उपचार के रुप में मल्टीविटामिन, केल्शियम व एंटीबायोटिक का सिरप दिया गया एवं गंभीर कुपोषित बच्चों को एनआरसी सरायपाली में भर्ती कराने के लिए पालक को सलाह दिया गया। इस शिविर में डॉक्टर जनक कुमार जेरी, डॉक्टर अनुपा दास, सेक्टर सुपरवाइजर डोलामणी भोई, रश्मि डहरिया, महिला एवम् बाल विकास सुपरवाइजर पी लकड़ा एवं समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उपरोक्त जानकारी खंड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी सह मीडिया प्रभारी टी आर धृतलहरे के द्वारा दिया गया।

ग्लोबल फण्ड एड्स, टीबी व मलेरिया की नेशनल टीम द्वारा तोकापाल सीएचसी का किया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता | जगदलपुर
www.dailypioneer.com

ग्लोबल फण्ड एड्स, टीबी एवं मलेरिया की नेशनल टीम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तोकापाल में निरीक्षण के लिए पहुंची, इस दौरान टीम के डॉ. पीके श्रीवास्तव, डॉ. के. रवि कुमार एवं उनके बीस सदस्यीय टीम द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तोकापाल एवं आयुष्मान आरोग्य मन्दिर पलवा का अवलोकन किया गया। उक्त टीम द्वारा एचआईवी एड्स टीबी मलेरिया और कई बीमारियों के रोकथाम एवं उन्मूलन हेतु राष्ट्रीय स्तर से चलाये जा रहे कार्यक्रमों के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हर स्वास्थ्य केन्द्र स्तर पर इसके तहत अमल में लाई जा रही कार्य को निरीक्षण करने एवं और अधिक गति देने के लिए मार्गदर्शन देने हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तोकापाल एवं आयुष्मान आरोग्य मन्दिर पलवा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सम्बन्धित शाखा के अधिकारी-कर्मचारियों से विस्तृत जानकारी ली गई, साथ ही दस्तावेजों का अवलोकन किया गया। जिसमें सभी कार्यक्रमों की उपलब्धि को संतोषजनक पाया गया। इन कार्यक्रमों के सुचारू संपादन हेतु राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर से और अधिक सहयोग करने का आश्वासन दिया गया। साथ ही स्वास्थ्य कर्मचारियों से मैदानी क्षेत्रों में कार्य करते समय होने वाली समस्याओं के बारे में भी पूछा गया। कर्मचारियों द्वारा बताया गया कि कोई भी कार्यक्रम की प्रारम्भ करने से पहले स्थानीय बोली में गीत, प्रहसन के माध्यम से प्रचार-प्रसार करने से हमें कार्य करने में सुविधा होती है। इस पर टीम प्रमुख द्वारा एक विषय वस्तु प्रचार-प्रसार गीत सुनाने हेतु कहा गया, जिसे सुनकर वे काफी प्रभावित हुए। इसके अलावा टीम द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तोकापाल एवं उप स्वास्थ्य केन्द्र पलवा में सभी कक्ष में जाकर दी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी लेकर वहां रखे उपकरण एवं दस्तावेजों का भी अवलोकन किया गया। इस निरीक्षण के दौरान टीम के साथ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक, जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. सी. मैत्री, खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. ऋषभ सागर, जिला व्हीबीडी सलाहकार बीके. पण्डा, ब्लाक स्तर से कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत शिवनारायण पाण्डे ब्लाक की बीडी सुपरवाईजर सुदर्शन कश्यप, एनटीईपी कार्यक्रम के तहत प्रदीप त्रिपाठी, सेक्टर प्रभारी आभा साही एवं अन्य स्वास्थ्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

स्वर्णप्राशन एवं बाल रक्षा किट के लिए आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय में उमड़ी भीड़

2702 बच्चों को कराया गया स्वर्णप्राशन

पायनियर संवाददाता | रायपुर
www.dailypioneer.com

बच्चों के व्याधिक्षमत्व, पाचन शक्ति, स्मरण शक्ति, शारीरिक शक्तिवर्धन एवं रोगों से बचाव के लिए शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय, रायपुर में 2702 बच्चों को स्वर्णप्राशन कराया गया। विभिन्न रोगों से रोकथाम एवं इम्युनिटी बढ़ाने के लिए 350 बच्चों को पांच दवाईयों से बने बाल रक्षा किट भी वितरित किए गए। आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय के कौमारभृत्य विभाग द्वारा हर पुष्य नक्षत्र तिथि में शून्य से 16 वर्ष के बच्चों को स्वर्णप्राशन कराया जाता है। स्वर्णप्राशन के साथ ही डॉ. लवकेश चंद्रवंशी ने बच्चों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया। आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय परिसर में आज स्वर्णप्राशन के साथ ही बच्चों को लेकर आए 432 अभिभावकों का भारत सरकार के 'देश का प्रकृति परीक्षण' अभियान के तहत प्रकृति परीक्षण भी किया गया। शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय परिसर में आयुष विभाग की संचालक इफ्फत आरा, प्राचार्य प्रो. डॉ. जी.आर. चतुर्वेदी, चिकित्सालय अधीक्षक प्रो. डॉ. प्रवीण कुमार जोशी और कौमारभृत्य विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. नीरज अग्रवाल के निर्देशन में स्वर्णप्राशन कराया गया। महाविद्यालय के कौमारभृत्य विभाग की व्याख्याता डॉ. सत्यवती राठिया तथा स्नातकोत्तर एवं स्नातक छात्र-छात्राएं हर महीने इसमें महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय द्वारा इस वर्ष की अन्य पुष्य नक्षत्र तिथियों 25 जनवरी को 1235, 21 फरवरी को 1420, 18 मार्च को 1720, 16 अप्रैल को 1410, 13 मई को 1256, 10 जून को 1802, 8 जुलाई को 1342, 3 अगस्त को 1370, 30 अगस्त को 1660, 26 सितम्बर को 2046, 24 अक्टूबर को 2216 और 20 नवम्बर को 2211 बच्चों को स्वर्णप्राशन कराया गया था।

नारायणपुर के स्कूलों में मनाया गया सुशासन पखवाड़ा, छात्रों ने सुशासन पर दिखाया हुनर

पायनियर संवाददाता | नारायणपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में राज्य में सुशासन पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर जिले के सभी प्राथमिक, माध्यमिक, हाई और हायर सेकेंडरी स्कूलों में विभिन्न रचनात्मक और ज्ञानवर्धक गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों के बीच क्विज प्रतियोगिता, सुशासन पर पेंटिंग और पोस्टर प्रतियोगिता, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, पोस्टकार्ड लेखन, मेंहदी प्रतियोगिता, और रंगोली प्रतियोगिता जैसे

आयोजन किया गया। इन आयोजनों के माध्यम से छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और शासन की जनहितकारी नीतियों को समझने का अवसर प्राप्त किया। इसके साथ ही, राज्य सरकार द्वारा जनसामान्य को विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों के बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से व्यापक प्रचार-प्रसार भी किया गया। इस अभियान का उद्देश्य नागरिकों तक शासन की उपलब्धियों और जनहितकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाना और उन्हें सरकारी सेवाओं का अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित करना है। सुशासन पखवाड़ा के तहत आयोजित ये कार्यक्रम न केवल छात्र-छात्राओं में रचनात्मकता और जागरूकता बढ़ाने में सहायक सिद्ध हो रहे हैं, बल्कि जनता को भी योजनाओं के प्रति संवेदनशील बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

दो दिव्यांगों को मिला श्रवण यंत्र एवं व्हील चेयर

पायनियर संवाददाता | कांकेर
www.dailypioneer.com

जिले के दों दिव्यांगजनों को समाज कल्याण कार्यालय परिसर में श्रवण यंत्र एवं व्हील चेयर प्रदाय किया गया। समाज कल्याण विभाग के उप संचालक ने बताया कि भानुप्रतापपुर विकाससखण्ड के मुल्ला ग्राम पंचायत पिच्चेकटटा निवासी हिरईबाई कोला को श्रवण यंत्र और गोविन्द राम देवांगन को व्हील चेयर प्रदाय की गई। इस पर गोविन्द राम देवांगन ने बताया कि मेरी पत्नी की उम्र 64 वर्ष है और वह चल फिर नहीं सकती। सहायक उपकरण पाकर सभी दिव्यांगजन अत्यंत अभिभूत हुए और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किए।

108 संजीवनी एक्सप्रेस में एंबुलेंस स्टाफ ने कराया सुरक्षित प्रसव

पायनियर संवाददाता | जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बागबहार में एंबुलेंस के स्टाफ के पास सुबह 8 बजे संपर्क किया गया और बताया गया कि लोकल तारवा पारा की गर्भवती महिला सरोज प्रसव पीड़ा में हैं। तब 108 संजीवनी एक्सप्रेस एंबुलेंस द्वारा प्रसव हेतु सरोज को सामुदायिक स्वास्थ्यक केन्द्र कांसाबेल लाया जा रहा था। इस दौरान रास्ते में दर्द बढने के कारण

108 एंबुलेंस के स्टॉफ द्वारा एंबुलेंस में ही उनका सुरक्षित प्रसव कराया गया। अभी माता और शिशु दोनां सुरक्षित है। उन्हे सीएचसी कांसाबेल में भर्ती कराया गया है।

नशा से दूर रहने के लिए किया गया प्रेरित, वरिष्ठ नागरिकों व दिव्यांगजनों को किया गया सम्मानित

पायनियर संवाददाता | जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

गुरु गुरुघासीदास जयंती और छत्तीसगढ़ शासन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में समाज कल्याण विभाग जशपुर द्वारा समर्थ आवासीय दिव्यांग प्रशिक्षण केन्द में विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में नशा से होने वाले नुकसान के बारे में बताने के साथ ही नशामुक्ति के लिए

जनजागरकता फैलाने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद अध्यक्ष राधेश्याम राम ने कहा कि वृद्धजनों एवं दिव्यांगजनों के लिए शासन द्वारा विभिन्न योजनाएं संचालित है। जिसका लाभ लेकर वे बेहतर एवं सम्मान पूर्वक जीवन व्यतित कर सकते है। उन्होंने नशाबंदी से होने वाले नुकसान के बारे में बताते हुए इससे दूर रहने की अपील की। कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे बजरंग प्रसाद गुप्ता द्वारा दिव्यांग जनों के प्रति संवेदना एवं सम्मान व्यक्त किया और लोगों को नशा से दूर रहने की अपील की। समाज कल्याण विभाग के उप संचालक टी.पी. भावे ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सुशासन दिवस एवं गुरु घासीदास जयंती को छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मद्यनिषेध दिवस के रुप में मनाये जाने के निर्देश के परिपालन में आज बहुआयामी कार्यक्रम का आयोजन किया गया हैं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में शिक्षक ओमदास मौजूद थे। कार्यक्रम में दृष्टि एवं श्रवण बाधित दिव्यांग छात्र-छात्राओं द्वारा नशा उन्मूलन से प्रेरित गीत एवं नृत्य का प्रस्तुतीकरण दिया गया। कार्यक्रम का द्वितीय चरण में वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगजनों को शाल एवं पुष्पमाला से सम्मानित किया गया। सम्मानित दिव्यांग शिक्षकों में ओम दास, सतेन्द्र प्रसाद सिंह, सुबोध तिग्गा, कु. संध्या पैंकरा थे। उक्त अवसर पर छत्तीसगढ़ निःशक्त विकास निगम से व्यवसाय हेतु ऋण प्राप्त कर उसे शत प्रशिशत वापिस कर परिवार का भरण-पोषण करने एवं समाज के समक्ष अभिप्रेरणा स्वरुप स्थापित होने पर दिव्यांग अशोक कुमार यादव एवं ललीता पैंकरा को शाल एवं पुष्पमाला से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में समाज कल्याण के समस्त अधिकारी-कर्मचारी, विशेष विद्यालयों के हितग्राही एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज में मनाया गया सुशासन पखवाड़ा

पायनियर संवाददाता | नारायणपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सरकार गठन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में संस्था में 17 दिसम्बर को वाद-विवाद, भाषण प्रतियोगिता एवं 19 दिसम्बर को संगोष्ठी का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पीएम आवास योजना, मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा ऋण ब्याज अनुदान योजना, महतारी वंदन जैसी योजनाओं के माध्यम से सबका साथ सबका विकास पर चर्चा की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य अविनाश कुमार जैन द्वारा की गई। प्राचार्य द्वारा मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा ऋण ब्याज अनुदान योजना की जानकारी साझा करते हुए छत्तीसगढ़ सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर राज्य की विकास योजनाओं के बारे में भी चर्चा की। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम प्रभारी के. सुमित्रा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में संस्था के समस्त अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राऐं उपस्थित थे।

RAIPUR MUNICIPAL CORPORATION
Head Office Near Gandhi Maidan Raipur (C.G.)
Ph. No. 0771-2535780, 90, Fax : 0771-2227395
E-mail :- dc_rmc@rediffmail.com, www.nagarnigamraipur.com

Ref.-766/RMC/NNR/2024 Raipur, Date : 19/12/2024

Notice Inviting Sponsorship [3rd Call]

Subject:- Proposal for Sponsorship-Based Operation and Maintenance of Gardens

Raipur Municipal Corporation invites Sponsorship Applications from firms/agencies/PSU/Builders/Corporations/Individuals/Society/NGOs/Contractors/Department for the operation and maintenance Garden of the Municipal Corporation area. The Applicant can select any garden in the municipal area they are interested in. The List of garden and detail sponsorship Notifications and details can be availed from room number 06 or the municipal corporation zone 01 office. website www.nagarnigamraipur.nic.in.

घरों से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

Zone Commissioner-01
Raipur Municipal Corporation

कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग (भ/स) कांकेर संभाग-कांकेर

क्रमांक-4132/NIT-4/2024-2025/व ले लि **// निविदा आमंत्रण सूचना //** दिनांक 17/12/2024

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 27/12/2024 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 02/01/2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि :- 03/01/2025 पूर्वान्ह 11.30 बजे
निविदाकारों की श्रेणी :- ई-पंजीयन के अंतर्गत श्रेणी ''द'' से ''अ'' तक

एनआईटी क्र. निविदा क्र.	कार्य का नाम / No Of Calls	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रू. में) बैंक साल्वेंसी (रू. में)	निविदा प्रपत्र की कीमत (रू. में)	कार्य की अवधि
1	2	3	4	5
T0019	लो.नि.वि. अनुविभाग कांकेर अंतर्गत विभिन्न मार्गों में मेटल सप्लाई कार्य। प्रथम आमंत्रण	5.00 3750.00 75000.00	C 750.00	01 माह वर्षा ऋतु सहित
T0020	लो.नि.वि. अनुविभाग कांकेर अंतर्गत विभिन्न मार्गों में मेटल सप्लाई कार्य। प्रथम आमंत्रण	5.00 2250.00 45000.00	C 750.00	01 माह वर्षा ऋतु सहित

निविदा संबंधी शर्ते विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग (भ/स) कांकेर
संभाग-कांकेर

G-242504690/3

ठिठुरती ठंड में भी पहरेदारी कर रहे है पथर्रा के ग्रामीण प्लांट प्रबंधन के रोहित सचदेव ने ग्रामीणों से की चर्चा

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

एथेनाल प्लांट के विस्थापन के लिए तीन महीने से पथर्रा में आंदोलन कर रहे ग्रामीण अब चौबीसों घंटे की पहरेदारी पर उतर आए है। वहीं दूसरी तरफएथेनॉल प्लांट के प्रंबधन के द्वारा भी ग्रामीणों से चर्चा के पहल किया गया है। इस संबंध में बेरला जनपद पंचायत के सदस्य सिद्दीकी खान ने बताया कि पूस की एक रात के तर्ज पर ठिठुराती ठंड पर पूरी रात अलाव जला कर रखवारी कर रहे हैं। प्लांट परीक्षण से उत्पन्न आवाज़ को 15 दिन सहन करने के बाद लगातार नींद में व्यवधान से त्रस्त होकर पथर्रा और बसनी के ग्रामीण सत्याग्रह और असहयोग आंदोलन पर उतर आए हैं। ग्रामीणों के इस प्रयास को आस पास के गांव का भी भरपूर सहयोग मिल रहा है। प्लांट के परीक्षण मात्र से उत्पन्न आवाज़ और खेतों में फैलता धुवां ग्रामीणों को विचलित किए हुए है।यही कारण है कि 85 दिनों से शांति पूर्ण धरना करके शासन प्रशासन से गुहार लगाकर थक चुके ग्रामीण अब स्वयं सामने आकर मोर्चा संभाल चुके है।गांव वालों की आशंका निराधार भी नहीं है इस क्षेत्र में इसी तरह फैक्ट्री खुलती रही तो कृषि काम पूरी तरह प्रभावित होना तय है। किसानो की ये आशंका निराधार भी नहीं है। सिलतरा की ओर अग्रसर हो रहा है,किसानो के मुताबिक बहुत शीघ्र रांका में महापंचायत अगले सप्ताह आयोजित की जाएगी। वहीं प्लांट प्रबंधन की ओर रोहित सचदेव भी आंदोलनकारियों से चर्चा के लिए उपस्थित हुए। ग्रामीणों ने उनसे अनुरोध किया के गांव की जिंदगी को इस तरह औद्योगिक प्रदूषण की आग में न झोंके, ग्रामीण महिलाओं ने उनसे कहा कि अपने यहां आकर गांव की शांति भंग कर दी है। कृपा करके ऐसा न करे। प्लांट के विस्थापन के लिए हर तरह से श्रम सहयोग का ग्रामीणों ने प्लांट मालिक को वायदा किया। बैठक में प्रदूषण का उल्लेख कर हवाला ग्रामीण जनता बार बार उल्लेख करते है।वहां की स्थिति को देखते हुए ग्रामीणों की आशंका वाजिब प्रतीत होती है। ग्रामीणों का ये आंदोलन अब विस्तार प्रमुख रूप से अजिताभ मिश्रा, यश ठाकुर, सिद्दिक खान, खेमाराम साहू, अरविंद मिश्रा, उषा शर्मा, तीजकली निषाद, चंदन साहू, घना राम, ऋषि साहू, अरविंद मिश्रा उपस्थित रहे।

शिवरतन शर्मा के प्रयासों से राष्ट्रीय राजमार्ग में सर्विस रोड बनाने की मिली स्वीकृति

शिवरतन शर्मा के प्रयासों से 08 करोड़ की मिली स्वीकृति

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com

बिलासपुर-रायपुर राष्ट्रीय राजमार्ग में भाटापारा-लिमतरा मार्ग के लिए दोनों ओर सर्विस मार्ग की स्वीकृति उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा के प्रयासों से लगभग 08 करोड़ की केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने प्रदान कर दी है। यह सफलता शिवरतन शर्मा के पूर्व में किए गए प्रयासों एवं कुछ दिन पहले दिल्ली प्रवास पर पुनः किये गए प्रयासों का परिणाम है। शिवरतन शर्मा ने केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर भाटापारा-लिमतरा मार्ग के दोनों ओर राष्ट्रीय राजमार्ग से सर्विस रोड बनाकर जोड़ने का आग्रह किया था.।

शिवरतन शर्मा ने उक्त स्वीकृति पर दुरभाष चर्चा में बताया कि दोनों ओर इस सर्विस रोड़ के निर्माण से क्षेत्र की जनता में खुशी की लहर है। इससे आवागमन सुगम होगा, समय की बचत होगी साथ ही क्षेत्र के औद्योगिक और व्यवसायिक विकास में सहायता मिलेगी।

शिवरतन शर्मा ने इस महत्वपूर्ण सौग़ात के लिए केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, सांसद बृजमोहन अग्रवाल का आभार जताते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार सड़क निर्माण कार्यों को प्राथमिकता देकर सभी परियोजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा करेगी। जब से प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है तबसे अब तक भाटापारा विधानसभा को इस डबल इंजन की सरकार से मेरे आग्रह को स्वीकार करते हुए लगातार केंद्र और राज्य दोनों सरकारों द्वारा करोड़ो के विकास कार्यो की हर क्षेत्र में स्वीकृति मिल रही है. उक्त स्वीकृति के लिए राकेश तिवारी, सुनील यदु, आशिष जायसवाल, मानिन्दर गुम्बर, योगेश अंनत,मोहन बांधे, सतीश साहू, कुंजराम कोशले, आशीष पुरोहित, अंकित बाजपेयी, प्रवेश मिश्रा, गोपाल देवांगन, अजित निषाद, संजय शुक्ला, सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रवासियों ने शिवरतन शर्मा के द्वारा करवाये जा रहे विकासपरक कार्यो के लिए आभार व्यक्त कर धन्यवाद ज्ञापित किया..

हर्ष उल्लास के साथ अनुयायियों ने मनाया गुरु घासीदास जयंती

पायनियर संवाददाता ➤ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

जिला भर में सत्य समानता मानवता अहिंसा का संदेश देने वाले छत्तीसगढ़ में जन्मे शंत शिरोमणि गुरु घासीदास जी का जन्म जयंती काफी सादगी और हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया इस तारतम्य में सबसे ज्यादा रोचक तरीके से पहली बार देवभोग मुख्यालय में बाबा जी का जयंती मनाया गया सतनामी समाज के लोग पारंपरिक भेषभूषा के साथ नजर आए सबसे पहले सतनामी सामाजिक लोगों के साथ साथ अनुयायियों ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर प्रतिमा के समक्ष बाबा जी चित्र का दीप ज्योति करते हुए विधि विधान अनुसार पूजा पाठ किया तत्पश्चात महिला पुरुष सहित छोटे बच्चों के साथ सैकडो की संख्या में शोभायात्रा निकालते नगर भ्रमण किया गया और वापस लौटकर गुरु घासीदास जी की वंदना किया इस दौरान इस कार्यक्रम में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए सतनामी समाज प्रमुख प्रेमलाल आडिल्य ने गुरु घासीदास जी के उपदेशों को बताते कहा कि दुनिया को सत्य अहिंसा और सामाजिक सद्भावना का मार्ग दिखाया उन्होंने सम्पूर्ण मानव जाति को 'मनखे-मनखे एक समान' का प्रेरक संदेश देकर समानता और मानवता का पाठ पढ़ाया लोगों को मानवीय गुणों के विकास का रास्ता दिखाते नैतिक मूल्यों की पुनर्स्थापना की समाज के लोगों को सात्विक जीवन जीने की प्रेरणा देने वाले सत्य की आराधना करने वाले और अपनी तपस्या से प्राप्त ज्ञान और शक्ति का उपयोग मानवता की सेवा में उपयोग करने वाले सन्त गुरु घासीदास के विचार को प्रत्येक लोगो तक पहुंचने की अपील किया ताकि लोग सत्य समानता मानवता का मार्ग अपनाते मानव मानव एक समान का भाव अपने भीतर उतार इसी तरह मंचसिन रहे अतिथियों ने बाबा गुरु घासीदास जी के विचारों लोगो के बीच साझा किया।

बाबा जी ने दी ये शिक्षाए : गुरु घासीदास जी के समकालीन समाज में भेदभाव और विषमता जैसी आदि बुराइयां चारों ओर फैली ऐसे में उन्होंने समाज में फैली इन कुरीतियों पर रोक लगाने के लिए भी लोगो को प्रेरित किया साथ ही लोगो को सत्य के मार्ग पर चलने की भी शिक्षा दी उन्होंने अपने समाज में फैली आर्थिक विषमता शोषण जातिगत भेदभाव और अस्पृश्यता को समाप्त करके मंखे मंखे एक समान का संदेश दिया।

आधारकार्ड मे तृटिपूर्ण को लेकर आयोजित जन समस्या निवारण शिविर में भारी भीड़

10 वर्षों से आधार कार्ड नहीं, शिविर में तत्काल बना कर दिया कार्ड

पायनियर संवाददाता ➤ सरायपाली
www.dailypioneer.com

मनरेगा हॉल जनपद पंचायत परिसर में स्थित मनरेगा हाल आधार समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें तीनो ब्लाक के हितग्राही जिनका आधार सुधार एवं आधार कार्ड नहीं बनपाने वाले हितग्राही बड़ी मात्रा में शामिल हुये इस आयोजन में जिले में बंद हुए आधार कार्ड (सस्पेंड) वाले हितग्राही 70 हितग्राही थे और आधार मे मिसमेच बायोमेट्रिक आवेदन वाले 15 हितग्राही एवं आधार डूप्लिकेट आन लाईन में दिखा रहा है उस प्रकार के प्रकरण 13 हितग्राही जिसमें एक हितग्राही जो रामलता अग्रवाल आयु 60 वर्ष पति रामावतार अग्रवाल निवासी सरायपाली जो दिव्यांग है करीबन 10 वर्षों से आधार कार्ड नहीं बन पा रहा था उनका यूआई डी आई टीम सौरभ रामटेके के व्दारा उनके हैदराबाद से जांच पडताल कर शिविर के समय मे ही रामलता अग्रवाल का आधार कार्ड मंगवाकर अनुविभागीय अधिकारी नम्रता चौबे के करकमलों से आधार कार्ड रामलता अग्रवाल को दिया गया। आधार कार्ड मे सुधार लिमिट क्रास वाले हितग्राही 22 थे और नाम परिवर्तन वाले 50 से अधिक थे ज्यादा मात्रा मे नाम परिवर्तन वाले आधार कार्ड धारी हितग्राही को देखते हुए जिसमें से कुल 98 हितग्राहीयो का आधार कार्ड सुधार एवं नया पंजीयन हो पाया बार बार लाईन कटौती एवं सर्वर डाउन होने के कारण दो मशीन चालू नहीं हो पाई। सौरभ रामटेके ने अपने उच्च अधिकारियों आरो आफिस हैदराबाद से इस विषय मे बात कर समस्या का समाधान हेतु राजपत्र (गेजेट नोर्टीफिकेशन) संयुक्त रूप से शिविर लगाकर समस्या को हल किया जावेगा ऐसा उनके व्दारा बताया गया।

दिख रहा सुशासन का असर, आसान हो रहा लखपति बनने का सफर

पायनियर संवाददाता ➤ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन गरियाबंद द्वारा लखपति महिला पहल उन्मुखीकरण सह सम्मेलन का आयोजन जिला पंचायत के सभागार में किया गया। साथ ही जेण्डर संवेदीकरण अंतर्गत चलाई जा रही राष्ट्रीय अभियान 3.0 पर प्रमुखता से चर्चा किया गया। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन के एक वर्ष पूर्ण होने पर सुशासन वर्ष मनाया जा रहा है। जिसके तहत प्रदेश भर में विविध कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। इसी परिप्रेक्ष्य में जिलें में लखपति महिला पहल अंतर्गत कार्य कर रही महिलाओं, कृषि सखी, पशु सखी, लखपति सीआरपी, संगठन पदाधिकारियों को विस्तार से लखपति पहल के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मती रीता यादव ने बताया कि शासन की सभी महत्वपूर्ण योजनाओं की पहुंच आसानी से समूह की दीदियों तक पहुंच रही है। इसके लिए निरंतर प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लखपति के लिए चिन्हांकित महिलाओं द्वारा 02 से 03 कृषि व गैर कृषि आधारित गतिविधियां की जा रही है। इसके लिये सभी दीदीयों के लिए कार्ययोजना भी बनायी जा रही है।

जिले में बाल विवाह मुक्त अभियान को प्रोत्साहित करने सभी ग्राम पंचायतो में विशेष ग्रामसभा का आयोजन किया गया

पायनियर संवाददाता ➤ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बाल विवाह की पूर्णतः रोकथाम के लिए कलेक्टर दीपक अग्रवाल के निर्देश पर एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी अशोक पाण्डेय, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी मती दीपा शाह के मार्गदर्शन व जिला बाल संरक्षण अधिकारी अनिल द्विवेदी के निगरानी में बाल विवाह मुक्त अभियान को प्रोत्साहित करने के लिए जिले के सभी ग्राम पंचायतो में 27 नवम्बर 2024 को विशेष ग्राम सभाओं का अयोजन कर पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधियों, नगरीय निकाय प्रतिनिधियों, स्कूल और कॉलेजों के प्रिंसिपल, शिक्षक, छात्र-छात्राये, एएनएम, मितानीन, प्राथमिक एवं समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के डॉक्टर, स्वसहायता समूह, स्वयंसेवी संगठन एवं धार्मिक नेता आदि को सम्मिलित कर बाल विवाह मुक्त अभियान की शपथ दिलाई गई। बाल विवाह की पूर्णतः रोकथाम एवं बाल विवाह पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाने हेतु जिला बाल संरक्षण इकाई के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के द्वारा जिले के विभिन्न स्थानों में 21 अक्टूबर से 20 नवम्बर 2024 तक प्रचार-प्रसार कर बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़, बाल अम उन्मूलन हेतु अखिल भारतीय बचाव व पुनर्वास एवं नशा मुक्त भारत अभियान चलाया गया।

शत्रुहन लाल सोनी का निधन

महासमुंद। शहर के पुराणा रावण भाठा निवासी शत्रुहन लाल सोनी (77 वर्ष) का बुधवार सुबह हृदयगति रुक जाने से आकस्मिक निधन हो गया। वे पंकज सोनी के पिता दीपक, कुलदीप, आलोक, राजू के चाचा एवं रत्नेश, सीतेश, मीतेश, रवि, कृष्णा के बड़े पापा थे। अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में हुआ। इस दौरान बड़ी संख्या में समाजजन एवं शहर के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

समाधान महाविद्यालय द्वारा रामपुर गांव में मानव के जीने के पांचों आयामों से संबंधित विस्तृत सर्वेक्षण रिपार्ट प्रस्तुत किया गया

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

ग्राम रामपुर (ठाठापुर), जिला-कबीरधाम छ.ग. में समाधान महाविद्यालय ने सार्थक पहल करते हुए ग्रामवासियों एवं रामपुर के शासकीय विद्यालय के सहयोग से स्नेहपूर्ण मंगलमैत्री एवं शैक्षणिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। विदित हो की 8 दिसम्बर 2024 को महाविद्यालय के बी.एड. के छात्र-छात्राओं एवं सहा. प्राध्यापकों ने गांव की वास्तविक स्थिति की सही जानकारी हेतु मानव के जीने के पांच आयाम से संबंधित प्रश्नावली तैयार कर एक विस्तृत सर्वेक्षण कार्य गांव के समस्त घरों में संपादित किये। प्रश्नावली 70 प्रश्नों पर आधारित था। जिसमें गांव के सभी परिवारों ने स्वस्फुर्त जानकारी उपलब्ध कराया। सर्वेक्षण के पश्चात महाविद्यालय परिवार ने उपलब्ध आंकड़ों का आंकलन कर रिपार्ट तैयार किये और गांव वालों को उनकी शारीरिक, मानसिक, पारिवारिक, सामाजिक, आर्थिक, नैतिक पक्षों, समझ सम्बन्ध एवं सुविधा की ओर ध्यानार्कषण कराने के उद्देश्य से रामपुर में प्रेरणादायक कार्यक्रम एवं नाट्य प्रस्तुति किया गया। इस प्रस्तुति के माध्यम से गांव वालों की शिक्षा संस्कार, स्वास्थ्य संयम, उत्पादन कार्य, विनिमय कोष एवं न्याय सुरक्षा तथा सर्वमानव में समानता की जानकारी दी गई। सर्वेक्षण में ग्राम रामपुर से 169 घरों से जो आंकड़े प्राप्त हुए उनमें कुछ रोचक तो चौंकाने वाले तथ्य सामने आये। जैसे की 1400 कुल आबादी वाले इस छोटे से गांव में स्वास्थ्यगत समस्याओं, अंग्रेजी दवाईयों एवं इलाज में मासिक खर्च 5 लाख 87 हजार 1 सौ 72 रूपये एवं प्रतिवर्ष 70 लाख 46 हजार 64 रूपये का व्यय होता है। वही नशे में मासिक 1 लाख 41 हजार 3 सौ 75 रूपये एवं प्रतिवर्ष 16 लाख 96 हजार 5 सौ रूपये व्यय किये जाते है। दुसरी ओर ग्रामवासियों की सकारात्मक पहलू भी निकलकर सामने आये है। आज भी गांव के 91त्न लोग संयुक्त परिवार के रूप में साथ-साथ रहते है एवं 94% लोग अपने आपसी विवादों का निपटारा मिलकर, परिवार या पंचायत के माध्यम कर लेते है। प्राप्त जानकारी के अनुसार न्यायालय में 9 लोगों का मामला लंबित है। 43% ग्रामवासियों का ऐसा मानना है कि वर्तमान न्याय व्यवस्था में सुधार की आवश्यकता है।

वैभव ट्रेडर्स का वाहन समेत भवन निर्माण सामाग्री जब्त, नोटिस का असर नहीं होने पर कार्रवाई

पायनियर संवाददाता ➤ रिसाली
www.dailypioneer.com

सड़क किनारे भवन निर्माण सामाग्री को बिना अनुमति एकत्र करने पर कार्रवाई की। निगम आयुक्त मोनिका वर्मा के निर्देश पर वैभव ट्रेडर्स से ईट, रेत व गिट्टी को जब्त किया। सरिया व ऐंगल से बने झूला को स्वतः हटाने मोहलत दी गई। बिना अनुमति सड़क किनारे बिक्री के लिए भंडारण कर रखे ईट, रेत और गिट्टी को जब्त किया गया। भवन निर्माण सामाग्री सड़क पर फैलने की वजह से दुर्घटना की संभावना बढ़ गई थी। बार-बार चेतावनी का असर नहीं होने पर निगम के राजस्व विभाग प्रभारी मंगल कुर्रे के नेतृत्व में टीम ने जब्ती कार्रवाई की। इस दौरान मौके पर नेवई पुलिस भी मौजूद थी। कार्रवाई में विवेक रंगनाथ, विनोद शुक्ला, टिकेन्द्र वर्मा आदि उपस्थित थे।

बहस करने पर वाहन को जब्त- वैभव टेउडर्स ने सड़क के बीचो बीच 10 चक्का मेटाडोर खड़ी कर रखा था। इसके अलावा रेत व गिट्टी अनलोड करने के लिए छोटा जेसीबी भी बेतरतीब तरीके से रखा हुआ था। वाहन को हटाने जब अधिकारियों ने दबाव बनाया तो वैभव टेउडर्स का संचालक बहस करने लगा। इसे देख अधिकारियों ने वाहन को नेवई थाना परिसर में खड़ी कराया।

नोटिस का असर नहीं-सड़क किनारे भवन निर्माण सामाग्री रखने की शिकायत नागरिक लगातार कर रहे है। शिकायत का निराकरण करते निगम के अधिकारियों ने नोटिस भी जारी किया गया। नोटिस का असर नहीं होने पर निगम ने कार्रवाई की।

विद्यालय प्रांगण में एक उत्सव जैसा माहौल

दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में वर्षिकोत्सव का भव्य आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com

खमरिया भाटापारा स्थित दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 17 दिसंबर 2024 को वार्षिकोत्सव का आयोजन बेहद भव्य और गरिमामय तरीके से किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में एक उत्सव जैसा माहौल था, जहाँ हर व्यक्ति के चेहरे पर उल्लास और ऊर्जा की झलक दिखाई दे रही थी। विद्यालय के छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों ने पूरे आयोजन में बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्याम बिहारी जायसवाल (कैबिनेट मंत्री, हेल्थ एंड फैमिली वेलफेयर, मंत्री ऑफ मेडिकल एजुकेशन) थे। कार्यक्रम की गरिमा को बढ़ाने के लिए विशिष्ट अतिथि शिवरतन शर्मा (उपाध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी, छत्तीसगढ़) उपस्थित रहे। विशेष अतिथि के रूप में डॉ. नरेश भट्ट, (वरिष्ठ वैज्ञानिक इसरो) डॉ. हेमेंद्र आर. कंसारा, (वैज्ञानिक इसरो) डॉ. एस.पी. व्यास, (वैज्ञानिक इसरो) एवं हिमांशु भारतीय (जिला शिक्षा अधिकारी, बलोदा बाज़ार) ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। विद्यालय के प्रबंधक अश्विनी शर्मा, व संदीप गोयल एवं साइंस कोऑर्डिनेटर, एनएच गोयल वर्ल्ड स्कूल, रायपुर से एम.एन. सिंह सहित जिले के विभिन्न विद्यालयों से आमंत्रित प्रधानाचार्य एवं शिक्षक, गणमान्य अभिवावक भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मंच का प्रभावी संचालन विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने की। शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक द्वारा मुख्य अतिथियों के औपचारिक स्वागत और माल्यार्पण के साथ हुआ। प्रबंधक महोदय ने अपने उद्घाटन भाषण में विद्यालय की उपलब्धियों, लक्ष्यों और भविष्य की योजनाओं का उल्लेख किया। इसके उपरांत विद्यालय के प्रधानाचार्य योगेश पोपट ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें उन्होंने विद्यालय की प्रगति, शैक्षणिक गुणवत्ता, छात्रों की सफलता तथा अन्य सह-पाठ्यक्रमीय गतिविधियों का विस्तार से ब्यौरा दिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण छात्रों द्वारा प्रस्तुत किया गया सांस्कृतिक कार्यक्रम था, जिसमें कनिष्ठ और वरिष्ठ छात्र-छात्राओं ने अपनी बहुमुखी प्रतिभा का अद्भुत प्रदर्शन किया। इस सांस्कृतिक संध्या में विभिन्न प्रकार की प्रस्तुतियाँ जैसे लोक नृत्य, समूह गीत, शास्त्रीय संगीत, नृत्य, नाटक आदि शामिल रहे। मुख्य अतिथि श्याम बिहारी जायसवाल ने विद्यालय के इस प्रयास की सराहना की और कहा- ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने छात्रों को शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियों में भागीदारी के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय के मेधावी छात्र-छात्राओं को उनके वार्षिक उपलब्धियों के लिए पुरस्कृत किया गया। लोक नृत्य की रंग-बिरंगी वेशभूषा और मनमोहक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को भारतीय संस्कृति के विविध रंगों से परिचित कराया। छात्रों द्वारा प्रस्तुत किए गए विभिन्न राज्यों के लोक नृत्य जैसे भांगड़ा, गरबा, कथकली, दशावतार और बिहू ने कार्यक्रम को अत्यंत रोचक बना दिया। समूहगान में छात्र-छात्राओं ने विद्यालय के हिंदी विभागाध्यक्ष सी.एल. शुक्ल द्वारा रचित विद्यालय गीत गाकर मानो दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल की पूरी फिलोसोफी बयाँ की हो। जहाँ एक ओर वरिष्ठ वर्ग के विद्यार्थियों ने अपने प्रदर्शन से लोगों को मंत्र-मुग्ध कर दिया वहीं कनिष्ठ वर्ग के नन्हें-मुन्ने बच्चे भी अपनी लुभावनी प्रस्तुति देकर लोगों का मन मोह लिया। संगीत की स्वर लहरियों ने पूरे वातावरण को सुरमयी बना दिया। इसके अतिरिक्त, नृत्य-नाटिका ने समाज में फैली कुरीतियों और समसामयिक मुद्दों पर प्रकाश डालते हुए एक गहन संदेश दिया। छात्रों द्वारा प्रस्तुत नाटक ने दर्शकों को खूब गुदगुदाया और तालियों की गड़गड़ाहट के साथ सराहना बटोरी।

कलेक्टर दीपक अग्रवाल के द्वारा नगरीय निकायों के 15-15 वार्डो के आरक्षण की कार्यवाही सम्पन्न

पायनियर संवाददाता ➤ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला प्राधिकारी अधिकारी दीपक कुमार अग्रवाल की उपस्थिति में वन विभाग के ऑक्शन हॉल में गरियाबंद जिला अंतर्गत नगरीय निकायों के वार्डों के आरक्षण की कार्यवाही दोपहर 12 बजे से की गई। जिसमें नगर पालिका परिषद गरियाबंद, नगर पंचायत कोपरा, राजिम, फिंगेश्वर और छुरा के 15-15 वार्डों के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अनारक्षित वर्ग तथा प्रवर्गवार महिला आरक्षण के लिए पर्ची निकालकर आरक्षण की कार्यवाही की गई। इस दौरान अपर कलेक्टर अरविन्द पाण्डेय, नवीन भगत, उप जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश कुमार गोलछा, एसडीएम राजिम विशाल महाराणा, छुरा एसडीएम रामसिंह सोरी, संबंधित तहसीलदार, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सहित जनप्रतिनिधिगण, आम नागरिक एवं मीडिया प्रतिनिधिगण मौजूद थे।

आम निर्वाचन नगरीय निकाय का आरक्षण की प्रक्रिया सम्पन्न

पायनियर संवाददाता ◂ बलरामपुर
www.dailypioneer.com

नगरीय निकायों के आम निर्वाचन 2024-25 हेतु वार्ड पार्षदों के निर्वाचन के लिए आरक्षण की कार्यवाही संयुक्त जिला कार्यालय भवन के सभाकक्ष में कलेक्टर एवं आरक्षण विहित प्राधिकारी राजेन्द्र कटारा एवं जिला पंचायत सीईओ रेना जमील,जनप्रतिनिधियों तथा अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति में लाटरी पद्धति से सम्पन्न किया गया।

नगरपालिका परिषद बलरामपुर- नगरपालिका परिषद बलरामपुर के वार्डों के आरक्षण की कार्यवाही में स्व.रविन्द्र प्रताप सिंह वार्ड क्रमांक-1 अनुसूचित जनजाति मुक्त, महात्मा गांधी वार्ड क्रमांक-2 अनुसूचित जनजाति महिला, मसीह वार्ड क्रमांक-3 अनुसूचित जनजाति मुक्त, इंदिरा गांधी वार्ड क्रमांक-4 अनारक्षित मुक्त, लाल बहादुर शास्त्री वार्ड क्रमांक-5 अनुसूचित जनजाति महिला, चन्द्रशेखर वार्ड क्रमांक-6 अनारक्षिम महिला, राजीव गांधी वार्ड क्रमांक-7 अनारक्षित महिला, सुभाष चन्द्र बोस वार्ड क्रमांक-8 अनारक्षित मुक्त, अम्बेडकर वार्ड क्रमांक-9 अनुसूचित जनजाति मुक्त, पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड क्रमांक-10 अन्य पिछड़ा वर्ग मुक्त, डॉक्टर अब्दुल कलाम वार्ड क्रमांक-11 अनारक्षित महिला, स्व. रंगनाथ सिंह वार्ड क्रमांक-12 अनारक्षित मुक्त, विनोवा भावे वार्ड क्रमांक-13 अनुसूचित जनजाति मुक्त, भगत सिंह वार्ड क्रमांक-14 अनारक्षित मुक्त तथा पंडित जवाहरलाल नेहरू वार्ड क्रमांक-15 हेतु अनारक्षित मुक्त के लिए आरक्षित किया गया है।

नगर पंचायत रामानुजगंज- इसी प्रकार नगर पंचायत रामानुजगंज के वार्डों के आरक्षण की कार्यवाही में विनोवा भावे वार्ड क्रमांक-1 अन्य पिछड़ा वर्ग मुक्त, महात्मा गांधी वार्ड क्रमांक-2 अनारक्षित मुक्त, लाल बहादुर शास्त्री वार्ड क्रमांक-3 अनुसूचित जनजाति मुक्त, जवाहर लाल नेहरू वार्ड क्रमांक-4 अनारक्षित मुक्त, चन्द्रशेखर आजाद वार्ड क्रमांक-5 अनुसूचित जाति मुक्त, सुभाषचन्द्र बोस वार्ड क्रमांक-6 अनारक्षित मुक्त, जयप्रकाश वार्ड क्रमांक-7 अनारक्षित मुक्त, शिवाजी वार्ड क्रमांक-8 अनारक्षित महिला, विवेकानंद वार्ड क्रमांक-9 अन्य पिछड़ा वर्ग मुक्त, सरदार वल्लभभाई पटेल वार्ड क्रमांक-10 अन्य पिछड़ा वर्ग मुक्त, इंदिरा गांधी वार्ड क्रमांक-11 अन्य पिछड़ा वर्ग महिला, राजीव गांधी वार्ड क्रमांक-12 अनारक्षित महिला, बाल गंगाधर तिलक वार्ड क्रमांक-13 अनारक्षित महिला, रविन्द्रनाथ टैगोर वार्ड क्रमांक-14 अन्य पिछड़ा वर्ग महिला, मदनमोहन मालवीय वार्ड क्रमांक-15 अनारक्षित मुक्त के लिए आरक्षित किया गया है।

नगर पंचायत राजपुर- नगर पंचायत राजपुर के वार्डों के आरक्षण की कार्यवाही में गुरूघासी दास वार्ड क्रमांक-1 अनुसूचित जनजाति मुक्त, संतज्ञानेश्वर वार्ड क्रमांक-2 अनुसूचित जनजाति महिला, चन्द्रशेखर आजाद वार्ड क्रमांक-3 अनुसूचित जनजाति मुक्त, सरदार वल्लभ भाई पटेल वार्ड क्रमांक-4 अनारक्षित महिला, सरदार भगत सिंह वार्ड क्रमांक-5 अनारक्षित महिला, डॉ. भीमराव अम्बेडकर वार्ड क्रमांक-6 अनारक्षित मुक्त, पं जवाहर लाल नेहरू वार्ड क्रमांक-7 अनारक्षित मुक्त, महात्मा गांधी वार्ड क्रमांक-8 अनारक्षित मुक्त, राजीव गांधी वार्ड क्रमांक-9 अनारक्षित मुक्त, अग्रसेन वार्ड क्रमांक-10 अनारक्षित महिला, स्वामी विवेकानन्द वार्ड क्रमांक-11 अनुसूचित जनजाति महिला, रविदास वार्ड क्रमांक-12 अनुसूचित जनजाति मुक्त, इंदिरा गांधी वार्ड क्रमांक-13 अनारक्षित मुक्त, राजेन्द्र प्रसाद वार्ड क्रमांक-14 अनुसूचित जाति मुक्त, बिरसामुंडा वार्ड क्रमांक-15 अनुसूचित जनजाति मुक्त के लिए आरक्षित किया गया है।

नगर पंचायत कुसमी- नगर पंचायत कुसमी के वार्डों के आरक्षण की कार्यवाही में महात्मा गांधी वार्ड क्रमांक-1 अनारक्षित महिला, चन्द्रशेखर वार्ड क्रमांक-1 अनारक्षित मुक्त, इंदिरा गाँधी वार्ड क्रमांक-3 अनारक्षित महिला, विनोबा भावे वार्ड क्रमांक-4 अनुसूचित जनजाति मुक्त, पं. जवाहर लाल नेहरू वार्ड क्रमांक-5 अनारक्षित मुक्त, लाल बहादुर शास्त्री वार्ड क्रमांक-6 अनुसूचित जाति मुक्त, सरदार भगत सिंह वार्ड क्रमांक-7 अनारक्षित मुक्त, मौलाना अ.कलाम आजाद वार्ड क्रमांक-8 अनारक्षित मुक्त, सुभाष चन्द्र बोस वार्ड क्रमांक-9 अनारक्षित महिला, राजीव गाँधी वार्ड क्रमांक-10 अनारक्षित मुक्त, बाल गंगाधर तिलक वार्ड क्रमांक-11 अनुसूचित जनजाति मुक्त, सरदार वल्लभ भाई पटेल वार्ड क्रमांक-12 अनुसूचित जनजाति महिला, मदन मोहन मालवीय वार्ड क्रमांक-13 अनुसूचित जन जाति मुक्त, डॉ. भीमराव अंबेडकर वार्ड क्रमांक-14 अनुसूचित जन जाति महिला, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड क्रमांक-15 अनुसूचित जन जाति मुक्त के लिए आरक्षित किया गया है।

नगर पंचायत वाड्राफनगर - नगर पंचायत वाड्रफनगर के वार्डों के आरक्षण की कार्यवाही में महात्मा गांधी वार्ड क्रमांक-1 अनारक्षित महिला, दीनदयाल उपाध्याय वार्ड क्रमांक-2 अनारक्षित मुक्त, रविन्द्रनाथ टैगोर वार्ड क्रमांक-3 अनुसूचित जनजाति मुक्त, विवेकानंद वार्ड क्रमांक-4 अनारक्षित महिला, बालगंगाधर तिलक वार्ड क्रमांक-5 अनारक्षित मुक्त, जवाहरलाल नेहरु वार्ड क्रमांक-6 अनुसूचित जनजाति महिला, सुभाष चंद्र बोस वार्ड क्रमांक-7 अन्य पिछडा वर्ग मुक्त, चन्द्रशेखर आजाद वार्ड क्रमांक-8 अनारक्षित महिला, प्रियदर्शिनी वार्ड क्रमांक-9 अनुसूचित जाति मुक्त, लालबहादुर शास्त्री वार्ड क्रमांक-10 अनारक्षित मुक्त, भीमराव अंबेडकर वार्ड क्रमांक-11 अनुसूचित जनजाति महिला, मदनमोहन मालवीय वार्ड क्रमांक-12 अनुसूचित जनजाति मुक्त, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड क्रमांक-13 अनारक्षित मुक्त, डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णनन वार्ड क्रमांक-14 अनारक्षित मुक्त, सरदार भगतसिंह वार्ड क्रमांक-15 अनुसूचित जनजाति मुक्त के लिए आरक्षित किया गया है।

सिल्वर जीत कर चांदनी ने नेशनल गेम्स के लिए बनाई जगह

पायनियर संवाददाता ◂ महासमुंद
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय सीनियर महिला तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन टाटा नगर झारखंड में आयोजित किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ के 30 सदस्यों की भागीदारी रही हैं। महिला टीम इवेंट में छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने फाइनल में प्रवेश कर पदक पक्का करने के साथ ही सिल्वर मेडल जीतने में कामयाब रहे। साथ ही अगले महीने होने वाले 38वें नेशनल गेम्स 2024 उत्तराखंड देहरादून के लिए क्वालीफाई कर लिया है। महासमुंद जिले की महिला खिलाड़ी चांदनी साहू पिता बलदेव साहू ग्राम मौलीमुडा ग्राम पंचायत कसहीबहरा हैं जो एक्सीलेंसी सेंटर बहतराई बिलासपुर में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहीं हैं। चांदनी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में इंडियन राउंड में शामिल हैं तथा छत्तीसगढ़ की टीम ने फाइनल में प्रवेश करने की सूचना मिलने से बागबाहरा महासमुंद में खुशी की लहर है। जिला अध्यक्ष डॉ. विकास अग्रवाल ने कहा कि महासमुंद जिले को तीरंदाजी में लगातार उपलब्धियां मिल रही हैं जो खिलाड़ियों के कड़े परिश्रम, प्रशिक्षक, खेलों इंडिया तीरंदाजी प्रशिक्षक की मेहनत और जिला खेल अधिकारी के विशेष सहयोग का परिणाम है। चांदनी के राष्ट्रीय प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल जीतने पर एवं 38वें नेशनल गेम्स उत्तराखंड के लिए क्वालिफाई करने पर जिला कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण मनोज धृतलहरे, जिला तीरंदाजी संघ अध्यक्ष डॉ. विकास अग्रवाल, सचिव एवन कुमार साहू, डॉ. पुनेंद्र चंद्राकर छात्रवास अधीक्षक बाल आश्रम बिहाझर, दीपक मंडावी, खेल प्रशिक्षक पिरित साहू, अरविंद छाबड़ा, संजय पटेल, सोमनाथ साहू, ऋषि कपूर साहू, हिरेंद्र देवांगन, डॉ. सुनील कुमार भोई, रिंकल बग्गा, नवलीन कौर, भोजराम साहू, जया साहू, पद्मा साहू, संजय सोनवानी, नरेश, खेलों इंडिया सेंटर भोरिंग महासमुंद के सभी खिलाड़ी, बॉल आश्रम बिहाझर के सभी खिलाड़ी व समस्त स्टॉफ माता पिता इत्यादि ने बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

बुजुर्ग महिलाओं का सम्मान और सांस्कृतिक कार्यक्रम

रायपुर। लोहाणा महिला मंडल द्वारा मीना बेन पुजारा की अध्यक्षता में सिविल लाइन स्थित वृंदावन हॉल में सांस्कृतिक संध्या व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इस अवसर पर विशेष रूप में सभी लोहाणा समाज की 24 महिलाओं, जिनकी आयु 70 वर्ष से अधिक है, उनका सम्मान किया गया। साथ ही समाज के उनके उल्लेखनीय योगदान व कार्यों के बारे मे बताया गया। इस अवसर पर मंडल द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक प्रोग्राम सहित हाऊजी गेम का भी सभी ने आनंद उठाया। इस अवसर पर मंडल के रमाबेन चतवानी, रश्मि बेन मिरानी, मनीषा सोढ़ा, नेहा बेन मानेक साथ में पूरी टीम उपस्थित थी। साथ में संस्थापक मीता बेन चतवानी भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में मोना बेन, नीता बेन, मीना बेन, भारती बेन समेत सभी सदस्यगण उपस्थित थे।

उद्योगों को निर्धारित मूल्य पर सीधे भूमि आवंटन की नीति जल्द : राज्यवर्धन सिंह राठौड

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

पीएचडीसीसीआई-राजस्थान चैप्टर ने ग्रीनफील्ड्स एग्रो पार्क के सहयोग से 19-दिसंबर-2024 को पीएचडी हाउस, जयपुर में राजस्थान में कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में व्यावसायिक अवसरों पर कार्यक्रम÷ का आयोजन किया। अपने स्वागत भाषण में पीएचडीसीसीआई-राजस्थान चैप्टर के सह-अध्यक्ष जितेंद्र सिंह राठौड ने बताया कि 1500 बिलियन अमरीकी डॉलर के विश्व निर्यात खाद्य बाजार में से भारत का निर्यात मुश्किल से 53 बिलियन अमरीकी डॉलर है, जो वैश्विक मांग का 1% से भी कम है, जिससे भारत खासकर राजस्थान में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में नए निवेश निर्यात के अपार अवसर हैं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए राजस्थान सरकार के उद्योग एवं वाणिज्य, युवा मामले एवं खेल मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र, जिसे हाल ही में संपन्न सफलतम राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट में भी एक महत्वपूर्ण क्षेत्र के रूप में पेश किया गया था, इस प्रकार के महत्वपूर्ण और सार्थक कार्यक्रम आयोजित करने पर पीएचडी सीसीआई के प्रयास की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रमुख बाजारों से हवाई और सड़क संपर्क, प्रभावी आपूर्ति श्रृंखला और अनुकूल औद्योगिक ईको सिस्टम के कारण राजस्थान की स्ट्रेटिजिक स्थिति को देखते हुए, राजस्थान खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के लिए एक पसंदीदा राज्य है। राजस्थान दालों, मसालों, दूध, फलों, सब्जियों, औषधीय कच्चे माल आदि सहित बड़ी संख्या में कृषि उत्पादों के उत्पादन में अग्रणी राज्य है और इन उत्पादों के राज्य में ही मूल्य संवर्धन करने हेतु खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों के निर्माण के अपार अवसर। सिंगापुर, यूएई आदि जैसे कई देशों में फूड सिक्योरिटी प्रति बढ़ती चिंता को देखते हुए, भारत अपने खाद्य पदार्थों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए तैयार है और यह राजस्थान में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के लिए अच्छे अवसर प्रदान करेगा। कर्नल राठौड़ ने कहा कि ईज ऑफ़ डूइंग बिज़नेस और कॉस्ट ऑफ़ डूइंग बिज़नेस को कम करना राज्य सरकार की प्रमुख प्राथमिकताएं हैं। इस संबंध में उन्होंने घोषणा की कि बहुत जल्द ही उद्योगों के लिए बड़े बदलाव किए जाएंगे और भूमि आवंटन नीति में नीलामी व्यवस्था से हटकर निश्चित मूल्य आवंटन की व्यवस्था की जाएगी।

डुंडेरा में गुरु घासीदास जयंती मनाई गई पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू हुए शामिल

पायनियर संवाददाता ◂ उतई
www.dailypioneer.com

नगर निगम रिसाली क्षेत्रान्तर्गत ग्राम डुंडेरा आश्रम नगर में बाबा गुरु घासीदास जयंती पर नवनिर्मित जैतखाम में पालो चढ़ाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर निगम रिसाली के महापौर शशि सिन्हा ने की। पूर्व एल्डरमेन तरुण बंजारे, एमआईसी सदस्य सीमा साहू विशिष्ठ अतिथि के रूप में शामिल हुए। मुख्य अतिथि पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने ग्रामवासियों को बाबा गुरु घासीदास जयंती व नवनिर्मित जैतखाम की बधाई देते हुए कहा कि बाबा गुरु घासीदास प्रेम व सद्भावना के संदेश वाहक थे। उन्होंने सत्य अहिंसा और मानव मानव एक समान का संदेश दिया है। इस संदेश को हम सभी को अपने जीवन में उतारना चाहिए। बाबा जी के बताए मार्ग पर चल कर ही समाज मे आपसी भाईचारा सामाजिक समरसता और प्रेम सद्भावना को मजबूती मिल सकती है। पूर्व एल्डरमेन तरुण बंजारे ने आश्रम नगर में जैतखाम व ग्राम के अन्य गुरु घासीदास मंदिर के नव निर्माण के लिए पूर्व गृहमंत्री का आभार माना। कार्यक्रम का संचालन पवन बंजारे व आभार प्रदर्शन अध्यक्ष विशेश्वर कुर्रे ने किया। इस दौरान अध्यक्ष विशेश्वर कुर्रे, दिनेश बंजारे, बिरेन्द्र मौर्य, टीकाराम बंजारे, अमोली राम, नीलकमल कोसरे, मनोहर, संतु बंजारे, रोशन, हरिश्चंद्र, सागर कोसरे, लखन डहरिया, प्रदीप बंजारे, ओमप्रकाश बंजारे सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

कैलिफोर्निया आमंड्स के साथ क्रिसमस को बनाएं और भी ज्यादा खुशनुमा और सेहतमंद

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

क्रिसमस अपने करीबियों और दोस्तों के साथ एक सुखद वक्त बिताने और बेहतरीन यादों को संजोने का मौका होता है। आइए, इस बार स्वाद से समझौता किए बिना ही सेहतमंद विकल्पों को चुनकर त्योहार का लुत्फ उठाएं। जब आप क्रिसमस के मीठे और पारंपरिक पकवान पकाएं तो कैलिफोर्निया आमंड्स की अच्छाइयों के साथ अपनी खुशियों को और बढ़ाएं। तरह-तरह से उपयोग की जाने वाली ये सामग्री आपके पंसदीदा पकवानों में क्रंच, लज्जत और पोषण लेकर आएगी। मशहूर कैलिफोर्निया आमंड्स, पोषण का भंडार है। इसमें प्रोटीन, हेल्दी फैट्स, फाइबर, मैग्नीशियम, जिंक और फॉस्फोरस जैसे 15 जरूरी पोषक तत्व हैं। केक से लेकर कुकीज़ तक, बादाम ड्राय फ्रुट्स का राजा है जो ना केवल स्वाद बढ़ाता है, बल्कि त्योहारों के पकवानों को पौष्टिक भी बनाता है। प्रमुख वैज्ञानिक जर्नल में प्रकाशित 200 से भी ज्यादा अध्ययनों में बताया गया है कि रोजाना मुट्ठीभर कैलिफोर्निया आमंड्स खाने से ब्लड शुगर को नियंत्रित करने, एलडीएल कोलेस्ट्रॉल को कम करने और दिल की सेहत को बेहतर बनाने में मदद मिलती है। बॉलीवुड अभिनेत्री सोहा अली खान कहती हैं मेरे लिए, क्रिसमस का मतलब होता है परिवार के साथ वक्त बिताना, रोशनी की जगमगाहट और अपनी बेटी के साथ खास केक बेक करना। खाना-पीना तो त्योहार का जरूरी हिस्सा होता है लेकिन मैं हमेशा इस बात का ध्यान रखती हूं कि मैं अपनी रेसिपीज में गुड़ और बादाम जैसी सेहतमंद चीजें डालूं। इससे ना केवल पकवानों का स्वाद बढ़ जाता है, बल्कि इससे बेवजह कुछ खाने की इच्छा नहीं होती और आपका पेट लंबे समय तक भरा रहता है।

रियलमी ने रियलमी 14 एक्स 5 जी पेश किया 6000 एमएएच बैटरी के साथ सेगमेंट का पहला आईपी 69 स्मार्टफोन

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारतीय युवाओं के सबसे लोकप्रिय स्मार्टफोन ब्रांड, रियलमी ने रियलमी 14 एक्स 5जी पेश किया। यह इसके स्मार्टफोन पोर्टफोलियो में अत्याधुनिक स्मार्टफोन है। रियलमी 14एक्स 5जी में सेगमेंट का पहला आईपी 69 डस्ट एवं वॉटर रज़िस्टैंस और मिलिटरी-ग्रेड शॉक रज़िस्टैंस दिया गया है, जो 6000 एमएएच की शक्तिशाली बैटरी और 45 वॉट की चार्जिंगके साथ आता है। इसमें सोनिकवेव वॉटर इजेक्शन और रेनवॉटर स्मार्ट टच जैसी विशेषताएं दी गई हैं। रियलमी ने इस स्मार्टफोन के साथ किफायती मूल्यों में अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी और गुणवत्तापूर्ण उत्पाद प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाया है। रियलमी 14एक्स 5जी के लॉन्च के साथ यह ब्रांड मिड रेंज स्मार्टफोन सेगमेंट मेंमुमकिन का दायरा बढ़ा रहा है। रियलमी प्रवक्ता ने कहा, ''हम रियलमी 14एक्स 5जी लॉन्च करके उत्साहित हैं। यह किफायती मूल्य में मजबूती के पारंपरिक मानकों से बेहतर स्मार्टफोन पेश करने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उद्योग की अग्रणी आईपी 69 रेटिंग 15,000 रुपये के मूल्य वर्ग में पेश करके हम शक्तिशाली बैटरी और अनेक इनोवेटिव फीचर्स लेकर आए हैं, जो रियलमी 14एक्स 5जी में यूज़र्स के लिए अतुलनीय अनुभव सुनिश्चित करते हैं। यह उन्हें एक बहुत टिकाऊ और भरोसेमंद स्मार्टफोन प्रदान करेगा। इसका डायमेंसिटी 6300 प्रोसेसर शक्तिशाली परफॉर्मेंस और सुगम कनेक्टिविटी प्रदान करता है, जिसकी मदद से रियलमी 14एक्स 5जी उत्पादकता और मनोरंजन की भिन्न-भिन्न जरूरतों को आसानी से पूरा कर सकता है। हमें विश्वास है कि हमारे पोर्टफोलियो का यह नया स्मार्टफोन युवाओं को बहुत पसंद आएगा।

एलएम थापर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट ने आने वाले एकेडमिक ईयर के लिए एमबीए और पीएचडी कार्यक्रमों में प्रवेश की घोषणा

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारत के प्रमुख इंस्टीट्यूशन में से एक थापर इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी ने अपने बिजनेस स्कूल, एलएम थापर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट में एमबीए और पीएचडी कार्यक्रमों के लिए प्रवेश की घोषणा की है। टीआईईटीही अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता, रिसर्च में योगदान और इंडस्ट्री से मजबूत जुड़ाव के लिए प्रसिद्ध है। यह संस्थान विभिन्न क्षेत्रों में स्नातक, स्नातकोत्तर और डॉक्टरेट कार्यक्रमों की विस्तृत श्रृंखला प्रदान करता है। टीआईईटही का हिस्सा होने के नाते, एलएम थापर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट एकेडमिक एक्सीलेंस और इनोवेटिव रिसर्च के लिए प्रतिबद्ध है। इसके एमबीए और पीएचडी कार्यक्रम छात्रों को ज्ञान, कौशल और अवसरों से लैस करने के लिए सावधानीपूर्वक डिजाइन किए गए हैं ताकि वे आज के कॉम्पटेटिव ग्लोबल एनवायरमेंट में सफल हो सकें। यह स्कूल भविष्य के नेताओं को तैयार करने की अपनी परंपरा को कायम रखे हुए है, जो अलग अलग इंडस्ट्री और कम्युनिटीज पर सकारात्मक प्रभाव डालते हैं। एमबीए कार्यक्रम में किसी भी विषय में स्नातक या स्नातकोत्तर डिग्री प्राप्त उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं, जिनके पास मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 50% कुल अंक या समकक्ष सीजीपीए हो। पीएचडी कार्यक्रम के लिए, पोस्टग्रेजुएट डिग्री या समकक्ष योग्यता वाले उम्मीदवार जिनके पास 10-बिंदु पैमाने पर न्यूनतम 6.00 सीजीपीए या 55% कुल अंक हैं, आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश प्रक्रिया में शैक्षणिक योग्यता, स्टैंडर्डाइज़ टेस्ट के स्कोर, इंटरव्यू और रिलेवेंट वर्क एक्सपीरियंस का मूल्यांकन शामिल है। इच्छुक उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट https://lmtsm.thapar.edu के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। डॉ. गुर्बिंदर सिंह, निदेशक, डेरा बस्सी कैंपस (पंजाब), एलएम थापर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट और टीआईईटही, ने कहा: एलएमटीएसएम में, हम भविष्य के नेताओं को तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो अपने चुने हुए क्षेत्रों में सकारात्मक प्रभाव डाल सकते हैं।

सिग्निया ने रायपुर में वाणी स्पीच और हियरिंग क्लीनिक्स के साथ साझेदारी में बेस्टसाउंड सेंटर लॉन्च किया

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

सिग्निया, जो कि डब्लूएस ऑडियोलॉजी समूह का एक प्रमुख ब्रांड है और श्रवण यंत्र तकनीक में वैश्विक नवाचारी है, ने रायपुर में अपने नवीनतम बेस्टसाउंड सेंटर के शुभारंभ की घोषणा की। वाणी स्पीच और हियरिंग क्लीनिक्स के साथ साझेदारी में यह लॉन्च भारत में श्रवण देखभाल में क्रांति लाने की सिग्निया की प्रतिबद्धता में एक और उपलब्धि का प्रतीक है। रायपुर में इस सेंटर का उद्घाटन मुख्य अतिथि पद्मश्री डॉ. अनुराधा पौडवाल ने किया। इस मौके पर डब्लूएस ऑडियोलॉजी इंडिया के सीईओ और प्रबंध निदेशक, अविनाश पवार उपस्थित थे। इस अवसर पर वंचित बच्चों को श्रवण यंत्र वितरित किए गए। यह अत्याधुनिक बेस्टसाउंड सेंटर रायपुर में उन्नत श्रवण समाधानों की बढ़ती आवश्यकता को पूरा करने के लिए बनाया गया है। यह केंद्र श्रवण यंत्र प्रौद्योगिकी, व्यक्तिगत ऑडियोलॉजिकल परामर्श और रायपुर की विविध जरूरतों के अनुसार अनुकूलित समर्थन सेवाओं की एक व्यापक श्रृंखला प्रदान करता है। रायपुर में बेस्टसाउंड सेंटर का उद्घाटन पूरे भारत में अभिनव श्रवण समाधानों को प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। श्रवण हानि मानव जाति की सबसे सामान्य संवेदी कमी है।

इस विषय पर चर्चा की कमी से जुड़ी सामाजिक, शारीरिक और मानसिक समस्याएं होती हैं। इस स्टोर के शुभारंभ के साथ, हम एक समावेशी अनुभव प्रदान करने और रायपुर के लोगों को कार्रवाई करने के लिए प्रेरित करने का लक्ष्य रखते हैं, अविनाश पवार, सीईओ और प्रबंध निदेशक, डब्लूएस ऑडियोलॉजी इंडिया ने कहा।

एनएसडीसी इंटरनेशनल और फिजिक्सवाला ने किया बिग का शुभारंभ, एक संयुक्त पहल

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

नेशनल स्किल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन इंटरनेशनल (एनएसडीसी इंटरनेशनल) और फिजिक्सवाला (पीडब्लू), जो एक एडटेक कंपनी है, ने मिलकर एक पहल शुरू की है जिसे भारत इनोवेशन ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड (बिग) के नाम से जाना जाएगा। यह पहल भारत को एक वैश्विक शिक्षा केंद्र में बदलने के विजन की ओर एक बड़ा कदम है। बिग का प्रमुख उद्देश्य शिक्षा को कार्यक्षेत्र की आवश्यकताओं के अनुरूप बनाना है, ताकि शिक्षा और रोजगार के बीच की दूरी को कम किया जा सके। यह काम तकनीक आधारित और उद्योग से जुड़े शिक्षण तरीकों के जरिए किया जाएगा। बिग का लक्ष्य अलग-अलग उम्र और जरूरतों वाले लोगों को सीखने के मौके देना है। इसमें स्कूलों में 11वीं और 12वीं कक्षा से ही कौशल सिखाना शुरू किया जाएगा, ताकि छात्र शुरू से ही नौकरी के लिए तैयार हो सकें। यह पहल इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट (आईटीआई), पॉलिटेक्निक, कॉलेज के छात्रों और कामकाजी लोगों तक भी पहुंचती है, जिससे हर किसी को सीखने का मौका मिले। बिग सरकारी क्षेत्र के कर्मचारियों की क्षमता बढ़ाने को भी प्राथमिकता देता है, ताकि उनकी कौशल और ज्ञान को आधुनिक शासन की बदलती मांगो के साथ संगठित किया जा सके। यह पहल ऑनलाइन कोर्स की इजाजत देने वाले यूजीसी के नए नियमों और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के साथ मेल खाती है। इस अवसर पर वेद मणि तिवारी, सीईओ, एनएसडीसी और एमडी, एनएसडीसी इंटरनेशनल ने कहा, फिजिक्सवाला के साथ हमारी यह साझेदारी शिक्षा और उद्योग की जरूरतों को जोड़ने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

युवाओं को समाज में योगदान देने का किया आह्वान, समाज में एकता और भाईचारे को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर दिया जोर

विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल गुरु घासीदास बाबा की 268वीं जयंती कार्यक्रम में हुए शामिल

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल बसना विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सावित्रीपुर में आयोजित संत शिरोमणि गुरु घासीदास बाबा जी की 268वीं जयंती समारोह में सम्मिलित हुए। विधायक ने गुरु घासीदास बाबा की छायाचित्र एवं सतनाम पंथ के प्रतीक जैतखंभ की पूजा अर्चना कर गुरु घासीदास बाबा की जयंती की क्षेत्रवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान समाज के पदाधिकारियों ने विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल का फुलमाला पहनाकर मोमेंटो से सम्मान किया। विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल ने संबोधित करते हुए गुरु घासीदास बाबा जी के योगदान और उनकी शिक्षाओं को याद किया। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे समाज के प्रति अपने दायित्वों को समझते हुए अपने प्रयासों को और अधिक समर्पित करें और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए कार्य करें। विधायक ने कहा कि गुरु घासीदास बाबा का आशीर्वाद हम सभी पर हमेशा बना रहे, उनके मार्गदर्शन से हम हमेशा सही दिशा में चलने के लिए प्रेरित होते हैं। उन्होंने युवाओं से यह भी आग्रह किया कि वे अपने लक्ष्य को ऊंचा रखें और समाज के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी सेवाएं प्रदान करते हुए उच्च पदों तक पहुंचें, जैसे कलेक्टर और एसपी, ताकि वे समाज का नाम रोशन कर सकें। विधायक ने समाज में समानता और भाईचारे को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि गुरु घासीदास बाबा जी की शिक्षाओं में यही मुख्य संदेश निहित है।

समाज में एकता और भाईचारे को बढ़ावा देने का आह्वान

विधायक डॉ सम्पत अग्रवाल ने समाज में एकता, समानता और भाईचारे को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यह वही मूल्य हैं जिनका पालन गुरु घासीदास बाबा जी ने अपने जीवन में किया और हमें भी इन मूल्यों को अपने जीवन में उतारना चाहिए। समाज के विभिन्न वर्गों को एकजुट करने का काम हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने राज्य के विकास के लिए राज्य सरकार की प्रतिबद्धता और समर्पण की सराहना की। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य सरकार ने हर क्षेत्र में विकास कार्यों को प्राथमिकता दी है और राज्य के हर कोने में विकास के कार्य लगातार चल रहे हैं।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ के चौमुखी विकास की सराहना की

विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ के चौमुखी विकास की सराहना की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में राज्य सरकार ने हर क्षेत्र में ठोस कदम उठाए हैं, चाहे वह शिक्षा हो, स्वास्थ्य हो, या बुनियादी ढांचा, सभी क्षेत्रों में राज्य सरकार ने महत्वपूर्ण विकास कार्यों को प्राथमिकता दी है। उन्होंने राज्य सरकार के विकास कार्यों को निरंतर जारी रखने का संकल्प जताया और जनता से मिलकर छत्तीसगढ़ को और बेहतर बनाने की अपील की।

छत्तीसगढ़ विधानसभा एक परिचय एवं विधान सभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के अध्यक्षीय कार्यकाल के प्रथम वर्ष शीर्षक से प्रकाशित पुस्तकों का हुआ विमोचन

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ विधानसभा के रजत जयंती वर्ष के अवसर पर विधानसभा सचिवालय द्वारा प्रकाशित तीन किताबों का विमोचन किया गया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने विधानसभा परिसर स्थित अध्यक्ष के कक्ष में षष्ठ्म विधानसभा के सदस्यों की परिचयात्मक जानकारियों पर केन्द्रित प्रकाशन सदस्य परिचय षष्ठ्म विधानसभा, छत्तीसगढ़ विधानसभा एक परिचय एवं विधान सभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के अध्यक्षीय कार्यकाल के प्रथम वर्ष का विमोचन किया गया। इस अवसर पर संसदीय कार्यमंत्री केदार कश्यप, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पाण्डेय, पूर्व विधानसभा धरमलाल कौशिक, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, विधायकगण एवं विधानसभा के सचिव दिनेश शर्मा भी उपस्थित थे। सदस्य परिचय षष्ठ्म विधानसभा पुस्तक में छत्तीसगढ विधानसभा के प्रत्येक सदस्य के जीवन परिचय के अंत में उनके निर्वाचन के परिणाम का विवरण निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के आधार पर सम्मिलित किया गया है। छत्तीसगढ़ विधान सभा की संसदीय कार्यप्रणाली का जन-जन तक प्रसार हो और विधान सभा में जनप्रतिनिधियों की भूमिका एवं संपादित होने वाले कार्यों से जनता को अवगत कराने हेतु छत्तीसगढ़ विधानसभा एक परिचय (संक्षेप में) का प्रकाशन किया गया है। पुस्तक के अंत में सदस्यों के संबंध में विभिन्न विश्लेषणात्मक विवरण भी दिये गये हैं। इस अवसर पर अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि 14 दिसम्बर, 2024 से विधानसभा की स्थापना दिवस का रजत जयंती वर्ष आरंभ हो गया है। विगत 24 वर्षों में छत्तीसगढ़ विधानसभा ने संसदीय मूल्यों के संरक्षण और संवर्धन के लिए उच्च मानकों को स्पर्श किया है। यह हम सबके लिए गर्व का विषय है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि है कि षष्ठ्म विधानसभा के शेष कार्यकाल में छत्तीसगढ़ विधानसभा का वर्तमान सदन संसदीय नवाचारों को आत्मसात करते हुए लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूती देने के अपने गुरुत्तर संसदीय दायित्वों का सफलता पूर्वक निर्वहन करने में सफल होगा।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रयासों से नवा रायपुर बनेगा भविष्य का शहर

109 करोड़ रूपए की लागत से बिछाई जाएगी 16 किमी लंबी पाइपलाइन

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रयासों से नवा रायपुर अटल नगर अत्याधुनिक सुविधाओं वाला शहर बनने की तरफ अग्रसर है। राज्य के आवास एवं पर्यावरण मंत्री ओपी चौधरी ने नवा रायपुर अटल नगर को देश के आधुनिक शहरों में शुमार करने के लिए इसे भविष्य के शहर के रूप मे तैयार करने हेतु प्रयासरत हैं। इन्हीं योजनाओं में से एक है आने वाले 25 वर्षों तक नवा रायपुर अटल नगर के लोगों को लिए निर्बाध पेयजल की सप्लाई। भविष्य में भूमिगत जल में कमी और बढ़ती जनसंख्या की मांग के अनुसार पेयजल उपलब्ध कराने के लिए नवा रायपुर विकास प्राधिकरण ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसके लिए अभनपुर के पास कोड़ापार से थनौद टीला एनीकट तक एक नई पाइपलाइन बिछाने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। यह पाइप लाइन 16 किमी लंबी होगी और इसकी अनुमानित लागत लगभग 109 करोड़ रूपए होगी। नवा रायपुर अटल नगर में टीला एनीकट से पानी की सप्लाई होती है। लेकिन गर्मी के दिनों में पानी की कमी होने से एक प्राकृतिक खुली नहर के द्वारा कोड़ापार से थनौद तक पानी की आपूर्ति की जाती है। कोड़ापार तक पानी रविशंकर जलाशय से आता है। कोड़ापार से थनौद तक खुली नहर की दूरी लगभग 25 किमी है। इतनी लंबी दूरी तक खुली नहर के माध्यम से छोड़ने पर काफी मात्रा में पानी का नुकसान हो जाता है। खुली नहर की वजह से पानी की वास्तविक क्षमता का इस्तेमाल नहीं हो पाता है। नवा रायपुर के लोगों को पानी की दिक्कत न हो और साथ ही पानी का नुकसान भी न हो इसके लिए प्राकृतिक नहर के स्थान पर पाईपलाइन के माध्यम से नहर का पानी नया रायपुर अटल नगर तक पहुंचाया जायेगा। पाइप लाइन बिछाने से कोड़ापार से थनौद तक की दूरी भी कम होगी और बिना किसी नुकसान से अपनी वास्तविक क्षमता में पानी थनौद तक पहुंचेगा। इस परियोजना के अमल में आने और पूर्ण हो जाने से भविष्य में शहर के नागरिकों को पेयजल से जुड़ी किसी भी समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा।

उद्यानों की रखरखाव व्यवस्था प्रभावी बनाने गुणवत्ता सुधार हेतु निगम में अभियंताओं की बैठक

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम रायपुर के मुख्यालय भवन में नगर निगम उद्यान विभाग के अभियंताओं की बैठक नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार अपर आयुक्त विनोद पाण्डेय, मुख्य अभियंता यू.के. धलेन्द्र, अधीक्षण अभियंता राजेश राठौर, कार्यपालन अभियंता डी.के. पैकरा, अंशुल शर्मा, सहायक अभियंता सोहन गुप्ता, नगर निगम के सभी जोन के उद्यान से संबंधित सहायक अभियंता, उपअभियंता की उपस्थिति में हुई। बैठक में अभियंताओं को उद्यानों के संधारण के लिए नियमित निरीक्षण करने और तय मापदंडों के अनुसार कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। निर्देशित किया गया कि सभी अभियंता नागरिकों की शिकायतों पर तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करें। उद्यानों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए रखरखाव में तय मानकों और दिशानिर्देशों का पालन किये जाने के निर्देश दिये गये है। निर्देशित किया गया है कि सभी अभियंतागण अपने क्षेत्र के उद्यानों का नियमित निरीक्षण करेंगे और वहां की व्यवस्थाओं की निगरानी करेंगे। नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने अभियंताओं को निर्देषित किया है कि शहर के उद्यान न केवल हमारे पर्यावरण की धरोहर हैं, बल्कि नागरिकों के मनोरंजन और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए भी महत्वपूर्ण हैं। सभी अभियंताओं को नियमित निरीक्षण के माध्यम से यह सुनिश्चित करना होगा कि उद्यानों की गुणवत्ता और रखरखाव में कोई कमी न हो। बैठक में मुख्य अभियंता यू. के. धलेन्द्र ने निर्देशित किया कि सभी अधिकारी सुनिश्चित करें कि उनके क्षेत्र के उद्यानों में तय मानकों का पालन हो।

नवाचार, अनुसंधान और स्टार्टअप पर विशेष ध्यान दें विश्वविद्यालय : रमेन डेका

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

राज्यपाल और कुलाध्यक्ष रमेन डेका ने सभी निजी विश्वविद्यालयों की समीक्षा बैठक लेकर उनकी शैक्षणिक गतिविधियों, नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन व अन्य कार्यों की समीक्षा की। राज्यपाल ने सभी विश्वविद्यालयों को निर्देशित किया कि नवाचार, अनुसंधान और स्टार्टअप पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने विश्वविद्यालयों को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के मापदंडों एवं नियमों के अनुरूप कार्य संचालन के निर्देश दिये। बैठक में उच्च शिक्षा विभाग के सचिव आर. प्रसन्ना, राज्यपाल के सचिव यशवंत कुमार, छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग के चेयरमेन बृजेश मिश्र, राज्यपाल की संयुक्त सचिव हिना अनिमेश नेताम और सभी निजी विश्वविद्यालयों के कुलपति उपस्थित थे। बैठक में राज्यपाल डेका ने कहा कि निजी विश्वविद्यालयों की शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका है। इन विश्वविद्यालयों को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के गाईडलाइन और शासन के नियमों का कड़ाई से पालन करना चाहिए। विश्वविद्यालयों में शिक्षा गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें, उनको व्यवसाय का संस्थान न बनाये। उन्होंने कहा कि निजी विश्वविद्यालयों के लिए लागू विनियमन को उन्हें मानना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा निजी विश्वविद्यालयों के लिए विनियामक आयोग का गठन बहुत अच्छी पहल है। राज्यपाल ने कहा कि रायपुर एजुकेशन हब के रूप में विकसित हो सकता है जिसके लिए सभी का प्रयास जरूरी है। डेका ने कहा कि विद्यार्थियों के हित में अकादमिक कैलेण्डर का पालन करें। उन्होंने नियमित शिक्षकों की नियुक्ति और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के मापदंडों के अनुरूप पात्र शिक्षकों को ही पी.एच.डी. के लिए गाइड नियुक्त करने संबंधी निर्देष दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि मापदंडों का पालन नहीं करने वाले, विश्वविद्यालय पीएचडी नहीं करा पायेंगे। उन्होंने सभी विश्वविद्यालयों से अब तक जितनी पी.एच.डी. डिग्री दी गई है उसकी जानकारी देने कहा। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय, स्थानीय व लघु उद्योगों से समन्वय कर विद्यार्थियों के कौशल विकास के लिए कार्य करें। विद्यार्थी, विनिमय कार्यक्रम के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने निर्देशित किया कि शिक्षकों का रिफ्रेशर कोर्स एवं प्रशिक्षण कराये, जिससे वे अपने विषयों में अपडेट रहें ताकि विद्यार्थी भी अध्ययन के प्रति आकर्षित हो और शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हो सके। साथ ही उच्च शिक्षा की गुणवत्ता सुधार के लिए अन्य विश्वविद्यालयों के साथ एम.ओ.यू. करें। लाइवलीहुड के लिए भी विश्वविद्यालय नवाचार करें। राज्यपाल ने कहा कि बैठक में जो निर्णय होते हैं उनका पालन अनिवार्य रूप से करें और अगली बैठक में प्रतिवेदन लेकर आये। उन्होंने हर तीन माह में समीक्षा करने की बात कहीं। उच्च शिक्षा विभाग के सचिव आर. प्रसन्ना ने कहा कि नई शिक्षा नीति को सही तरीके से लागू करने की जरूरत है।

ठाकुर प्यारेलाल सिंह की जयन्ती पर पुष्पांजलि कार्यक्रम

रायपुर। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ठाकुर प्यारेलाल सिंह की जयन्ती शनिवार को प्रातः 10.00 बजे छत्तीसगढ़ बुनकर सोसायटी जीई रोड रायपुर में स्थित प्रतिमा स्थल पर उनका सादर नमन करने रायपुर नगर पालिक निगम के संस्कृति विभाग के तत्वावधान में जोन क्रमांक 5 के सहयोग से पुष्पांजलि कार्यक्रम रखा गया है।

सरहरी बैराज के सर्वे कार्य के लिए 3.47 करोड़ रूपए स्वीकृत

रायपुर। राज्य शासन ने बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के विकासखंड कुसमी की सरहरी बैराज मध्यम परियोजना के सर्वेक्षण कार्य के लिए तीन करोड़ 47 लाख 17 हजार रूपए स्वीकृत किए है। सर्वेक्षण कार्य कराने के लिए मंत्रालय महानदी भवन से परियोजना के सर्वेक्षण कार्य को कराने के लिए मुख्य अभियंता हसदेव गंगा कछार जल संसाधन विभाग अम्बिकापुर को प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है।

रायपुर-अम्बिकापुर-बिलासपुर विमान सेवा छत्तीसगढ़ की एक और ऊँची उड़ान : किरण देव

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने रायपुर-अम्बिकापुर-बिलासपुर विमान सेवा के शुरू होने पर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त किया है। देव ने कहा कि सरगुजा को हवाई यात्रा सेवा से जोड़ने की मांग एक लम्बे अरसे से की जा रही थी, जिसे प्रदेश की संवेदनशील भाजपा सरकार ने साकार करके दिखाया है। यह छत्तीसगढ़ की एक और ऊँची उड़ान है और अम्बिकापुर समेत सरगुजा संभाग के आधा दर्जन जिलो इस हवाई यात्रा सुविधा से लाभान्वित होंगे। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में केन्द्र सरकार की रीजनल कनेक्टिविटी योजना के तहत गुरुवार को राजधानी के स्वामी विवेकानंद विमानतल में रायपुर-अम्बिकापुर-बिलासपुर विमान सेवा का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया गया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष देव ने कहा कि यह नई विमान सेवा न केवल इन शहरों के बीच की दूरी कम करेगी, बल्कि पर्यटन, व्यापार और रोजगार के नए अवसरों का निर्माण करेगी, साथ ही क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को एक नई ऊंचाई पर ले जाएगी। देव ने बताया कि अम्बिकापुर को रायपुर के अतिरिक्त वाराणसी, प्रयागराज, लखनऊ, दिल्ली एवं कोलकाता से जोड़ने का प्रयास जारी है। इन सेवाओं के विस्तार से इस क्षेत्र के विकास को और तेज़ी से बढ़ाने में सफलता मिलेगी। इस नई विमान सेवा के लिए प्रधानमंत्री मोदी का आभार मानते हुए देव ने समस्त प्रदेशवासियों को बधाई दी और कहा कि अंबिकापुर छत्तीसगढ़ राज्य के उत्तर पूर्वी क्षेत्र का प्राकृतिक एवं सांस्कृतिक सम्पदा से सम्पन्न एक महत्वपूर्ण शहर है। प्रधानमंत्री मोदी की सबका साथ सबका विकास परिकल्पना के अंतर्गत राज्य शासन ने अंबिकापुर के विकास में 79.9 करोड़ व्यय किया है।

प्रथम पृष्ठ का शेष : नक्सली मुद्दे पर सदन में हंगामा

जिसमें पुलिस नक्सली मुठभेड़ की 35 घटनाएं शामिल है। मुठभेड़ में पुलिस और सुरक्षाबल के 05 जवान शहीद, 34 जवान घायल हुए हैं। इस दौरान नक्सलियों ने 24 आम नागरिकों की हत्या की गई है। क्रास फायरिंग में कोई भी आम नागरिक नहीं मारा गया है। डिप्टी सीएम शर्मा ने बताया कि नक्सली घटनाओं और मुठभेडों में 76 नक्सली मारे गये और 338 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है। डॉ. महंत के प्रश्न का उत्तर देने खड़े हुए डिप्टी सीएम ने डॉ. महंत की तरफ से विधानसभा की पिछली बैठक में उठाए गए कुछ प्रश्नों का भी उल्लेख किया। तब डॉ. महंत ने भरमार बंदूकों की बरामदगी पर प्रश्न उठाया था। डिप्टी सीएम ने प्रश्न का उत्तर देने के दौरान उन बातों का उल्लेख करने लगे। इस पर विपक्षी सदस्यों ने आपत्ति की कहा कि प्रश्नकाल में मंत्री भाषण दे रहे हैं यह ठीक नहीं है। इस दौरान सदन में जमकर शोर शराबा हुआ।

प्रशासन गांव की ओर शासन की नई पहल, 24 दिसम्बर तक मनाया जाएगा सुशासन सप्ताह

पायनियर संवाददाता ◂ बलरामपुर
www.dailypioneer.com

जिले में कलेक्टर राजेन्द्र कटारा के मार्गदर्शन में सभी विकासखण्डों के ग्राम पंचायतों में सुशासन सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान आम नागरिकों और हितग्राहियों तक शासन की योजनाओं को पहुंचाने तथा लाभान्वित किया जा रहा है। इसी क्रम में जिले के सभी विकासखण्डों में सुशासन सप्ताह का शुभारंभ किया गया। साथ ही ग्राम पंचायतों में सुशासन सप्ताह के दौरान सफाई श्रमदान, अटल चौक की साफ-सफाई के साथ-साथ ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करने विकासखण्ड स्तरीय जनसमस्या समाधान शिविर का आयोजन भी किया जा रहा है। विकासखण्ड शंकरगढ़ के ग्राम पंचायत जगीमा में प्रशासन गांव की ओर के तहत समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें पहाड़ी कोरवा जनजाति समुदाय के समस्याओं जैसे मनरेगा के कार्य, प्रधानमंत्री आवास, स्वच्छता ,पेंशन, राजस्व विभाग से संबंधित समस्या एवं राशन कार्ड की समस्याओं का समाधान किया गया। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृत आवासों को प्रारंभ कराया गया। इस कार्यक्रम में ग्रामीणों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया और अपने समस्याओं के समाधान के लिए आवेदन भी प्रस्तुत किए। इस कार्यक्रम में एसडीएम आनंद राम नेताम, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत शंकरगढ़ संजय दुबे, तहसीलदार कार्यक्रम अधिकारी, समस्त अधिकारी कर्मचारी एवं ग्राम पंचायत सचिव, सरपंच ग्रामीणजन उपस्थित थे। ग्राम पंचायत जगीमा के कतरी कोना के पहाड़ी कोरवा जनजातिय समुदाय बस्ती में वृद्ध महिलाओं के लिए ठंड के बचाव हेतु एसडीएम एवं सीईओ के द्वारा कम्बल वितरण किया गया एवं पेंशन के संबंध में जानकारी ली। जनपद पंचायत वाड्रफनगर के ग्राम पंचायत गोवर्धनपुर में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत स्वीकृत सभी आवास को अति शीघ्र प्रारंभ करने हेतु जन चौपाल का आयोजन किया गया तथा हितग्राहियों आवास प्रारंभ कर जल्द पूर्ण करने हेतु प्रेरित किया गया। विकासखण्ड राजपुर के ग्राम पंचायतों के चौक-चौराहों, सार्वजनिक स्थलों, आंगनबाड़ी केन्द्रों, का सामुहिक श्रमदान कर साफ-सफाई भी किया गया। इस दौरान उपस्थित सभी लोगों ने स्वच्छता ही सेवा का संकल्प भी लिया। ग्राम पंचायत झिंगो में विकासखण्ड स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया।

बारिश की संभावना को देखते हुए धान बचाव की सुरक्षा का पुख्ता इंतज़ाम करें : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता ◂ महासमुंद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने बारिश की संभावना को देखते हुए समर्थन मूल्य पर खरीदे जा रहे धान की समुचित सुरक्षा के उपाय करने कहा है। धान खरीदी के निरीक्षण हेतु नियुक्त समस्त नोडल अधिकारी अपने-अपने धान खरीदी केंद्रों में बारिश से धान के बचाव की समुचित व्यवस्था करें और जानकारी लेते रहे। उन्होंने प्राप्त जानकारी अपने क्षेत्र के अनुविभागीय दंडाधिकारी को प्रेषित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला पंजीयक सहकारी समिति, धान खरीदी नोडल अधिकारियों को उपार्जन केन्द्रों का सतत निरीक्षण करने और बारिश से धान की सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर लंगेह ने ज़िले के सभी अनुविभागीय दंडाधिकारी, धान खरीदी केंद्रों के लिए नियुक्त नोडल अधिकारियों को धान खरीदी केंद्र में जाकर बारिश से समुचित बचाव की व्यवस्था की रिपोर्ट प्राप्त करने और जहां आवश्यकता है, आवश्यक व्यवस्था भी सुनिश्चित कराने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सभी उपार्जन केन्द्रों में धान की स्टेकिंग बारिश से बचाव के लिए उचित तरीके से ढका हुआ हो, यह सुनिश्चित करें। किसी भी स्थिति में धान खराब न हो। सभी उपार्जन केन्द्रों में तिरपाल से धान के स्टेकिंग ढका रहे, इसका ध्यान रखे। किसी भी केंद्र में अव्यवस्था दिखे तो तत्काल दुरुस्त करवाते हुए जिला कार्यालय को सूचित करे। साथ ही नियंत्रण कक्ष के माध्यम से भी रिपोर्ट एकत्रित करवाएं।

20 Dec. 2024 Pride Of Raipur

K.K. Solar
We Provide Sale & Service in All Type of Solar Power Plant & Solar Water Heater.
WARRANTY
• 25 Years in Solar Pannel • 10 Years in Inverter
• 04 Unit Per Day Generation in 1KW.
• Finance Facility Available.
• We Provide AMC.
• System Available In Govenment Subsidy (PM Surya Ghar Yojana).
Add. : Near Gurunanak Hall, Shyam Nagar, Telebandha, Raipur (C.G.)
Mob. : 79995-86149, 9893181871
रायपुर जिले के लिये लड़कों-लड़कियों की आवश्यकता है

माली चाहिए
फार्म हाऊस हेतु
पिरदा, रायपुर स्थित 4 एकड़ फार्म हाउस के लिए अनुभवी कृषक परिवार की आवश्यकता है जो फॉर्म में लगे फलों के पौधों का रखरखाव और सब्जी लगाने में जानकार हो साथ ही गार्डन साफ-सफाई करने में सक्षम हो, रहने की सुविधा उपलब्ध।
संपर्क : 8435034111

TENSILE SHADE
WE PERSENT ONLY THE BEST
CAR PARK SHADE
WEATHER PROTECTION
tensile + membrane + structure
R.B.Plus RAIPUR 81091 11313 86028 11220

भामरा गार्डन
सिरपुर-बारनवापारा
Book Now
KITTY PARTY
ANNIVERSARY
BIRTHDAY PARTY
9589386162, 7354929810

RIDERZONE
SINCE 2017
• हेलमेट • राइडिंग जैकेट • राइडिंग ग्लव्स
• राइडिंग पैंट • राइडिंग जूता • एसेसरीज
A Complete Riding Gear Store
श्याम नगर, रायपुर (छ.ग.)
CONTCAT - 80162-38584

होमलोन व मार्डगेज लोन
10 लाख से 10 करोड़ तक
राष्ट्रीयकृत एवं प्रतिष्ठित बैंक द्वारा
होम लोन ब्याज दर मात्र 8.70%*
मार्डगेज लोन ब्याज दर मात्र 9.50%*
वर्तमान होमलोन को ट्रांसफर करायें कम ब्याज दर पर 8.70%
पायें उतना ही अतिरिक्त लोन, होम लोन दर पर 8.70%*
SHRI SIDDHI VINAYAK FINACE
Near Samudayik Bhawan, Jorapara, Raipur
Mob.: 9329002356
नोट - बैंकिंग एवं फायनेंस सेक्टर में कार्य करने हेतु अनुभवी तड़कों की आवश्कता है।

जय श्री कृष्णा
अंकित बाउण्ड्रीवॉल
प्रीकास्ट, चैनलिंक जाली, पोल फेंसिंग
अब आपके बेशकीमती प्लाट को सुरक्षित रखना हुआ आसान
प्रिकास्ट, ब्रिक्स बाउण्ड्रीवाल, डी.पी. सी पोल फेसिंग करवाने हेतु संपर्क करें ।
V.I.P. रोड रायपुर
98279-59655

क्या आपके यहां बार - बार चोरी हो रही है ?
तो ब्रांडेड कैमरे ही लगवायें
हम सामान ही नही, सर्विस भी अच्छी देते है
शहर से बाहर गोडाउन, घर एवं शॉप को मोबाईल पर लाईब देखें
क्या आप सस्ते कैमरे लगवाकर नाखुश है ?
सेल्स एण्ड सर्विस के लिए संपर्क करें -
लक्ष्मी सिक्यूरिटी सिस्टम
91652-22223, 93292-94567

Cartridge Refilling
Refiling @ Your Door Step
JB Mall, Lower Ground Floor, M.G. Road, Raipur (C.G.)
Callaway Print Your Omagination With Us..
9302787900, 9425211789

विज्ञापन के लिये संपर्क करें : 9827146567, 9329846567

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403